डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 06.03.2023 से 12.03.2023 ▶ वर्ष-40 ▶ अंक-10 ▶ मूल्य ₹ 10.00

**मध्यप्रदेश का बजट 2023-24**

## मध्यप्रदेश में लाड़ली बहना योजना के लिये आठ हजार करोड़ रुपये का प्रावधान

**वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट प्रस्तुत किया। श्री देवड़ा ने बजट भाषण में कहा कि हमारी सरकार का यह निरंतर प्रयास रहा है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की धारा से जोड़ा जाये। सरकार ने महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, स्वास्थ्य एवं पोषण के स्तर में सुधार के लिये लाड़ली बहना योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के लिये बजट में 8 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, वहीं युवाओं को कौशल सम्पन्न बनाने के लिये भोपाल के ग्लोबल स्किल पार्क की तर्ज पर ग्वालियर, जबलपुर, सागर और रीवा में भी स्किल सेंटर प्रारंभ किये जायेंगे। इसके अलावा सरकार मुख्यमंत्री कौशल एप्रेन्टिसशिप योजना भी प्रारंभ करने जा रही है। इस योजना के लिये बजट में एक हजार करोड़ रुपये प्रावधानित हैं। सरकार ने स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने के लिये बजट में 38 हजार 375 करोड़ रुपये रखे हैं। आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिये मध्यप्रदेश में अब तक 362 हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर प्रारंभ किये गये हैं, जबकि 200 नये सेंटर खोले जायेंगे। वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा दिये गये बजट भाषण के संपादित अंश 'रोज़गार और निर्माण' में प्रकाशित किये जा रहे हैं -**



वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में मध्यप्रदेश का बजट पेश किया।

**भोपाल,** वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार का बजट अमृत काल में प्रदेश में समृद्धि, खुशहाली एवं विकास के नये आयाम स्थापित करेगा। इस बजट का लक्ष्य महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीब वर्ग, आम जनता को नई शक्ति, नई दिशा और विश्वास देना है। मुझे यह अवगत कराते हुये प्रसन्नता है कि कुशल वित्तीय प्रबंधन से राजस्व आधिक्य की स्थिति रही है एवं राजकोषीय घाटा भी निर्धारित सीमा में रहा है। बजट प्रस्तावों में कोई नये कर का प्रस्ताव नहीं है, समुचित राहत दी गई है।

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2022-23 में अग्रिम अनुमानों के अनुसार प्रचलित भावों पर 16.43 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। देश के सकल घरेलू उत्पाद में हमारे प्रदेश का योगदान विगत दस वर्षों में 3.6 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

श्री देवड़ा ने कहा कि नारी के सशक्त होने पर परिवार सशक्त होता है, परिवार के सशक्त होने पर प्रदेश सशक्त होता है और प्रदेश के सशक्त होने पर राष्ट्र सशक्त होता है। राज्य सरकार की मंशा है कि नारी, परिवार में नेतृत्व तथा निर्णय लेने की भूमिका में आये।

माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में वर्ष 2007 से आरंभ लाड़ली लक्ष्मी योजना में अब तक 44 लाख 39 हजार से अधिक बालिकाएं लाभान्वित हुई हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 929 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है।

- **प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश पहले स्थान पर।**
- **योजना के तहत 33 लाख हितग्राहियों का किया गया पंजीयन।**
- **योजना के लिये बजट में 467 करोड़ रुपये का प्रावधान।**

प्रदेश के समस्त 52 जिलों की 84 हजार 465 आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं 14 हजार 670 मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से किशोरी बालिकाओं एवं अन्य महिलाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी व्यवहारों को बढ़ावा देने एवं जागरूक करने के उद्देश्य से उदिता कार्यक्रम संचालित है।

राज्य सरकार, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य में महिला स्व-सहायता समूहों के 47 लाख से अधिक सदस्यों ने न केवल अपने स्वयं के लिये आर्थिक विकास किया है बल्कि राज्य के विकास में भी योगदान दिया है। इन समूहों को 5 हजार 84 करोड़ रुपये से अधिक का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही 3 लाख रुपये तक के बैंक ऋण पर 2 प्रतिशत का अतिरिक्त ब्याज अनुदान का भार राज्य शासन द्वारा वहन करने का निर्णय लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजनांतर्गत 660 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है।

प्रसूति सहायता योजना में 400 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में 929 करोड़ रुपये, कन्या विवाह एवं निकाह योजना में 80 करोड़ रुपये, लाड़ली बहना योजना में 8 हजार करोड़ रुपये, विभिन्न सामाजिक पेंशनों में 3 हजार 525 करोड़ रुपये को सम्मिलित करते हुये महिलाओं के लिये वर्ष 2023-24 में कुल 1 लाख 2 हजार 976 करोड़ रुपये के प्रावधान प्रस्तावित हैं, जो कि वर्ष 2022-23 से लगभग 22 प्रतिशत अधिक है। नारी कल्याण के लिये बजट में प्रस्तावित उल्लेखनीय प्रावधान हमारी सरकार की महिलाओं के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाती है।

वित्त मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश केWW समस्त जिलों में निजी क्षेत्र में रोज़गार उपलब्ध कराने हेतु 432 रोज़गार मेलों का आयोजन किया। इन मेलों में 40 हजार 45 आवेदकों को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इस वर्ष मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुद्रा योजना एवं अन्य स्वरोज़गार योजनाओं में 46 लाख 58 हजार से अधिक आवेदकों को बैंकों के माध्यम से 30 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण स्वीकृत कराया गया है।

**शेष पृष्ठ 14 पर**

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

**अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन**

## भारतीय चेतना का मूल स्वर रही है धर्म-धम्म की अवधारणा- राष्ट्रपति



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान।

**भोपाल,** मानवता के दुख के कारण का बोध कराना और उस दुख को दूर करने का मार्ग दिखाना, पूर्व के मानववाद की विशेषता है, जो आज के युग में और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। धर्म-धम्म की अवधारणा भारतीय चेतना का मूल स्वर रही है। धर्म की आधारशिला पर ही पूरी मानवता टिकी हुई है। राग और द्वेष से मुक्त होकर मैत्री, करुणा और अहिंसा की भावना से व्यक्ति और समाज का विकास करना, पूर्व के मानववाद का प्रमुख संदेश रहा है। नैतिकता पर आधारित व्यक्तिगत आचरण और समाज व्यवस्था पूर्व के मानववाद का ही व्यावहारिक रूप है। नैतिकता पर आधारित इस व्यवस्था को बचाए रखना और मजबूत करना हर व्यक्ति का कर्तव्य माना गया है। धर्म-धम्म की हमारी परंपरा में 'सर्वे भवंतु सुखिन:' की प्रार्थना हमारे जीवन का हिस्सा रही है। ये विचार राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने भोपाल में आयोजित 7वें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन में व्यक्त किये।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने धर्म-धम्म सम्मेलन के लिए राज्य सरकार, सांची विश्वविद्यालय और इंडिया फाउंडेशन की सराहना की। राष्ट्रपति ने स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे का स्मरण करते हुए कहा कि इस सभागार को कुशाभाऊ ठाकरे का नाम दिया गया है। जन-सेवा के कार्य में धर्म-धम्म के आदर्शों के अनुरूप नि:स्वार्थ और संपूर्ण समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत करने वाले ठाकरे जी का स्मरण सभी को नैतिकता, धर्म और सेवाभाव से जोड़ता है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सांची विश्वविद्यालय की स्थापना प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। यहां भारतीय ज्ञान और बौद्ध दर्शन के अध्ययन के अवसर सृजित होंगे। पूर्व के मानववाद का मूल चिंतन है कि एक ही चेतना समस्त जड़ और चेतन में विद्वान हैं, सारी धरती एक ही परिवार है। हमारे यहां जिओ और जीने दो और 'धर्म की जय हो-अधर्म का नाश हो-प्राणियों में सद्भाव हो और विश्व का कल्याण हो' का विचार सर्वत्र व्याप्त है। भारतीय संस्कृति में पशु-पक्षियों, नदियों, वृक्षों और पहाड़ों को भी पूजा गया है।

## समाज के हर वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखने वाला है बजट - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश का वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट समाज के हर वर्ग के कल्याण का बजट है। गरीब-कल्याण हमारा संकल्प है। किसानों की आय बढ़ाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन सब बिन्दुओं का ध्यान इस बजट में रखा गया है। यह सर्वसमावेशी और सर्वस्पर्शी बजट, सही मायने में जनता का बजट है। प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प की पूर्ति के लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में यह बजट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और प्रधानमंत्री के सपनों के अनुरूप एक वैभवशाली, गौरवशाली, सम्पन्न, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश अपना अमूल्य योगदान देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट के लिए जनता की ओर से भी सुझाव आमंत्रित किए गए थे, जिसमें 4 हजार से अधिक सुझाव आए। प्रधानमंत्री ने जनता की जिन्दगी बदलने का संकल्प लिया है। यह उस संकल्प को पूरा करने का बजट है, इससे नई आशा और विश्वास जागेगा।

श्री चौहान ने कहा कि संतुलित बजट में अधोसंरचना के लिए 56 हजार 256 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले बजट से 15 प्रतिशत अधिक है। साथ ही जनकल्याण तथा महिलाओं की बेहतरी पर केन्द्रित प्रावधान भी बजट में निहित हैं। मां-बहन और बेटी की बेहतरी के लिए एक लाख 02 हजार 976 करोड़ रुपये का प्रावधान महिला कल्याण की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में मुख्यमंत्री कौशल एप्रेंटिसशिप योजना के लिए 1000 करोड़ रुपये के प्रावधान से एक लाख युवाओं को लाभ मिलेगा। रोज़गार के लिए एक लाख से अधिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। साथ ही स्व-रोज़गार की मुख्यमंत्री युवा उद्यम क्रांति योजना में पर्याप्त प्रावधान किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)




## 25 फरवरी

### रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के प्रस्ताव पर भारत ने वोटिंग से बनाई दूरी

● रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को एक वर्ष पूरे हो गए हैं। इस युद्ध को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पेश किया गया। भारत ने इस प्रस्ताव पर हुए मतदान पर दूरी बनाई। इस प्रस्ताव के समर्थन में 141 देशों ने मतदान किया, जबकि रूस सहित सात देशों ने इसका विरोध किया। भारत के अलावा चीन और पाकिस्तान सहित 32 देश मतदान से दूर (अनुपस्थित) रहे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि उसने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पेश प्रस्ताव में कुछ बिंदुओं पर सीमाएं तय किये जाने वाले प्रावधानों के कारण मतदान में हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि यूक्रेन में स्थायी शांति के लिए दोनों पक्ष यानी रूस और यूक्रेन की उचित बातों को महत्व दिया जाना चाहिए।

● स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के आवेदन के लिए विद्यार्थियों को होने वाली परेशानी से बचाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर में हेल्प सेंटर खोलने का निर्णय लिया है। इन हेल्प सेंटर्स में विद्यार्थी नि:शुल्क सीयूईटी परीक्षा के फॉर्म भर सकेंगे। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने बताया कि इन हेल्प सेंटर्स पर एक टेक्निकल स्टाफ होगा, जो विद्यार्थियों की मदद करेगा।

## 26 फरवरी

### सीबीएसई ने विद्यार्थियों के लिए लॉन्च किया रीडिंग एप

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने विद्यार्थियों में पुस्तक पढ़ने की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से एक रीडिंग एप लॉन्च किया है। इस एप का नाम सीबीएसई रीडिंग एप है। इस एप का गूगल प्ले स्टोर और एप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप के जरिए विद्यार्थी ऑनलाइन किताबें पढ़ सकते हैं। सीबीएसई ने कहा कि उससे संबद्ध स्कूलों के नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थी अब कहानियों और बाल साहित्य को ऑडियो-वीडियो के माध्यम से पढ़ सकेंगे। इस एप के माध्यम से बच्चों, शिक्षकों और स्कूलों की एक डिजिटल लाइब्रेरी तक पहुंच होगी।

● भारतीय वायुसेना ब्रिटेन में आयोजित होने वाले सैन्य अभ्यास कोबरा वॉरियर में हिस्सा लेगी। इस सैन्य अभ्यास का आयोजन 6 मार्च से 24 मार्च तक ब्रिटेन के रॉयल एयर फोर्स के वैडिंगटन वायुसेना बेस में होगा। भारतीय वायुसेना इस सैन्य अभ्यास के लिए पांच मिराज-2000 लड़ाकू विमान, दो सी-17 ग्लोबमास्टर-3 और एक आईएल-78 मिड एयर रियूलर विमान उतारेगी। इसके अलावा इस सैन्य अभ्यास में 145 भारतीय वायु सैनिक भी हिस्सा लेंगे। इस अभ्यास में ब्रिटेन और भारत के अलावा फिनलैंड, स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और सिंगापुर की वायुसेना भी शामिल होंगी।

## 27 फरवरी

### स्कूल बोर्ड के मूल्यांकन में एकरूपता लाएगा 'परख'

● भारत का पहला राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक 'परख' देशभर के 60 से ज्यादा स्कूल बोर्ड द्वारा किये जाने वाले मूल्यांकन में एकरूपता लाएगा। यह जानकारी राष्ट्रीय परीक्षण सेवा (ईटीएस) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री अमित सेवक ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा ईटीएस को नियामक मंच स्थापित करने के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि समग्र विकास के लिए कार्य प्रदर्शन आकलन, समीक्षा और ज्ञान का विश्लेषण (परफॉरमेंस असेसमेंट, रिव्यू एंड एनालिसिस ऑफ नॉलेज फॉर हालिस्टिक डेवलपमेंट-परख) देशभर में सभी मान्यता प्राप्त स्कूल बोर्ड्स के विद्यार्थियों के मूल्यांकन के लिए मानदंड, मानक और दिशानिर्देश स्थापित करने पर काम करेगा।

● अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दावेदार निक्की हेली ने कहा है कि अगर वे राष्ट्रपति चुनाव जीतती हैं तो वे अमेरिका से नफरत करने वाले देशों को दी जा रही आर्थिक मदद बंद कर देंगी। हेली ने कहा कि अमेरिका ने पिछले साल विदेशी सहायता पर 46 अरब डॉलर खर्च किए हैं, जो चीन, पाकिस्तान और इराक जैसे देशों को दिए गए हैं। हम चीन को पर्यावरण कार्यक्रमों के लिए धनराशि उपलब्ध कराते हैं, जबकि अमेरिका के लिए चीन बड़ा खतरा है। उन्होंने जो बाइडेन प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि बाइडेन प्रशासन ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता फिर से शुरू की है, जबकि पाकिस्तान कई आतंकी संगठनों का घर है।

## 28 फरवरी

### नेपाल में फिर गहराया राजनीतिक संकट

● नेपाल में एक बार फिर राजनीतिक संकट गहराने लगा है। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएन-यूएमएल ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की सरकार से समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। इस फैसले के बाद प्रचंड सरकार में शामिल सीपीएन-यूएमएल के



सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। माना जा रहा है कि सीपीएन-यूएमएल के समर्थन वापसी के निर्णय से प्रचंड सरकार को कोई खतरा नहीं है। प्रचंड सरकार को पहले ही नेपाली कांग्रेस के 89 सांसदों का समर्थन हासिल है, इसके अलावा 20 सांसदों वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने भी सरकार को बाहर से समर्थन जारी रखने की घोषणा की है। कुल मिलाकर प्रचंड सरकार के पास 141 सांसदों का समर्थन है, जो बहुमत से तीन ज्यादा है।

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत उच्च पेंशन स्कीम के लिए आवेदन करने की समयसीमा बढ़ा दी है। पहले यह समयसीमा 3 मार्च थी, जो अब बढ़कर 3 मई 2023 हो गई है। ईपीएफओ ने कहा कि सदस्य अपने नियोक्ताओं के साथ संयुक्त रूप से 3 मई, 2023 तक अधिक पेंशन का विकल्प चुनकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सेवानिवृत्ति कोष संगठन के एकीकृत सदस्य पोर्टल पर आवेदन करना होगा।

## 1 मार्च

### एनएमसी ने तैयार किया नीट यूजी परीक्षा में बदलाव का ड्रॉफ्ट

● चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली नीट यूजी परीक्षा में बड़ा बदलाव हो सकता है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने नीट परीक्षा के आयोजन में बदलाव को लेकर एक ड्रॉफ्ट तैयार किया है। इस ड्रॉफ्ट के अनुसार नीट परीक्षा एनएमसी या किसी अन्य अथॉरिटी से कराने का प्रस्ताव रखा है। अभी नीट परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा किया जाता है। नए प्रस्ताव के तहत विद्यार्थी को एमबीबीएस का पूरा कोर्स को अधिकतम नौ वर्ष में पूरा करना होगा। पहले वर्ष को पास करने के लिए विद्यार्थियों को पूर्व निर्धारित अधिकतम चार अटैम्प मिलेंगे। इसके अलावा नीट यूजी परीक्षा में नंबर टाई होने की स्थिति में लॉटरी के जरिए फैसला लिया जायेगा।

● जल्द ही देश के प्रत्येक शहर के 150 किलोमीटर के दायरे में पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्र स्थापित किये जायेंगे। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने जयपुर में पहले वाहन स्क्रैपिंग केंद्र का उद्घाटन करते हुए दी। उन्होंने कहा कि भारत दक्षिण एशिया में वाहन स्क्रैपिंग का हब बन सकता है। हमने जो स्क्रैपिंग नीति तैयार की है वह सभी पक्षों के लिए फायदेमंद है। स्क्रैपिंग नीति के कारण ऑटो क्षेत्र में नई मांग उभरेगी। श्री गडकरी ने बताया कि इस वाहन स्क्रैपिंग केंद्र में हर वर्ष 15 हजार वाहन स्क्रैप होंगे।

## 2 मार्च

### केंद्र सरकार ने तीन प्रशिक्षण जहाज और 70 विमान की खरीदी को दी मंजूरी

● भारतीय नौसेना के लिए तीन कैडेट प्रशिक्षण जहाज और भारतीय वायु सेना के लिए 70 एचटीटी-40 विमान की खरीदी को मंजूरी प्रदान की गई है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने खरीद श्रेणी (भारतीय स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) के तहत 3108.9 करोड़ रुपये की लागत के तीन कैडेट प्रशिक्षण जहाजों के लिए लार्सन एंड टूब्रो कंपनी के साथ करार किया है। इन जहाजों की सुपुर्दगी वर्ष 2026 से शुरू हो जाएगी। इसके अलावा भारतीय वायुसेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट्स की खरीदी को मंजूरी प्रदान की गई है। इन एयरक्राफ्ट्स की कुल लागत 6828.36 करोड़ रुपये आयेगी।

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक अभ्यास एप शुरू किया है। इस एप में विद्यार्थी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से मॉक टेस्ट दे सकते हैं। इसके अलावा इससे विद्यार्थी को यह जानकारी मिल जाती है कि उसका कमजोर पक्ष कौन-सा है और उसे कहां सुधार करने की जरूरत है। एनटीए ने कहा कि अभ्यास में रियल टाइम एनालिटिक्स, रियल टाइम पर्सनालाइज्ड रिपोर्ट्स और रियल एग्जाम लेवल मॉक टेस्ट जैसी सुविधाएं मौजूद हैं।

## 3 मार्च

### भारत और इटली के बीच स्थापित होगा स्टार्टअप ब्रिज

● भारत और इटली ने अपने द्विपक्षीय संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने पर स्टार्टअप ब्रिज शुरू करने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच में हुई दिल्ली में हुई मुलाकात के दौरान यह फैसला लिया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत और इटली अब रक्षा से लेकर उर्जा क्षेत्र में नया इतिहास रचेंगे। उन्होंने कहा कि हमने इटली के साथ अक्षय उर्जा, हरित हाइड्रोजन, सूचना और प्रोद्यौगिकी, सेमीकंडक्टर, दूरसंचार और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया है। स्टार्टअप ब्रिज दोनों देशों की स्टार्टअप कंपनियों के बीच सहयोग बढ़ाएगा।

● अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की मदद से अपने अंतरिक्ष यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना किया है। नासा ने बताया कि स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट से चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजा गया है। ये स्पेसएक्स की छठवीं ऑपरेशनल क्रू लाइट है। इसमें अमेरिका के दो, रूस और संयुक्त अरब अमीरात के एक-एक अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। ये अंतरिक्ष यात्री छह महीने तक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रहेंगे और हार्ट मसल टिशू, माइक्रोग्रैविटी में ह्यूमन सेल और टिशू को प्रिंट करने में सक्षम बायोप्रिंटर की टेस्टिंग करेंगे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार


साप्ताहिक
## रोज़गार और निर्माण

### में विज्ञापन के लिए दरें

### टैरिफ

| क्रमांक | ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (Sq Per cm) | रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (Sq Per cm) |
|---|---|---|
| 1. डीएवीपी (DAVP) रेट | 13.36 | 18.70 |
| 2. कॉन्ट्रैक्ट रेट | 70.00 | 98.00 |
| 3. कमर्शियल रेट | 80.00 | 112.00 |

### फुल पेज का आकार

चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर



संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in

नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।



वर्ष 40, अंक 10 06.03.2023 से 12.03.2023

रोज़गार और निर्माण

rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :- **रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011** फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com** रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# हलमा की परंपरा पूरे मध्यप्रदेश में होगी विस्तारित

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हमारे झाबुआ और अलीराजपुर जिले की हलमा परंपरा अद्भुत है। जनजातीय भाई-बहनों द्वारा सहभागिता की यह परंपरा आज दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से बचा सकती है। इस परंपरा से दुनिया को सीखना चाहिये। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी कहते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग से दुनिया को बचाना है तो अकेले सरकार नहीं बचा सकती। हलमा जैसी परंपरा में सरकार और समाज मिलकर खड़े हो जायें तो हम दुनिया को बचाने का संदेश हलमा से दे सकते हैं। हलमा हमको सिखाता है कि कैसे हम मेहनत करें और जनता की भावना के साथ सरकार के साथ मिलाकर काम को आसान बनाया जाये। मुख्यमंत्री झाबुआ जिले के हाथीपाव पहाड़ी पर हलमा उत्सव और विकास यात्रा के समापन समारोह में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आज यहां हलमा उत्सव में आये सभी परमार्थियों का स्वागत और अभिनंदन करने आया हूं। उन्होंने शिवगंगा परिवार को हलमा की अद्भुत परंपरा को पुनर्जीवित करने और प्रतिष्ठा प्रदान करने के लिये बधाई और साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हलमा ऐसी परंपरा है, जिससे हम प्रकृति को ग्लोबल वार्मिंग से बचा सकते हैं। उन्होंने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि हाथीपाव की पहाड़ी से यह अलख गांव-गांव पहुंच रही है। उन्होंने वनवासी समाज से आग्रह किया कि वे इस महान परंपरा को सतत बनाये रखें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार और समाज मिलकर खड़े हो जायें तो समूचा परिदृश्य बदल सकता है। समाज के संकल्प को सरकार के संसाधन मिलेंगे तो हम एक नया परिदृश्य निर्मित कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनवासी समाज की हलमा परंपरा अद्वितीय है। यह संकट में खड़े मनुष्य की सहायता का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि इस परंपरा को समूचे मध्यप्रदेश में विस्तारित करते हुये जल, मिट्टी और पर्यावरण संरक्षण का कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों को इस आशय का संकल्प भी दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की तस्वीर बदल दी है। केंद्र और राज्य की सरकार गरीब कल्याण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व को प्रणाम करता हूं, जिन्होंने जनजातीय कल्याण के लिये कोई कसर शेष नहीं छोड़ी है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमुदाय को शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिकाधिक सहयोग कर जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने का संकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में जनजातीय भाई-बहनों को पेसा नियम के प्रावधानों से अवगत कराने शिक्षक की भांति पढ़ाया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज को अधिकार संपन्न बनाने में पेसा नियम की अहम् भूमिका रहेगी। प्रदेश में जनजातीय अंचल में धर्म परिवर्तन का कुचक्र चलने नहीं दिया जायेगा। छल-कपट से जनजातियों की जमीन छीनने की कोशिश को सख्ती से नकारा जायेगा। उन्होंने कहा कि पेसा नियम में तेंदूपत्ता संग्रहण का अधिकार ग्रामसभाओं को दिया गया है। यह व्यवस्था इसलिये की गई है कि जिससे गांव का तेंदूपत्ता गांव में ही टूटे और संग्रहण एवं विक्रय का अधिकार भी गांव में ही रहे। राज्य सरकार तेंदूपत्ता तुड़वाने की मजदूरी भी देगी और उसकी मार्केटिंग के लिये ग्रामसभाओं को आवश्यक संरक्षण और प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।

## मशरूम खाने से बढ़ती है दिमाग की क्षमता

मशरूम मनुष्य के खान-पान में उपयोग किया जाने वाला एक आम खाद्य पदार्थ है। मशरूम में अनेक गुण हैं। यह मानव शरीर के लिये एक उपयोगी खाद्य पदार्थ है। मशरूम के संबंध में हुये अध्ययन में यह बात सामने आयी है कि मशरूम खाने से इंसान की याददाश्त अच्छी हो सकती है। मस्तिष्क की कोशिकाओं के विकास के लिये मशरूम बहुत ही कारगर है। ऑस्ट्रेलिया में स्थित क्वींसलैंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने लायन मेन नामक मशरूम में एक ऐसे सक्रिय यौगिक की खोज की है, जिससे लोगों की याद रखने की क्षमता बढ़ सकेगी। प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर फ्रेडरिक मेयुनियर ने बताया कि मशरूम का परीक्षण करने पर एक सक्रिय यौगिक मिला, जिसकी पहचान हेरिकियम ऐरिनेसस के रूप में हुई। वैज्ञानिक यह जानना चाहते थे कि इसका मस्तिष्क पर क्या असर पड़ता है। इसलिये एक परीक्षण किया गया और मशरूम के हेरिकियम ऐरिनेसस यौगिक को अलग करने उसकी जांच की गई। तब यह सामने आया कि मशरूम खाने से याददाश्त अच्छी होती है। मशरूम में मौजूद तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। इससे सर्दी-जुकाम जल्दी नहीं होगा। साथ ही मशरूम में मौजूद सेलेनियम इम्यून सिस्टम के रिस्पांस को बेहतर करता है। विटामिन-डी के लिये भी इसे बेहद अच्छा माना जाता है। शरीर की आवश्यकता का 20 प्रतिशत विटामिन-डी इससे मिलता है। मशरूम में बहुत कम मात्रा में कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जिससे वह वजन और ब्लड शुगर को बढ़ने नहीं देता और क्वींसलैंड विश्वविद्यालय के डॉक्टर मार्टिनेज मारमोल ने बताया कि यह खोज बहुत अलग है। हमारा विचार प्राकृतिक स्रोतों से बायोएक्टिव यौगिकों की पहचान करना था, जो मस्तिष्क तक पहुंच सकते हैं। इस यौगिक में देखा गया कि ये न्यूरॉन्स के विकास को नियंत्रित कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्मृति में सुधार होता है। वहीं इससे अल्जाइमर रोग जैसे न्यूरोडीजेनेरेटिव विकारों का इलाज कर सकते हैं। यह काफी समय से एशियाई देशों में पारंपरिक चिकित्सा के रूप में उपयोग किये जा रहे हैं।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस | 8 मार्च

# सशक्त महिलायें समाज को बनाती हैं समृद्ध

महिलाओं के सशक्तिकरण और उनको समाज में उनका वाजिब हक दिलवाने के लिए उनका राजनैतिक और सामाजिक उन्नयन बेहद जरूरी है और इसी एक बड़े ध्येय के लिए विश्व में संयुक्त राष्ट्र की पहल पर प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों को सराहने और उनकी कठिनाईयां के समाधान के प्रति सचेष्ट रहने के लिए महिला दिवस को उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा राजनीतिक और मानव अधिकार की विषयवस्तु के साथ महिलाओं के राजनीतिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए मनाया जाता है। कुछ लोग बैंगनी रंग के रिबन पहनकर इस दिन का उत्सव मनाते हैं। सबसे पहला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, न्यूयॉर्क शहर में वर्ष 1909 में एक समाजवादी राजनीतिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया था। वर्ष 1917 में सोवियत संघ ने इस दिन को एक राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया था और इसका अन्य देशों ने भी अनुकरण किया और इसे अब कई पूर्वी देशों में भी मनाया जाता है। यह बात भी गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को प्रदर्शित करने वाले रंग भी होते हैं - यह रंग बैंगनी, हरा और सफेद हैं। यह तीनों अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के घोषित रंग हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कैंपेन के संचालकों के मुताबिक, "बैंगनी रंग न्याय और गरिमा का सूचक है। हरा रंग उम्मीद का रंग है। सफेद रंग को शुद्धता का सूचक माना गया है।'' ये तीनों रंग वर्ष 1908 में ब्रिटेन की वीमेंस सोशल एंड पॉलिटिकल यूनियन (डब्ल्यूएसपीयू) ने तय किए थे। रूस में आठ मार्च के आसपास तीन चार दिनों में फूलों की बिक्री दोगुनी हो जाती है। चीन में स्टेट काउंसिल की सलाह के मुताबिक, आठ मार्च को महिलाओं को आधे दिन की छुट्टी मिलती है, हालांकि सभी नियोक्ता इसका ठीक से पालन नहीं करते हैं। इटली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लोग एक-दूसरे को छुई-मुई का फूल देते हैं। इस परम्परा के शुरू होने की वजह तो स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह माना जाता है कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद रोम में इस चलन की शुरुआत हुई। अमेरिका में 'मार्च' महिला इतिहास का महीना होता है। हर साल जारी होने वाली घोषणा के जरिए राष्ट्रपति अमेरिकी महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करते हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों से कोरोना संक्रमण को देखते हुए दुनियाभर में ज्यादा से ज्यादा वर्चुअल आयोजन हुए हैं।

### महिलाओं का समग्र विकास समाज और सरकार का दायित्व है

आठ मार्च का दिन दुनिया में महिलाओं के सम्मान, समानता, सुरक्षा, सहभागिता, सशक्तिकरण और नेतृत्व विकास के लिये जाना जाता है। जब तक हमारे समाज में महिलाओं के विकास के लिये इन सभी मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा तब तक हम एक विकसित समाज की कल्पना को साकार नहीं कर सकेंगे। महिला दिवस मनाने का उद्देश्य यह भी है कि हम महिलाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त करें और समाज को प्रेरित करें कि वह महिलाओं के प्रति अधिक संवेदनशीलता का व्यवहार करें।




इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समाज और सरकार को मिलकर काम करना होगा। पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिये महिलाओं को हर क्षेत्र में नेतृत्व देना जरूरी है। इसी उद्देश्य से विश्व के कई देशों में संसद, संघीय संस्थाओं, विधानसभाओं, विधान परिषदों, नगरीय निकायों और पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण भी दिया गया है और इन सत्ता निकायों में महिलाओं ने पूरी दक्षता से काम करके अपनी नेतृत्व क्षमता को प्रमाणित भी किया है। समाज में पुरुष प्रधान मानसिकता महिलाओं की स्थिति को गहरे से प्रभावित करती है। आज जरूरत इस पुरुष प्रधान मानसिकता को बदलने की है। इस बदलाव में समाज की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण होगी। यदि इस बदलाव में समाज का साथ न मिले तो कोई भी निर्वाचित सरकार यह बदलाव नहीं ला पायेगी। महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा रोकने में भी समाज का सक्रिय सहयोग बेहद जरूरी है।

### मताधिकार से शुरू हुई थी महिला अधिकार की लड़ाई

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास पर यदि हम नज़र डालें तो अमेरिका में सोशलिस्ट पार्टी के आह्वान पर यह दिवस सबसे पहले 28 फरवरी, 1909 को मनाया गया। इसके बाद यह फरवरी के आखिरी रविवार के दिन मनाया जाने लगा। वर्ष 1910 में सोशलिस्ट इंटरनेशनल के कोपेनहेगन सम्मेलन में इसे अंतर्राष्ट्रीय दिवस का दर्जा दिया गया। उस समय इसका प्रमुख ध्येय महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिलवाना था, क्योंकि उस समय अधिकतर देशों में महिला को वोट देने का अधिकार नहीं था। इस आधार पर हम यह कह सकते हैं कि महिलाओं को मताधिकार दिलवाने से आरम्भ हुई थी महिला अधिकार की लड़ाई। वर्ष 1917 में रूस की महिलाओं ने महिला दिवस पर रोटी और कपड़े के लिये हड़ताल पर जाने का फैसला किया। यह हड़ताल भी ऐतिहासिक थी। जार ने सत्ता छोड़ी, अन्तरिम सरकार ने महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया। उस समय रूस में जुलियन कैलेंडर चलता था और बाकी दुनिया में ग्रेगेरियन कैलेंडर। इन दोनों की तारीखों में कुछ अन्तर है। जुलियन कैलेंडर के मुताबिक 1917 की फरवरी का आखिरी रविवार 23 फरवरी को था, जबकि ग्रेगेरियन कैलेंडर के अनुसार उस दिन 08 मार्च था। इस समय पूरी दुनिया में (यहां तक रूस में भी) ग्रेगेरियन कैलेंडर चलता है। इसीलिये 08 मार्च महिला दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। प्रसिद्ध जर्मन एक्टिविस्ट क्लारा जेटकिन के जोरदार प्रयासों के कारण इंटरनेशनल सोशलिस्ट कांग्रेस ने वर्ष 1910 में महिला दिवस के अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप और इस दिन सार्वजनिक अवकाश को सहमति दी। इसके फलस्वरूप 19 मार्च, 1911 को पहला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस ऑस्ट्रिया, डेनमार्क और जर्मनी में आयोजित किया गया। हालांकि महिला दिवस की तारीख को साल 1921 में बदलकर 8 मार्च कर दिया गया। तब से महिला दिवस पूरी दुनिया में 8 मार्च को ही मनाया जाता है।

### महिला दिवस की थीम में समाहित होते हैं दिशा-निर्देश

महिला दिवस पर विश्व में महिलाओं के समग्र विकास के लिए क्या कुछ सम्भव है और क्या किया जा सकता है इस सम्बन्ध में तयशुदा थीम में सभी दिशा-निर्देश समाहित होते हैं। इस वर्ष 2023 में महिला दिवस की थीम डिजि ऑल-इनोवेशन एण्ड टेक्नोलॉजी फॉर जेण्डर इक्विलिटी तय की गई है।

इस थीम से महिलाओं का डिजिटल टेक्नोलॉजी से सामंजस्य प्रदर्शित किया जाएगा। वर्ष 2010 से वर्ष 2022 तक तेरह वर्षों में महिला दिवस पर महिलाओं से जुड़े विषयों की थीम्स ने महिलाओं के समग्र विकास का भाष्य किया। वर्ष 2010 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने विस्थापित महिलाओं की कठिनाइयों की ओर ध्यान आकर्षित किया था। वर्ष 2011 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की सौवीं वर्षगांठ थी इस दिन संयुक्त राज्य अमेरिका में, राष्ट्रपति बराक ओबामा ने मार्च 2011 को "महिला इतिहास माह'' घोषित किया और "महिलाओं की असाधारण उपलब्धियां'' केंद्रीय विषय था। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2012 के अवसर पर रेडक्रास की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने सशस्त्र संघर्ष के दौरान लापता हुए लोगों की माताओं और पत्नियों की मदद करने के लिए और अधिक कार्रवाई का आह्वान किया था। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2013 का थीम विषय था- "एक वादा, एक वादा है'', महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए कार्रवाई का यही सही समय है। वर्ष 2014 में अमेरिका की गायिका बेयोंसे ने उस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक वीडियो पोस्ट किया था। वर्ष 2015 में इस दिन दुनियाभर की सरकारों और कार्यकर्ताओं ने बीजिंग घोषणा और कार्रवाई के मंच की बीसवीं वर्षगांठ मनाई और एक ऐतिहासिक रोडमैप जिसने महिलाओं के अधिकारों को साकार करने के लिए एजेंडा निर्धारित किया। वर्ष 2016 में महिला दिवस से पहले, राष्ट्रीय वाहक एयर इण्डिया ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के हिस्से के रूप में दुनिया की सबसे लंबी नॉन-स्टॉप उड़ान का संचालन किया, जहां पूरे उड़ान संचालन को महिलाओं द्वारा नियंत्रित किया गया। दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को तक की उड़ान ने सत्रह घण्टे में लगभग चौदह हजार पांच सौ किलोमीटर की दूरी तय की और वर्ष 2017 में महिला दिवस पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने "सभी स्तरों पर महिलाओं को सशक्त बनाकर, उनकी आवाज सुनने और उन्हें अपने स्वयं के जीवन पर और हमारी दुनिया के भविष्य पर नियंत्रण देने के लिये सक्षम करके'' बदलाव का आह्वान किया। वर्ष 2018 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए संयुक्त राष्ट्र की थीम थी- "अभी समय है : ग्रामीण और शहरी कार्यकर्ता महिलाओं के जीवन को बदल रहे हैं'', वर्ष 2019 की थीम थी- "थिंक इक्वल, बिल्ड स्मार्ट, इनोवेट फॉर चेंज'', वर्ष 2020 की थीम थी- "आई एम जेनरेशन इक्वेलिटी : रियलाइजिंग वुमन राइट्स'', वर्ष 2021 की थीम- " नेतृत्व में महिलाएं : एक महामारी से ग्रस्त दुनिया में एक समान भविष्य प्राप्त करना " और गत वर्ष 2022 में महिला दिवस की थीम थी- " एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता।''

राजा दुबे

(लेखक : जनसम्पर्क के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

## कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
## नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर

क्रमांक/स्था/अराज/2023/1564 जबलपुर, दिनांक : 15.02.2023

### स्टाफ नर्स भर्ती सूचना

मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल के पत्र क्रमांक 803/स्था/अराज/2018, भोपाल, दिनांक 20.09.2018 द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम-2018 द्वारा प्राप्त अनुसूचियों के आधार पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में नर्सिंग ऑफिसर (स्टाफ नर्स) के रिक्त पदों पर **म.प्र. शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय से उत्तीर्ण उम्मीदवारों हेतु** निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र **दिनांक 15.03.2023** सायं 05.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन का प्रारूप, नियम एवं शर्तें इत्यादि संस्था के **website www.nscbmc.ac.in** में उपलब्ध है।

**सीधी भर्ती - नर्सिंग ऑफिसर (स्टाफ नर्स) (केवल महिला के लिए) - कुल 82 पद**

| स. क्र. | श्रेणी | बिना वर्ग | | संविदा | | भूतपूर्व सैनिक | | दिव्यांग | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 00 | 18 | 00 | 01 | 00 | 05 | 00 | 00 | 24 |
| 2. | ई.डब्ल्यू.एस. | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 03 | 00 | 02 | 05 |
| 3. | अनुसूचित जाति (SC) | 00 | 06 | 00 | 01 | 00 | 04 | 00 | 02 | 13 |
| 4. | अनुसूचित जनजाति | 00 | 04 | 00 | 06 | 00 | 07 | 00 | 02 | 19 |
| 5. | अन्य पिछड़ा वर्ग | 00 | 12 | 00 | 02 | 00 | 07 | 00 | 00 | 21 |
| | **योग -** | **00** | **40** | **00** | **10** | **00** | **26** | **00** | **06** | **82** |

1. **वेतनमान -** 5200-20200+2800 ग्रेड पे (लेवल-7)
2. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–**
   1. अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीवन विज्ञान के साथ (10+2) शिक्षा पद्धति से 12वीं परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण होना चाहिए।
   2. शासकीय बी.एस.सी. (नर्सिंग) अथवा जनरल नर्सिंग एवं ज्येष्ठ प्रसूति विज्ञान प्रशिक्षित।
   3. मध्यप्रदेश नर्सिंग कौंसिल में जीवित पंजीयन।

**अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जी-23584/48233/2023** **नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
## लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
## तहसील केम्पस, सागर (म.प्र.)

**एनआईटी नं. - 05/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/... सागर, दिनांक : 22.03.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :–

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 1. जिला सागर अंतर्गत न्यायिक अधिकारियों हेतु बण्डा में 01 डी टाइप, 02 एफ टाइप, 02 ई टाइप एवं शाहगढ़ में 01 ई टाइप आवासगृह निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

| पोर्टल टेंडर क्र. | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में) वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां तकनीकी बिड भौतिक रूप से सत्यापित की जावेगी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023_ PWPIU_ 254539_1 | सागर | 418.05 | 418047 | 15000/- | 14 माह | अतिरिक्त परियोजना संचालक, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. जबलपुर |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 2. बीना जिला सागर में संयुक्त एसडीएम/एसडीओ, तहसील, उप कोषागार, उप निबंधक, पटवारी हॉल एवं मल्टीपरपस हॉल का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023_ PWPIU_ 254540_1 | सागर | 747.16 | 747170 | 20000/- | 16 माह | अतिरिक्त परियोजना संचालक, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. जबलपुर |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 3. बांदरी जिला सागर में उप तहसील कार्यालय भवन निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023_ PWPIU_ 254541_1 | सागर | 87.70 | 87700 | 10000/- | 10 माह | अतिरिक्त परियोजना संचालक, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. जबलपुर |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :–** 4. एस.डी.एम. कार्यालय भवन मालथौन, रहली एवं राहतगढ़ एवं उप तहसील कार्यालय भवन शाहपुर, सुरखी एवं सीहोरा में फर्नीचर कार्य (प्रथम आमंत्रण)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023_ PWPIU_ 254542_1 | सागर | 69.01 | 69100 | 10000/- | 3 माह | अतिरिक्त परियोजना संचालक, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. जबलपुर |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 22.02.2023 समय 10.30 से **दिनांक 07.03.2023 समय 17.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**संभागीय परियोजना यंत्री**
**जी-23689/48237/2023** **लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., सागर**

## कार्यालय संयुक्त संचालक
## महिला एवं बाल विकास विभाग, इंदौर संभाग, इंदौर
## 29/3 ओल्ड पलासिया, इंदौर (मध्यप्रदेश)

क्रमांक/227/मबावि/आईसीडीएस/2023 इंदौर, दिनांक : 22.02.2023

### विज्ञप्ति
### मानदेय आधारित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/आंगनवाड़ी सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

इंदौर संभाग के जिलों में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पूर्णतः अस्थाई (मानसेवी) एवं मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र महिलाओं के जिलेवार वर्तमान में रिक्त एवं आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले निम्नानुसार पदों के लिये आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| स. क्र. | जिला | वर्तमान में रिक्त पद | | | आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पद | | | जिला कार्यालय का सम्पर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कार्यकर्ताओं के रिक्त पद | सहायिकाओं के रिक्त पद | मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पद | कार्यकर्ताओं के रिक्त पद | सहायिकाओं के रिक्त पद | मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पद | |
| 1. | इंदौर | 10 | 20 | 01 | 08 | 05 | 0 | 0731-2366058 |
| 2. | धार | 26 | 80 | 02 | 23 | 42 | 0 | 07292-235066 |
| 3. | झाबुआ | 13 | 32 | 04 | 10 | 17 | 04 | 07392-244397 |
| 4. | अलीराजपुर | 11 | 11 | 04 | 02 | 01 | 0 | 07394-233131 |
| 5. | खरगोन | 03 | 12 | 02 | 13 | 16 | 0 | 07282-232596 |
| 6. | खण्डवा | 09 | 31 | 0 | 11 | 11 | 0 | 0733-2223794 |
| 7. | बड़वानी | 10 | 10 | 02 | 08 | 05 | 0 | 07290-224445 |
| 8. | बुरहानपुर | 03 | 12 | 02 | 05 | 03 | 0 | 07325-241495 |
| | **योग :** | **85** | **208** | **17** | **80** | **100** | **04** | |

- महिला आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम, शहरी क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है।
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिये जिस कैलेण्डर वर्ष में चयन किया जाना है उस कैलेण्डर वर्ष में 1 जनवरी को आवेदिका की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
- नगरीय/ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं/11वीं बोर्ड एवं आदिवासी क्षेत्रों में 10वीं/12वीं योग्यता होना आवश्यक है। शेष शासन निर्देशानुसार योग्यता रहेगी।
- आंगनवाड़ी सहायिका एवं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिये न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 5वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। शेष शासन निर्देशानुसार योग्यता रहेगी।
- संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णतः भरे आवेदन-पत्र मय आवश्यक सहपत्रों (जैसे - मार्कशीट, जाति, मूल-निवासी, विधवा/परित्यक्ता/बीपीएल कार्ड आदि) सहित जिले की संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में **दिनांक 20.03.2023 तक** कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में जमा कर प्राप्ति अभि-स्वीकृति प्राप्त कर सकते हैं।
- जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/आंगनवाड़ी सहायिका तथा मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवश्यक नियम/निर्देश आदि की जानकारी विभागीय वेबसाइट/ऑनलाइन पोर्टल, जिला कार्यालय एवं संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में उपलब्ध है।
- आंगनवाड़ी केन्द्रवार, ग्राम/वार्ड में वास्तविक रिक्त पद की जानकारी एवं नियम, निर्देश, शर्तें आवेदन का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताओं से संबंधित विस्तृत जानकारी बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
- रिक्त पदों के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय के दूरभाष नंबर (जो विज्ञप्ति में प्रकाशित है) पर सम्पर्क किया जा सकता है।
- जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/आंगनवाड़ी सहायिका एवं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि होना संभव है। परियोजना अंतर्गत अंतिम रूप से वास्तविक रिक्त पदों की संख्या एवं स्थान की जानकारी संबंधित परियोजना कार्यालय द्वारा ही सूचित की जायेगी।

**संयुक्त संचालक**
**जी-23529/48231/2023** **महिला एवं बाल विकास विभाग, इंदौर**

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
### रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

### शुद्धिपत्र क्रमांक 02/01/2020, दिनांक 17.02.2023

### आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन हेतु विभिन्न विषयों के व्याख्याताओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु जारी विज्ञापन निरस्त करने एवं शुल्क वापसी के संबंध में सूचना

01 आयोग द्वारा आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विषयों के व्याख्याताओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 01/2020, दिनांक 25.09.2020 आयोग की वेबसाइट पर जारी किया गया था तथा ''रोज़गार और निर्माण'' समाचार पत्र के दिनांक 28.09.2020 के अंक में भी प्रकाशित किया गया था।

02 आयुष विभाग, मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त पत्र क्रमांक/एफ-1-18/2019/1/59 दिनांक 13.02.2023 के अनुरोध पर उक्त विज्ञापन को निरस्त किया जाता है।

03 वे समस्त आवेदक जिनके द्वारा उक्त पदों की पूर्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया था, उनके लिए शुल्क वापसी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वे **www.mponline.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गयी लिंक से दिनांक 01.03.2023 से 15.03.2023 तक शुल्क वापसी हेतु आवेदन कर सकते हैं।

**शुल्क वापसी हेतु आवश्यक निर्देश :–**

(i) शुल्क वापसी हेतु आवेदन ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदक को शुल्क वापसी आवेदक के ही बैंक खाते में की जाएगी।

(ii) आवेदक द्वारा यदि उक्त अवधि में शुल्क वापसी हेतु आवेदन नहीं किया जाता है तो आवेदक को उक्त विज्ञापन के अंतर्गत भुगतान किए गए शुल्क को वापस नहीं किया जा सकेगा।

**जी-23612/48235/2023** **उप सचिव**

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

क्रमांक 14736/21/2022/चयन इंदौर, दिनांक : 17.02.2023

## पदनाम - रेडियोलॉजी विशेषज्ञ

### चयन - सूची (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)

आयोग के विज्ञापन क्रमांक **09/2022 दिनांक 17.08.2022** एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में विज्ञापित पद - **रेडियोलॉजी विशेषज्ञ** के कुल - 24 पद (अनारक्षित-06, अ.जा.-04, अ.ज.जा.-05, अ.पि.वर्ग-06, ई.डब्ल्यू.एस.-03) इनमें से महिलाओं हेतु आरक्षित पद - अनारक्षित-02, अ.जा.-01, अ.ज.जा.-02, अ.पि.वर्ग-02, ई.डब्ल्यू.एस.-01, (कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पद - अस्थिबाधित-01, दृष्टिबाधित-निरंक, श्रवणबाधित-निरंक एवं बहु-दिव्यांग-निरंक पद आरक्षित) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार दिनांक 16.02.2023 को आयोजित किए गए।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत संचालनालय, स्वास्थ्य सेवायें के पत्र क्रमांक /1-जी/विज्ञप्ति/सेल-संविदा/2022/1655 दिनांक 18.11.2022 में उल्लेखित रिक्ति विवरण के अनुसार आयोग द्वारा विज्ञापित शुद्धि पत्र क्रमांक 01.09.2022 दिनांक 24.11.2022 के माध्यम से उपरोक्त विज्ञापन क्रमांक 09/2022 दिनांक 17.08.2022 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार, चयन परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। उक्त शुद्धि पत्र दिनांक 24.11.2022 के बिन्दु क्रमांक 3 में उल्लेखित कंडिका के अनुसार प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात घोषित किया जाएगा।

3. अतएव साक्षात्कार में प्राप्तांकों के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :–

**रेडियोलॉजी विशेषज्ञ (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग)**

**पद विवरण तालिका (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)**

| | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ई.डब्ल्यू.एस. | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल पदों की संख्या | 6 | 4 | 5 | 3 | 3 | 21 |
| इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद | 2 | 1 | 2 | 1 | 1 | |
मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों और बहनों की जिंदगी बदलने का यह महायज्ञ है, जो उनके युवावस्था के आंदोलनों और बेटा-बेटियों को समान मानने की सोच से उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के प्रति सम्मान बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कन्या विवाह/निकाह और लाड़ली लक्ष्मी जैसी अनेक योजनाओं को लागू किया गया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का कमाल है कि अब गरीब के घर में बेटी लखपति पैदा होती है और अब बेटी की पहचान वरदान के रूप में होती है।

श्री चौहान ने हजारों की संख्या में महिलाओं के कार्यक्रम में शामिल होने को क्रांति बताया और हजारों बहनों द्वारा उन्हें दी गई राखियों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना से उनका भाई शिवराज अपनी बहनों को हर महीने 1000 रुपये भेजेगा। इससे महिलाओं की घर और समाज में इज्जत बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने बकतरा में सीएम राइज स्कूल खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा

- **मध्यप्रदेश में पांच फरवरी से सभी विधानसभाओं में शुरू की गई थी विकास यात्राएं।**
- **श्री महाकाल महालोक की तर्ज पर सलकनपुर मंदिर में भी बनाया जा रहा है देवी महालोक।**

कि बुधनी विधानसभा क्षेत्र में कोई खेत सिंचाई और कोई भी गांव बिना सड़क के नहीं है। उन्होंने बकतरा के अनेक गांव को जोड़ने वाले कई मार्गों का भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 साल पहले बुधनी हर क्षेत्र में पिछड़ा था। पिछली 15 माह की सरकार द्वारा गांव, गरीब और वंचितों की योजनाओं को बंद कर आमजन के साथ कुठाराघात किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित है।

श्री चौहान ने कहा कि वे मुख्यमंत्री नहीं अपने प्रदेश के हर परिवार के सदस्य हैं। मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान के बाद हुई विकास यात्रा सेवा का संकल्प था। करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास प्रदेश को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि विकास यात्रा में करोड़ों लोगों को योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित किया गया है। यदि कोई पात्र व्यक्ति रह गया है तो उसे चिन्हित कर लाभान्वित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने सीहोर जिले में विकास यात्राओं में एक लाख 30 हजार लोगों के बीमा और स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनाने की पहल पर जिला प्रशासन की प्रशंसा भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक लाख से अधिक सरकारी नौकरी दिए जाने की प्रक्रिया जारी है। अब प्रदेश के बच्चे मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शासकीय विद्यालय के बच्चों को मेडिकल में प्रवेश के लिए आरक्षण देने का प्रावधान किया जायेगा। राज्य सरकार अब बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ-यात्रा भी करवाएगी।

सांसद श्री रमाकांत भार्गव ने मुख्यमंत्री की सहजता से क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिए, उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि बुधनी, विकास की नई इबारत लिखेगा। सैकड़ों बहनों ने मुख्यमंत्री को रक्षा-सूत्र बांधा और लाड़ली बहना योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# कृषि संबंधी पाठ्यक्रम सभी कॉलेज में लागू होंगे - उच्च शिक्षा मंत्री



उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

**भोपाल,** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में विभागीय समीक्षा करते हुये कहा कि कृषि संबंधी पाठ्यक्रम प्रदेश के सभी कॉलेज में लागू किए जायेंगे। अगले शैक्षणिक सत्र से अनिवार्य रूप से इसे लागू किया जाएगा।

डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अनेक ऐसे पाठ्यक्रम जोड़े गए हैं, जो रोज़गारमूलक हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि कृषि से संबंधित पाठ्यक्रमों में प्राकृतिक खेती और उद्यानिकी को बढ़ावा दिया जाये। वर्तमान में इसी की मांग ज्यादा है। विद्यार्थियों को स्व-रोज़गार से जोड़ने का अधिक से अधिक प्रयास होना चाहिए। प्रदेश में जो उद्योग आ रहे हैं उनकी आवश्यकता के अनुसार वोकेशनल पाठ्यक्रम तैयार किए जाएं।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के लगभग 119 महाविद्यालय में 150 स्मार्ट क्लास स्थापित की गई हैं। दस संभागीय मुख्यालय में डिजिटल स्टूडियो स्थापित किए जाने हैं। लगभग 200 महाविद्यालय में वर्चुअल कक्षाओं की स्थापना की कार्यवाही की जा रही है। डॉ. यादव ने कहा कि विभाग द्वारा ऐसा इवेंट किया जाये, जिसमें एक दिन एक समय पर किसी भी एक महत्वपूर्ण विषय की वर्चुअल क्लास सभी महाविद्यालयों में संचालित हो।

प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री के.सी. गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों का रुझान जैविक खेती और बागवानी में ज्यादा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने के बाद से इसमें निरंतर वृद्धि हुई है। शैक्षणिक सत्र 2022-2023 में प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में 86 हजार 263 विद्यार्थियों ने जैविक खेती और 9 हजार 38 विद्यार्थियों ने बागवानी पाठ्यक्रम का चयन किया है।

आयुक्त श्री कर्मवीर शर्मा ने बताया कि वर्तमान में नैक प्रत्यायन के लिए 528 में से 438 शासकीय महाविद्यालय पात्र हैं। प्रथम चरण में वर्ष 2021 में प्रत्यायन के लिए 56 महाविद्यालय और द्वितीय चरण में (वर्ष 2022) में 120 महाविद्यालयों का चिन्हांकन किया गया। वर्ष 2023 में 209 महाविद्यालयों को नैक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए चिन्हांकित किया गया तथा उन्हें प्रशिक्षण देने का कार्य प्रारंभ है।

# एमबीबीएस सीट वृद्धि से प्रदेश में होगा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

**भोपाल,** चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने वित्तीय वर्ष-2023-24 के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी है। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं, युवाओं, किसान और कृषि के लिये व्यापक प्रावधान किये गये हैं। युवाओं के भविष्य को नई ऊंचाई प्रदान करने और महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में बजट अनुपम उदाहरण है।

श्री सारंग ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रदेश में एमबीबीएस की सीटें 2 हजार 55 से बढ़ा कर 3 हजार 605 और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स के लिए 649 सीटें बढ़ कर 915 होंगी। एमबीबीएस की सीटों में वृद्धि से प्रदेश में चिकित्सकों की संख्या में भी वृद्धि होगी। नर्सिंग कॉलेज योजना से मेडिकल कॉलेज में 810 बीएससी नर्सिंग, 300 पोस्ट बेसिक नर्सिंग की एक्स्ट्रा सीट्स होंगी।

श्री सारंग ने बताया कि चिकित्सा महाविद्यालय तथा संबद्ध चिकित्सालय के लिये 1556 करोड़, रतलाम/दतिया/शिवपुरी एवं सतना चिकित्सा महाविद्यालय के लिये 418 करोड़, नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण (राज्य सहायित) के लिये 201 करोड़, नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिये 200 करोड़, चिकित्सा महाविद्यालय में पी.जी. पाठ्यक्रम का सुदृढ़ीकरण के लिये 145 करोड़, एमबीबीएस सीट्स में वृद्धि के लिये 115 करोड़, छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के लिये 100 करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिये कुल 2735 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## प्रदेश का बजट सही मायने में जनता का बजट

**भोपाल,** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि मध्यप्रदेश का वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट सही मायने में जनता का बजट है। स्वास्थ्य विभाग के लिए पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत से अधिक राशि 11 हजार 988 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि अमृत काल में विकास और समृद्धि की अमृत वर्षा करने वाला बजट है। यह बजट किसानों, गरीबों, मजदूरों, बहनों, बेटियों, युवाओं, बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर वर्गों को समर्पित है। यह संतुलित बजट है, जिसमें सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# मानसून शुरू होने के पहले पूर्ण कर लें अमृत सरोवरों का निर्माण



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में अमृत सरोवर निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुये।

**भोपाल,** मध्यप्रदेश में मिशन अमृत सरोवर के क्रियान्वयन को निरंतर सफलता मिल रही है। प्रत्येक जिले में 75-75 अमृत सरोवर बनाने के लक्ष्य को पाने के लिए विभिन्न विभाग समन्वय से कार्य कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि और नागरिक भी सरोवर निर्माण में सहयोगी बने हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित समत्व भवन में अमृत सरोवर निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुये कहीं। बताया गया कि मध्यप्रदेश अमृत सरोवर के पूर्ण कार्यों की संख्या के आधार पर देश में द्वितीय स्थान पर है।

मुख्यमंत्री ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पंचायत से एक ऐसे व्यक्ति को अमृत सरोवर निर्माण से अवश्य जोड़ा जाए, जिसकी जल संरक्षण में रुचि हो। इसी तरह उपयोगकर्ता समूहों को बनाने और उनकी संख्या बढ़ाने के प्रयास भी किए जाएं। मानसून प्रारंभ होने के पहले सभी अमृत सरोवर बन कर तैयार हो जाएं, यह लक्ष्य रखें।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का स्वप्न है कि मिशन अमृत सरोवर से जल संग्रहण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हो, सामुदायिक गतिविधियां बढ़ें, विद्यार्थियों में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़े और अमृत सरोवर जन-भागीदारी का उदाहरण बन जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की इसी भावना के अनुरूप मध्यप्रदेश में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश की उपलब्धियां गर्व करने योग्य हैं।

- **मध्यप्रदेश में इस वर्ष 5372 अमृत सरोवर बनाने का रखा गया है लक्ष्य।**
- **इस लक्ष्य के तहत 2657 अमृत सरोवर बनकर हुये तैयार।**

मिशन संबंधी प्रेजेंटेशन में बताया कि मध्यप्रदेश में 5372 अमृत सरोवर के निर्माण कार्य प्रारंभ हुए, जिनमें से 2657 पूर्ण हो गए हैं। अमृत सरोवर निर्माण के लिए मध्यप्रदेश में योजना में केवल नवीन कार्य ही लिए गए और अंतर्विभागीय समन्वय पर भी जोर दिया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ जल-संसाधन, वन, मत्स्य-विकास सहित नेशनल हाइवे अथॉरिटी एवं रेलवे जैसे संस्थान सहयोगी बने हैं। वित्तीय स्रोत के रूप में मनरेगा, वॉटर शेड विकास, 15वें वित्त आयोग और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की राशि का उपयोग किया गया। जनसहभागिता से कार्य आसान हुए हैं। अमृत सरोवर निर्माण में जो जिले आगे हैं, उनमें छिंदवाड़ा, मुरैना, बैतूल, मंदसौर और बुरहानपुर शामिल हैं। सरोवर निर्माण में 4 हजार से अधिक पंचायत प्रतिनिधि, 5 हजार से अधिक पंचायत स्तरीय अधिकारी और सवा 2 हजार उपयोगकर्ता समूह सहभागी बने हैं।

अमृत सरोवरों पर 3 हजार 955 फ्लैग पोस्ट बनी हैं, जहां स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर ध्वज फहराने का कार्य भी हुआ है। यही नहीं सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए अनेक स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों के नाम 63 अमृत सरोवर समर्पित किए गए हैं। इसी तरह ऐतिहासिक महत्व के 116 स्थानों के निकट सरोवर बनाए गए हैं। प्रदेश में धार्मिक महत्व के 231 स्थानों के निकट और जैव विविधता-संरक्षण की दृष्टि से 342 अमृत सरोवर निर्मित हुए हैं।

मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल

## पेंशनरों को मिलेगी राज्य शासन के समान 33 प्रतिशत राहत

**भोपाल,** अध्यक्ष मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल श्री आशुतोष तिवारी ने बताया कि मंडल के पेंशनर्स को राज्य के समान 33 प्रतिशत राहत प्रदान की गई है। श्री तिवारी ने कहा कि अभी तक पेंशनर्स को 28 प्रतिशत पेंशन पर राहत दी जाती थी, जो 5 प्रतिशत बढ़ाकर 33 प्रतिशत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इससे मंडल के 1573 पेंशनर्स एक अप्रैल 2023 से लाभान्वित होंगे। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में इस प्रस्ताव पर आज स्वीकृति प्रदान की गई।

**अटल आश्रय योजना में बनेंगे रीवा में घर**

अध्यक्ष श्री आशुतोष तिवारी ने बताया कि अटल आश्रय योजना में ग्राम कराहल जिला रीवा में बायपास से कॉलोनी तक पहुंच मार्ग हेतु आपसी समझौते से निजी भूमि क्रय कर मंडल एलआईजी, सीनियर/जूनियर एलआईजी एवं पीडब्ल्यूएस सामान्य वर्ग हेतु आवासों की श्रृंखला निर्मित करने जा रहा है। मंडल द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण में सस्ते, सहज और सुलभ भवनों का निर्माण करेगा।

श्री तिवारी ने बताया कि मंडल द्वारा मुरैना की मयूरवन कॉलोनी में विकास शुल्क जमा करा कर नामांतरण किये जाने का प्रस्ताव बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

वर्तमान स्थिति में शेष बचे हुए भूमि स्वामियों का विवरण विकास शुल्क राशि की गणना कर तैयार कराया गया है। इसमें वर्ष 2002 से माह मई 2022 तक की स्थिति में आकलित होती है।

इसी प्रकार भोपाल के निशातपुरा में देवकी नगर की 10.14 एकड़ भूमि का आधिपत्य मंडल को प्राप्त हुआ है। मंडल इस भूमि पर भू-खंड तैयार कर विक्रय करेगा। इसमें एलआईजी-एक 40, एलआईजी-दो 131, ईडब्ल्यूएस 17 तैयार किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में सामान्य वर्ग के आवासों की बहुत मांग है।

## आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को नई तकनीक का प्रशिक्षण

**भोपाल,** वित्त विभाग के आई.एफ.एम.आई.एस. सॉफ्टवेयर में विकसित नई सुविधाओं का आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। आयुक्त, कोष एवं लेखा श्री ज्ञानेश्वर पाटिल के निर्देश पर आई.एफ.एम.आई.एस. सॉफ्टवेयर को अत्याधुनिक बनाए जाने के लिए विगत माहों में कई बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों से आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अवगत कराये जाने के लिए प्रदेश के सभी कोषालयों द्वारा IFMIS Cares की थीम पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में वल्लभ भवन कोषालय, भोपाल द्वारा 129 आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को गहन प्रशिक्षण दिया गया।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री प्रदीप ओमकार द्वारा बताया कि प्रशिक्षण 2-2 शिफ्ट में ई दक्ष केंद्र वल्लभ भवन में हुआ। प्रशिक्षण सर्वश्री अशोक कुशवाह, ध्रुव सिंह पवैया, प्रतीक परिहार एवं कृतिका सोनी द्वारा दिया गया। इस दौरान आहरण एवं संवितरण अधिकारियों तथा उपस्थित अन्य शासकीय सेवकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

## सतपुड़ा नेशनल पार्क बना बेस्ट वाइल्ड लाइफ डेस्टिनेशन

**नई दिल्ली,** सतपुड़ा नेशनल पार्क को बेस्ट वाइल्डलाइफ डेस्टिनेशन श्रेणी में इंडिया टुडे का एडिटर्स च्वॉइस अवॉर्ड मिला है। केंद्रीय संस्कृति और संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने नई दिल्ली में इंडिया टुडे टूरिज्म समिट एंड अवॉर्ड समारोह में इसे प्रदान किया। मध्यप्रदेश की ओर से फील्ड डायरेक्टर श्री एल. कृष्णमूर्ति और सहायक प्रबंधक टूरिज्म बोर्ड डॉ. नीलम रावत ने अवॉर्ड प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह अवॉर्ड सतपुड़ा नेशनल पार्क में पर्यटकों को और अधिक सुविधाएं विकसित करने के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा।

मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के नाम से भी जाना जाता है। बाघ संरक्षण केंद्र के रूप में प्रसिद्ध यह क्षेत्र वन्य-जीव एवं वनस्पति विविधता से भी समृद्ध है। बाघ के अलावा यहाँ तेंदुए, भारतीय बायसन, भारतीय विशाल गिलहरी, सांभर, चीतल, हिरण, नीलगाय, लंगूर, भालू, जंगली सुअर सहित विभिन्न वन्य-जीव पाए जाते हैं। उद्यान में ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व की 300 से अधिक गुफाएं हैं। भोपाल से 210 किलोमीटर, जबलपुर से 240 किलोमीटर, नागपुर से 250 किलोमीटर और छिंदवाड़ा से 85 किलोमीटर सड़क मार्ग से अभयारण्य तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना-2023 का अनुमोदन

**भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में मंत्रिपरिषद की वर्चुअल बैठक हुई। मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में महिलाओं के सर्वांगीण विकास, आर्थिक स्वालम्बन, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार को बनाए रखने एवं महिलाओं की परिवार में निर्णय की भूमिका सुदृढ़ किए जाने के लिए 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना-2023' का अनुमोदन किया। योजना में समय-सीमा में स्वीकृति दिए जाने का प्रावधान रखा गया है। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं :-**

- प्रदेश की 23 से 60 वर्ष आयु के मध्य की विवाहित महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के लाभ की पात्रता होगी। प्रत्येक पात्र महिला को उसकी पात्रता अवधि में 1000 रुपये प्रतिमाह के मान से राशि सीधे उसके आधार लिंक्ड बैंक खाते में जमा की जायेगी।
- किसी परिवार की 60 वर्ष से कम आयु की महिला को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में प्रतिमाह 1000 रुपये से कम जितनी राशि प्राप्त हो रही होगी, तो उस महिला को वह राशि प्रदाय कर 1000 रुपये तक राशि की पूर्ति करने का योजना में प्रावधान किया गया है।
- योजना में समस्त आवेदन नि:शुल्क ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त हितग्राही यदि स्वयं उपस्थित होकर 'आवेदन के लिए आवश्यक जानकारी का प्रपत्र' देती है तो उसकी भी प्रविष्टी ऑनलाइन पोर्टल पर करने की व्यवस्था की गई है।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना अंतर्गत लगभग एक करोड़ महिला हितग्राहियों को 1000 रुपये प्रतिमाह के मान से राशि खाते में जमा की जाएगी।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश उद्योगों की स्थापना एवं परिचालन का सरलीकरण अध्यादेश, 2023 के स्थान पर मध्यप्रदेश उद्योगों की स्थापना एवं परिचालन का सरलीकरण अधिनियम, 2023 को प्रतिस्थापित किए जाने के संदर्भ में निर्णय लिया।
- औद्योगिक उपक्रम या औद्योगिक इकाई द्वारा निवेश आशय प्रस्ताव का आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में नोडल एजेन्सी को किया जाएगा। नोडल एजेन्सी द्वारा पूर्ण प्राप्त निवेश आशय प्रस्ताव की अभिस्वीकृति निर्धारित प्रारूप में जारी की जाएगी। एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल को नोडल एजेन्सी नामांकित किया गया है, जो अभिस्वीकृति प्रमाण-पत्र जारी करेगी। औद्योगिक उपक्रम या औद्योगिक इकाई द्वारा अधिसूचित क्षेत्रों में उद्योग स्थापना के संबंध में प्राप्त की जाने वाली विनिर्दिष्ट सेवा, अनुमति, अभिस्वीकृति प्रमाण पत्र प्राप्ति दिनांक से 3 साल अथवा औद्योगिक उपक्रम या औद्योगिक इकाई के व्यावसायिक गतिविधि संचालन प्रारंभ किए जाने तक जो भी पहले हो, उन्मुक्त रहेगा।
- उक्त अवधि समाप्त होने के 6 माह के अंदर आवश्यक अनुमतियां, सम्मतियां प्राप्त करेगा। जारी अभिस्वीकृति प्रमाण-पत्र की वैधता अवधि में कोई सक्षम प्राधिकारी अधिनियम में वर्णित अनुमतियों के संबंध में निरीक्षण नहीं कर सकेगा। इस अधिनियम में राज्य के पास अधिसूचित क्षेत्रों का चयन करने के प्रावधान होंगे जहां यह अधिनियम लागू किया जाएगा।
- इकाई के प्रारंभ होने के पूर्व इकाई द्वारा आवेदन किए जाने पर संबंधित विभाग अथवा एजेंसी द्वारा आवश्यक होने पर निरीक्षण कर अनुमति एवं सहमति दी जा सकेगी। राज्य सरकार अधिसूचना के माध्यम से राज्य स्तरीय साधिकार समिति का गठन कर सकेगी।
- समिति सक्षम प्राधिकारी एवं औद्योगिक उपक्रमों के साथ समन्वय कर विवाद का मैत्रीपूर्ण हल निकालेगी।
- केंद्र तथा राज्य सरकार के द्वारा अधिनियमित विभिन्न अधिनियमों में संबंधित विभाग के सक्षम प्राधिकारियों के द्वारा कार्यवाही की जाती है। इन अधिनियमों के प्रावधानों को de-criminalize करने की आवश्कता है। राज्य शासन के कई विभागों द्वारा उनके प्रशासित अधिनियमों तथा नियमों को decriminalize करने की कार्यवाही की जा रही है।
- मंत्रिपरिषद ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा प्रशासित अधिनियम 'ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण अधिनियम-1996' की धारा 12 के अंत में उल्लेखित प्रावधान को संशोधित कर, प्रतिस्थापित किए जाने के लिए ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक 2023 का अनुमोदन किया।
- विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत कर पारित कराने की समस्त कार्यवाही किए जाने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग को अधिकृत किया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

## प्रदेश के समावेशी विकास का परिचायक है बजट

**भोपाल,** राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट आम आदमी का बजट है। बजट में महिलाओं को विशेष रूप से सम्मान दिया गया है। लाड़ली लक्ष्मी योजना के बाद प्रदेश में बहनों के सम्मान को बढ़ाने के लिये लाड़ली बहना योजना के लिये 8 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यह महिलाओं के सम्मान के लिए सबसे बड़ा बजट है। बजट में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश को दृष्टिगत रखते हुये विभिन्न योजनाएं मिशन मोड में प्रारंभ की गई हैं। बजट का लक्ष्य महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीब वर्ग, आम जनता को नई शक्ति देने एवं नई दिशा की ओर ले जाने का प्रयास किया गया है।

श्री राजपूत ने कहा कि बजट में सरकार ने सर्वाहारा वर्ग का ध्यान रखा है। बेरोज़गारों और किसानों के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। बजट में अनुसूचित जाति के सम्मान को गौरवान्वित करने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जिससे सागर में संत रविदास का मंदिर का निर्माण किया जायेगा। यह विश्व का इकलौता संत रविदास मंदिर होगा। बजट में अनुसूचित जनजाति वर्ग का भी ध्यान रखा गया है। इस वर्ग के 36 हजार 950 करोड़ का प्रावधान किया गया है। श्री राजपूत ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में ई-वाहनों के चलन को बढ़ावा देने का फैसला किया है। प्रदेश की प्रतिभावान बेटियों को ई-स्कूटी प्रदान की जाएगी।

राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि बुन्देलखण्ड की अति महत्वाकांक्षी केन-बेतवा लिंक परियोजना क्षेत्र के लिये संजीवनी साबित होगी। परियोजना के पूर्ण होने से बुन्देलखण्ड क्षेत्र के 8 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी। इससे जहाँ बुन्देलखण्ड का किसान सम्पन्न होगा वहीं बुन्देलखण्ड के लोगों में और सम्पन्नता आएगी।

### नई शिक्षा नीति

# युवाओं को रोज़गार के साथ मिलेंगे स्व-रोज़गार के अवसर

**नर्मदापुरम,** नवीन शिक्षा नीति से अब शिक्षा कर्मकांड नहीं बल्कि सच्चे अर्थों में युवाओं के जीवन को सार्थक बनाने में सहायक होगी। युवा उन्नति के पथ पर अग्रसर होकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनेंगे। यह बातें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदापुरम जिले के नर्मदा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं मध्यप्रदेश युवा नीति की एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहीं।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा नीति और युवा नीति से अब प्रदेश का युवा वर्ग प्राथमिक शिक्षा के दौरान ही अपने लक्ष्य निर्धारित कर अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ सकेगा। अब स्नातक की डिग्री कर्मकांड नहीं, बल्कि उपयोगी शिक्षा को आत्मसात करने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि नवीन शिक्षा नीति को लेकर प्रदेश के सभी संभागों में सेमिनार किए जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर शिक्षा नीति की उपयोगिता के बारे में जानकारी और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करने का कार्य किया जा रहा है। ऐसी कार्यशाला जिला स्तर और महाविद्यालय स्तर पर भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय ज्ञान यज्ञ की भूमिका अदा करें।

डॉ. यादव ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर क्रांतिकारियों के जीवन संघर्ष और बलिदान को समाहित करते हुए पाठ्यक्रम बच्चों को पढ़ाया जाएगा। इससे बच्चे वीर महापुरुषों के क्रांतिकारी इतिहास को पढ़ कर प्रेरित हो सकेंगे।

**बच्चों से किया संवाद**

कार्यशाला में उच्च शिक्षा मंत्री ने बच्चों से वन-टू-वन चर्चा कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। छात्र हर्ष वर्मा ने पूछा कि ग्रामीण शिक्षा को मजबूत बनाने में नई शिक्षा नीति कैसे सहायक होगी। उत्तर में मंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नई शिक्षा नीति में उम्र की कोई बाधा नहीं होगी।



उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में आयोजित कार्यशाल को संबोधित करते हुये।

उन्होंने कहा कि किसान, वृद्धजन, सभी शिक्षित हो सकेंगे। ओपन यूनिवर्सिटी की तर्ज पर भोज और इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी जैसी संस्थाओं से ड्रॉप लिए विद्यार्थी भी अपनी शिक्षा पूरी कर सकेंगे। अब विद्यार्थी एक साथ दो कोर्स में भी डिग्री कर पाएंगे। उत्तीर्ण होने के लिए नंबर सिस्टम की जगह क्रेडिट सिस्टम लागू होगा। अब व्यक्ति किसी भी उम्र में और किसी भी कोने से अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेगा। परिवेश बाधा नहीं बनेगा।

**नई शिक्षा नीति के बारे में विद्यार्थियों को दी जानकारी**

छात्रा प्रेमलता सैनी ने पूछा कि शिक्षा नीति रोज़गार और प्रशिक्षण के क्षेत्र में कैसे लाभकारी होगी। डॉ. यादव ने बताया कि नई शिक्षा नीति में रोज़गार के साथ युवाओं को स्व-रोज़गार के भी भरपूर अवसर उपलब्ध होंगे। छात्रा पूजा गोस्वामी ने पूछा कि जो निर्धन छात्र पुस्तकों के अभाव में अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं उसके लिए शिक्षा नीति में नया क्या है। डॉ. यादव ने बताया कि आज ऐसा कोई भी छात्र नहीं है जिसके पास सर्व सुलभ पुस्तक की उपलब्धता न हो। साथ ही डिजिटल लर्निंग के लिए शिक्षा पोर्टल जैसे अन्य कई प्लेटफार्म निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। इससे प्रदेश ही नहीं देश के विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है। छात्रा अंशिका गुप्ता ने पूछा कि आज यूपीएससी, एमपीपीएससी आदि प्रतियोगी परिक्षाओं में सफल होने के लिए कोचिंग क्लासेज की महती आवश्यकता है। किंतु आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी इस प्रकार की कोचिंग क्लासेस करने में असमर्थ हैं।

- **सभी महाविद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये संचालित होंगी नि:शुल्क क्लासेस।**
- **ई-शिक्षा पोर्टल में 40 से अधिक विषयों के 1600 से अधिक कंटेंट उपलब्ध।**

ऐसे विद्यार्थियों के लिए क्या व्यवस्था की गई है। उत्तर में डॉ. यादव ने बताया कि सभी विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए नि:शुल्क कोचिंग क्लासेज संचालित की जाएंगी।

डॉ. यादव ने नई शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर केंद्रित पुस्तिका 'नई शिक्षा नई उड़ान' का विमोचन किया। उन्होंने 40 से अधिक विषयों के 1600 से अधिक कंटेंट पर केंद्रित ई-शिक्षा पोर्टल का उद्घाटन भी किया। साथ ही उन्होंने हिंदी साहित्य पर केंद्रित विभिन्न पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया। डॉ. यादव ने खेल, एनसीसी, एनएसएस एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

# अध्यात्म के साथ विज्ञान का केंद्र भी है भारत

**भोपाल,** भारत विश्व में आध्यात्म की राजधानी रही है और विज्ञान का सबसे सशक्त केंद्र भी रहा है। हमारे ऋषि वैज्ञानिकों ने महान खोजें की हैं, जिनके बारे में आधुनिक विज्ञान अभी तक पता लगा रहा है। आज हम मोबाइल के माध्यम से दूर एक दूसरे से बातें कर पाते हैं, लेकिन प्राचीन समय में एक कालखंड ऐसा भी रहा है, जब ऋषि-मुनि एक दूसरे के दिमाग की बातें पढ़ पाते थे, मॉर्डन भाषा में इसे टेलीपैथी कहते हैं। ये बातें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने भोपाल स्थित मेपकॉस्ट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कहीं।



प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

श्री सखलेचा ने कहा कि हम वापस एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं, जहां कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का विकास हो। विज्ञान की शुरुआत विचारों से होती है, जब तक दिमाग में विचार नहीं आएंगे, आप कोई रचना, कोई आविष्कार नहीं कर पाएंगे। विश्व विज्ञान दिवस पर ग्लोबल साइंस फॉर ग्लोबल वेल बीइंग अर्थात वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान थीम पर पूरे प्रदेश में 120 से ज्यादा स्थानों पर मेपकास्ट के माध्यम से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी, विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रवीण रामदास एवं विज्ञान प्रेमी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डॉ. तिवारी, कुलपति, भोज मुक्त विश्वविद्यालय ने कहा कि रमन प्रभाव एक ऐसी खोज है, जिसके 95 वर्ष होने के बाद आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है एवं आगे और भी अधिक होती जाएगी। भारत आज फिर विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने सीवी रमन को नोबेल पुरस्कार मिलने की कहानी को बताते हुए कहा कि नोबेल पुरस्कार की घोषणा नवंबर के माह में होना थी। लेकिन सीवी रमन अपने पुरस्कार को लेकर इतने आश्वस्त थे कि उन्होंने मई में ही अपनी टिकट बुक करवा ली थी।

प्रवीण रामदास, राष्ट्रीय सचिव, विज्ञान भारती ने कहा कि अभी जी 20 के लिया पूरा देश तैयारी कर रहा है। ग्लोबल वेल बीइंग को हमारा देश पहले से निभाता आ रहा है, हम वो देश हैं जो सर्वे भवन्तु सुखिन की बात करता है। यहां तक कि हम सिर्फ लिविंग ही नहीं नॉन लिविंग थिंग्स के लिए भी सोचते हैं। यही वजह है कि हमारी संस्कृति में नदी और पेड़ों की भी पूजा होती है।

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. कोठारी ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने में विज्ञान का अहम योगदान रहेगा आज हम ड्रोन टेक्नोलॉजी की बात करते हैं, ये टेक्नोलॉजी हमारे जीवन को किस तरह बदल सकती है, कृषि में इससे क्या विकास हो सकता है, ये सब विज्ञान पर आधारित है। गर्व की बात है की हम भारत की कई संस्थाओं को मैप से संबंधित डाटा उपलब्ध करा रहे हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में शहडोल, कटनी, बैतूल, सागर, दमोह, खण्डवा, हरदा एवं विदिशा जिलों में एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें
0755-2760006, 9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण
- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध




विवेक रामास्वामी

## अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव लड़ेंगे

अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होंगे। इस चुनाव में भारतवंशी निक्की हेली के अलावा एक और भारतवंशी 37 वर्षीय विवेक रामास्वामी ने भी चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। ज्ञात रहे कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली के राष्ट्रपति पद के लिए खुद को उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद अब विवेक भी रिपब्लिकन पार्टी की ओर से इस दौड़ में शामिल हो गए हैं।



नोबेल शांति पुरस्कार

## इस साल 305 नामांकन आए

इस साल के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए कुल 305 नामांकन जमा किए गए हैं। ओस्लो स्थित संस्थान ने वेबसाइट पर जानकारी दी गई कि 2016 में पंजीकृत रिकॉर्ड 376 से थोड़े से कम नामांकन आए हैं। इसमें 212 व्यक्ति और 93 संगठन शामिल हैं। नोबेल विधियों के अनुसार उम्मीदवारों की पहचान 50 साल तक गोपनीय रखी जाती है। हालांकि, पूर्व पुरस्कार विजेताओं, कानून निर्माताओं और कैबिनेट मंत्रियों और कुछ विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों सहित जो नामांकित करने के पात्र हैं, वे प्रस्तावित व्यक्ति या संगठन के नाम का खुलासा कर सकते हैं।



राजकुमार जिग्मे वांगचुक

## भूटान के पहले डिजिटल नागरिक बने

भूटान के राजकुमार (प्रिंस) जिग्मे नामग्यात वांगचुक, भूटान नेशनल डिजिटल आइडेंटिटी (एनडीआई) मोबाइल वॉलेट के साथ जुड़कर देश के पहले डिजिटल नागरिक बन गए हैं। एनडीआई नागरिकों को सुरक्षित और सत्यापन योग्य पहचान क्रेडेंशियल प्रदान करने नई तकनीक का उपयोग करता है जिससे उनकी जानकारी की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित होती है। यह सिस्टम विकेंद्रीकृत पहचान (डीआईडी) तकनीक पर आधारित स्व-संप्रभु पहचान मॉडल का उपयोग करता है।



कार्तिक सुब्रमण्यम

## भारतवंशी को नेशनल ज्योग्राफिक अवॉर्ड

अमेरिका में भारतीय मूल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर एवं शौकिया फोटोग्राफर कार्तिक सुब्रमण्यम ने 'डांस ऑफ ईगल्स' नामक अपने फोटो के लिए नेशनल ज्योग्राफिक का प्रतिष्ठित 'पिक्चर्स ऑफ ईयर' पुरस्कार जीता है। उन्हें तकरीबन 5 हजार प्रतिभागियों के बीच चुना गया। उन्हें पत्रिका में नेशनल ज्योग्राफिक के जाने माने फोटोग्राफर के साथ जगह दी गई है।



पैंगोंग झील

## जमी हुई झील पर हुई हाफ मैराथन

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख ने 13,862 फीट ऊंची पैंगोंग झील में शून्य से कम तापमान पर पहली 21 किलोमीटर दौड़ का आयोजन कर इतिहास रच दिया। इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड में दुनिया की सबसे ऊंची जमी हुई झील पर हाफ मैराथन के रूप में दर्ज किया गया है। चार घंटे चली मैराथन लुकुंग से शुरू हुई और मान गांव में समाप्त हुई। इसमें 75 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



पांडा जियांग

## जापान से अपने मूल वतन लौटी

हजारों की संख्या में इकट्ठा हुए जापानी प्रशंसकों ने नम आंखों के साथ अपनी प्यारी पांडा जियांग को उसके मूल वतन चीन जाने पर विदाई दी। यूनो चिड़ियाघर में एकत्र हुए प्रशंसक ने पांडा के साथ खूब तस्वीरें खींची। यह पांडा 2017 में अपने जन्म के बाद से ही जापान के यूनो चिड़ियाघर के आकर्षण का केंद्र थी। पांडा को विदाई देने के लिए 2600 लोगों का चयन किया गया था। चीन में भी इस पांडा का भव्य स्वागत किया गया।



बीवीआर सुब्रमण्यम

## नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बने

भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम को नीति आयोग का नया सीईओ नियुक्त किया गया है। वह परमेश्वरन अय्यर का स्थान लेंगे। जिन्हें विश्व बैंक का ईडी नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी सुब्रमण्यम 30 सितंबर को सेवानिवृत्ति के बाद दो साल के अनुबंध पर भारत व्यापार संवर्धन संगठन के चेयरमैन और एमडी के तौर पर नियुक्त थे।



रुचिरा कंबोज

## यूएन सामाजिक विकास आयोग की अध्यक्ष बनीं

संयुक्त राष्ट्र के सामाजिक विकास आयोग ने 62वें सत्र के लिए यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज को अपना अध्यक्ष चुना है। यह चुनाव न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सामाजिक विकास आयोग के 62वें सत्र की पहली बैठक के दौरान किया गया। वहीं नॉर्थ मेसीडोनिया के जॉन इवानोवस्की, डोमिनिकन गणराज्य से कार्ला मारिया कार्लसन और लक्समबर्ग से थॉमस लैमर उपाध्यक्ष चुने गए हैं।



मेघना पंडित

## ऑक्सफोर्ड हॉस्पिटल की सीईओ बनीं

भारतीय मूल की चिकित्सक प्रोफेसर मेघना पंडित को ब्रिटेन के सबसे बड़े शैक्षणिक अस्पतालों का संचालन करने वाले ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। पंडित इस ट्रस्ट की पहली महिला प्रमुख हैं और वह इसकी सीईओ नियुक्त होने वाली भारतीय मूल की पहली सीईओ हैं।



आयुष्मान खुराना

## यूनिसेफ के नेशनल एम्बेसडर बने

यूनिसेफ ने अभिनेता आयुष्मान खुराना को राष्ट्रीय दूत (नेशनल एम्बेसडर) नियुक्त किया है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता ने हर बच्चे के जीवित रहने, फलने-फूलने, सुरक्षित रहने के अधिकारों को सुनिश्चित करने, उनके फैसलों में उनकी आवाज को बढ़ावा देने के लिए यूनिसेफ के साथ हाथ मिलाया है।



साइकिल से

## 245 दिन में 21 देशों की यात्रा

फिनलैंड के अलवरी पोईकोला और वाल्टरी हेनिला ने पिछले साल नौकरी छोड़कर साइकिल यात्रा शुरू की। दोनों ने 245 दिनों में 15,400 किलोमीटर साइकिल चलाकर पोलैंड, तुर्किए, नेपाल और वियतनाम जैसे 21 देशों की यात्रा कर डाली। उन्होंने जिंदगी और दुनिया को अलग नजरिए से देखने के लिए यह यात्रा शुरू की थी। उन्होंने यात्रा के संस्मरणों को दुनिया के सामने पुस्तक के रूप में लाने का भी वादा किया है।



जापान में

## बलून कैप्सूल अंतरिक्ष की सैर कराएगी

जापान में जल्द ही बैलून में बैठकर अंतरिक्ष की खूबसूरती का लुत्फ उठाया जा सकेगा। जापान के स्टार्टअप इवाया गिकेन ने ऐसा कैप्सूल तैयार किया है, जो अंतरिक्ष की सैर कराएगी। ये होकायडो में बने एक बलून पोर्ट से दो घंटे में पृथ्वी की सतह से 25 किलोमीटर तक ऊपर उठेगी। इस टू-सीटर कैप्सूल में एक पायलट के साथ एक यात्री बैठ सकेगा। यात्री को एक ट्रिप के लिए लगभग 1.50 करोड़ रुपए चुकाने होंगे।



इंडोनेशिया में

## 16 माह के बच्चे का 27 किलो वजन

इंडोनेशिया के बाडुंग रीजेंसी का मुहम्मद केंजी अल्प्रारो महज 16 महीने का है, लेकिन इसका वजन 27.21 किलो है। आमतौर पर आठ साल के बच्चों का इतना वजन होता है। जन्म के समय उसका वजन 4.5 किलो था। उसका शरीर इस कदर बढ़ गया है कि उसे पिता के कपड़े भी आराम से आ जाते हैं।



अजय बंगा

## वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष होंगे

अमेरिका में भारतीय मूल के अजय सिंह बंगा को वर्ल्ड बैंक अध्यक्ष पद के लिए नामित किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसकी जानकारी दी। वर्ल्ड बैंक के प्रमुख डेविड मलपास ने जल्द ही पद छोड़ने की घोषणा की है। बंगा मास्टर कार्ड के सीईओ रह चुके हैं। वे इक्विटी फर्म जनरल अटलांटिक में वाइस चेयरमैन हैं। बंगा को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।



अफशां खान

## भारतीय-कनाडावंशी यूएन में संयोजक नियुक्त

भारतीय-कनाडा मूल की अफशां खान को विश्व के 65 देशों और चार भारतीय राज्यों में कुपोषण को समाप्त करने के लिए चलाए जाने वाले स्केलिंग अप न्यूट्रिशन मूवमेंट अभियान का संयोजक बनाया गया है। वह पोषण अभियान की देखरेख करेंगी। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने पत्रकार वार्ता के बाद अफशां को नामित करने की घोषणा की। अफशां कनाडा, ब्रिटेन की दोहरी नागरिकता रखती हैं। वह यूनिसेफ में पूर्वी यूरोप और मध्य एशिया की क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।



शमा हकीम मेसीवाला

## थर्ड डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में बनीं एसोसिएट जस्टिस

भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेट शमा हकीम मेसीवाला को कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटों में अपील के थर्ड डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के एसोसिएट जस्टिस के रूप में चुना गया है। वे अब देश की किसी भी अपीलीय अदालत में पहली दक्षिण एशियाई अमेरिकी महिला व पहली मुस्लिम अमेरिकी महिला होंगी।



## स्मृति शेष

### गुजरात के पूर्व गवर्नर ओपी कोहली का निधन

गुजरात और मध्यप्रदेश के पूर्व राज्यपाल ओपी कोहली का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताते हुए कहा कि एक सांसद और राज्यपाल के रूप में उन्होंने जन-कल्याण के मुद्दों पर काम किया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए शोक प्रकट किया।



### जय संतोषी मां फेम अभिनेत्री बेला का निधन

सुपरहिट हिन्दी फिल्म जय संतोषी मां की लीड अभिनेत्री, क्लासिकल डांसर बेला बोस का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 1950 से 1980 के दशक तक 200 से ज्यादा हिंदी और क्षेत्रीय भारतीय फिल्मों में काम किया था।



### अभिनेता शाहनवाज का निधन

वेब सीरीज मिर्जापुर और फिल्म रईस के ख्याति प्राप्त अभिनेता शाहनवाज प्रधान का एक पुरस्कार समारोह में हृदयाघात से निधन हो गया। वे 57 वर्ष के थे। उन्होंने टेलीविजन धारावाहिकों के साथ मराठी सिनेमा में भी बेहतरीन अभिनय का प्रदर्शन किया था।



### तमिल फिल्म कॉमेडियन मायिलसामी का निधन

तमिल फिल्मों के लोकप्रिय हास्य अभिनेता मायिलसामी का 57 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 1984 में उन्होंने ध्वनि कानवुगल में ख्याति पायी थी। वो एक अच्छे हास्य कलाकार होने के साथ-साथ स्टैंड-अप कमेडियन भी थे।



*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

# CHAMELI DEVI GROUP OF INSTITUTIONS

(NAAC Accredited Institution with A+ Grade)
Gram Umrikheda, Khandwa Road, Indore-452 020
Phone: 0731-4243600 Fax: 0731-4243620

**ONLINE APPLICATION INVITED FOR FACULTY POSITIONS**

CDGI is an Institution with a difference. It is an initiative of the well known **Agarwal Group** which is one of the largest business and educational empires in Central India. Applications are invited from highly qualified & experienced teachers with a passion for teaching.

**CHAMELI DEVI GROUP OF INSTITUTIONS**
- **PROFESSORS • ASSOCIATE PROFESSORS**
- **ASSISTANT PROFESSORS**

CSE, IT, EC, ME, Civil (Engineering), MCA Physics, Mathematics, General Management, Finance, HR, Marketing, IT **(Management Course)**

**CHAMELI DEVI INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES**
- **PROFESSORS • ASSOCIATE PROFESSORS**
- **ASSISTANT PROFESSORS**

Computer Science / Application, Management, International Business / Foreign Trade, Commerce, Physics, Mathematics, Hindi and English
**Note:** Candidates having NET / SET / Ph.D. will be preferred.

**CHAMELI DEVI INSTITUTE OF PHARMACY**
- **PROFESSORS • ASSOCIATE PROFESSORS**
- **ASSISTANT PROFESSORS**

Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology, Pharmacognosy

**CHAMELI DEVI INSTITUTE OF LAW**
- **PRINCIPAL • PROFESSORS**
- **ASSO. PROFESSORS • ASST. PROFESSORS**

**For LL.B. / BBA LL.B. / B.A. LL.B.**
Law, Management, History, Political Science, Economic, English, Hindi.
**Note:** Candidates having NET / SET / Ph.D. will be preferred.

- **Non Technical Staff - Office, Library, Lab Technician, Sports & Transportation Staff. Qualification & Experience as per AICTE/ UGC/ PCI/ DAVV College Code-28/ RGPV Statute - 30 norms**

• Candidates having Master Degree may only apply • Candidates with teaching experience are preferred • Salary is not a constraint for deserving candidates • Free Local Conveyance Facility • Residential Facility available on campus as per CDGI regulations • EPF and Gratuity Facility

**Note:** Candidates interested for Adjutant/ Visiting/ Part Time position may also apply.

**Interested candidates can apply ONLY through the online application format available on our CDGI portal on or before 8 days from the date of publication of this advertisement.**

For any assistance Email to **hr@cdgi.edu.in** or contact help line **+91-731-4243600** (CDGI) **+91-731-4243613** (CDIPS) and **+91-98267-20320** (CDIP). Applicants have to compulsorily submit their **CV** as an attachment in PDF or Doc format along with the online application. Hard copies of application sent to the college will be summarily rejected.

**- GROUP DIRECTOR**

R-48246/2023

# MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011**

## IFB No. WB–62/1073

**No./2884/FA/WB/CMGSY/2023 Bhopal, Dated : 01.03.2023**

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Implementation of Engineering Improvements of Blackspots under Community Participatory Road Safety Program for selected stretches under Madhya Pradesh Road Development Corporation (MPRDC) Bhopal in Dhar (Ujjain Division)as under :-

| S. No. | Name of District | Number of Packages | Total Estimated Cost (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Ujjain | 1 | 5005000.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **03.03.2023 from 17.30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/108757/48252/2023

# मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-02, भोपाल**
**Mob. No. - 9425601534, ई-मेल :- bhopaldivision2@gmail.com**
**क्र.- मप्रपुआअविनि/131/प.यं/भोपाल-02/तशा/2023 भोपाल, दिनांक 27.02.2023**

## प्रेस विज्ञप्ति

"सीएम राइज योजना अंतर्गत जिला भोपाल में शासकीय कन्या उ.मा.वि. कमला नेहरू टी.टी. नगर भोपाल परिसर में स्थित पुराना नूतन सुभाष विद्यालय, लाईब्रेरी, स्टोर एवं अन्य संबंधित संरचनाओं का ध्वस्तीकरण कार्य तथा मलबे को हटाकर स्थल की साफ-सफाई के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-19/2022-23 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER NO 2023_MPPHC_255988_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 06.03.2023 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/108728/48248/2023 **परियोजना यंत्री**

# KDBM INTERNATIONAL SCHOOL

SIRONJ, DISTRICT VIDISHA (M.P.) - 464228
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI, CBSE Aff. No. 1031002

## TEACHERS REQUIRED

**Fluency in English is must for all post.**

**PGT / TGT / PRT : ALL SUBJECTS.**
**PTI, MUSIC, DANCE, AND LIBRARIAN.**

QUALIFICATION: As per CBSE norms.
SALARY : Attractive Salary.
Submit Your CV to School Office From 9:00 am to 4:00 pm or G-Mail at **kdbmschoolsironj@gmail.com** within 10 days.
Mob: 9826335496, 9993119303, 9826862397

**ADMISSIONS OPEN : 2023-24 (Nursery to 12th)**

R-48245/2023

# MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011**

## IFB No. WB–61/1072

**No./2881/FA/WB/CMGSY/2023 Bhopal, Dated : 01.03.2023**

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Implementation of Engineering Improvements of Blackspots under Community Participatory Road Safety Program for selected stretches under Public Works Department (PWD) Indore in Indore as under :-

| S. No. | Name of District | Number of Packages | Total Estimated Cost (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Indore | 1 | 11050000.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **03.03.2023 from 17.30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/108756/48251/2023

# MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011**

## IFB No. WB –63/1074

**No./2887/FA/WB/CMGSY/2023 Bhopal, Dated : 01.03.2023**

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Implementation of Engineering Improvements of Blackspots under Community Participatory Road Safety Program for selected stretches under Madhya Pradesh Rural Road Development Authority,Dhar in Dhar as under :-

| S. No. | Name of District | Number of Packages | Total Estimated Cost (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Dhar | 1 | 2572000.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website **from 03.03.2023 from 17.30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/108758/48253/2023

# खेल बजट ढाई गुना बढ़कर 738 करोड़ रुपये हुआ

**भोपाल,** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सर्वसमावेशी और लोक कल्याणकारी बजट प्रस्तुत हुआ है। यह बजट मध्यप्रदेश में अनंत संभावनाओं की बंद खिड़कियों को खोलने वाला बजट है। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि प्रदेश का बजट समग्र विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान का बजट है। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि अंत्योदय के प्रण और समग्र विकास के संकल्प को आधार देता यह बजट, नया मध्यप्रदेश और सशक्त मध्यप्रदेश की समृद्धि का संकल्प है।

खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिये खेल विभाग के बजट को बढ़ाकर 738 करोड़ रुपये किया गया है, जो वर्ष 2022-23 की तुलना में लगभग ढाई गुना अधिक है। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 का सफल आयोजन प्रदेश के 8 शहरों में किया गया। इन खेलों में अभूतपूर्व सफलता के कीर्तिमान स्थापित कर मध्यप्रदेश 39 स्वर्ण, 30 रजत एवं 27 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में तृतीय स्थान पर रहा है। इस आयोजन से प्रदेश में खेलों के लोकव्यापीकरण एवं नई खेल संस्कृति के विकास को बढ़ावा मिला है।

खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि प्रदेश में खेलों के विकास के लिये निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भोपाल को स्पोर्ट्स हब बनाने तथा प्रदेश में स्पोर्ट्स टूरिज्म को बढ़ाने के मद्देनजर नाथू बरखेड़ा भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स साइंस सेंटर की स्थापना की जा रही है।

# मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल**
**क्र./194, 197/तशा/प.यं./2023 दिनांक : 25.02.2023**

## प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल एवं अशोकनगर जिले में मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक (1) 2023_MPPHC_255762_1 **दिनांक 03.03.2023 समय 17.00 बजे तक** (2) 2023_MPPHC 255497_1, (3) 2023_MPPHC 255499_1 **दिनांक 09.03.2023 समय 17.00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/108735/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48249/2023

## समूह-4 के अंतर्गत सहायक ग्रेड-3, स्टेनोटायपिस्ट शीघ्रलेखक व अन्य पदों की सीधी भर्ती व सीधी भर्ती बैकलॉग हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2023 के संबंध में आवश्यक सूचना

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा समूह-4 के अंतर्गत सहायक ग्रेड-3, स्टेनोटायपिस्ट, शीघ्रलेखक व अन्य पदों की सीधी भर्ती व सीधी भर्ती बैकलॉग हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2023 कुल 2716 पदों हेतु दिनांक 13.12.2022 को विज्ञापित की गई थी। तत्पश्चात विभिन्न विभागों/कार्यालयों से प्राप्त संशोधन/नवीन प्रस्ताव के अनुसार उक्त परीक्षा के पदों में वृद्धि करते हुए कुल 3047 पदों हेतु अद्यतन नियमपुस्तिका मण्डल की अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड की गई है। उक्त परीक्षा हेतु आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन-पत्र **दिनांक 06.03.2023 से 20.03.2023 तक** भराए जायेंगे। परीक्षा दिनांक 02.07.2023 से प्रारम्भ होगी।

● परीक्षा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

**विज्ञापन क्र. - 54/2023**

**संचालक**
**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**
**'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011**
**Fax : +91-0755-2550498, website : www.peb.mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/108743/48250/2023

# MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011**

## IFB No. WB –64/1075

**No./2890/FA/WB/CMGSY/2023 Bhopal, Dated : 01.03.2023**

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Implementation of Engineering Improvements of Blackspots under Community Participatory Road Safety Program for selected stretches under Madhya Pradesh Road Development Corporation (MPRDC) Bhopal in Dhar as under :-

| S. No. | Name of District | Number of Packages | Total Estimated Cost (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Dhar | 1 | 973000.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **03.03.2023 from 17.30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/108759/48254/2023

# मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-02, भोपाल**
**Mobile : 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com**
**क्र.-मप्रपुआअविनि/137/प.यं/भोपाल-02/तशा/2023 भोपाल, दि. : 01.03.23**

## प्रेस विज्ञप्ति

सीएम राइज योजना अंतर्गत जिला भोपाल में शासकीय बालक उ.मा.वि. बैरसिया भोपाल परिसर में स्थित पुराना जर्जर भवन एवं प्रशासनिक स्कूल भवन का ध्वस्तीकरण कार्य तथा मलबे को हटाकर स्थल की साफ-सफाई के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-20/2022-23 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER NO-2023_MPPHC_256822_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 06.03.2023 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/108764/48255/2023 **परियोजना यंत्री**

# SHRI CLOTH MARKET INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES

(English Medium College approved by Govt. of M.P. and affiliated to DAVV, Indore)
"Vidhya Parisar", 70, Ganeshganj, Bada Ganpati, Indore 452 002
Ph.: 2410280, Email: scmipscollege@gmail.com

**Invites applications for regular (under College Code- St. 28) faculty position of**

## Assistant Professor (Full Time)

as under

| SUBJECT | No. of Posts | SUBJECT | No. of Posts | SUBJECT | No. of Posts |
|---|---|---|---|---|---|
| Economics | 02 | Hindi Literature | 02 | History | 02 |
| Political Science | 02 | English Literature | 02 | Computer Science | 03 |

Candidates are eligible to apply as per UGC/AICTE/ Inst. norms. Negotiable Salary with PF. Hand written application, Resume with enclosures must reach the Principal within 21 days.

**Principal**

R-48247/2023

प्रथम पृष्ठ का शेष

**मध्यप्रदेश का बजट 2023-24 ...**

वित्त मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, अध्ययन और अध्यापन के लिये वरदान है। विद्यालय, बच्चों में कौशल और संस्कारों के बीज बोकर उनके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास की नींव रखते हैं। प्रदेश में ऐसे सर्वसुविधा एवं साधनयुक्त 9 हजार 200 सी.एम. राइज स्कूलों को चरणबद्ध रीति से प्रारंभ किया जा रहा है।

- **मध्यप्रदेश में प्रारंभ किये गये 370 सी.एम. राइज स्कूल।**
- **इन स्कूलों में प्रतिवर्ष चार लाख विद्यार्थियों को मिलेगी उत्कृष्ट शिक्षा।**
- **सी.एम. राइज स्कूलों के लिये 3 हजार 230 करोड़ रुपये का प्रावधान।**

विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विगत 2 वर्षों में 17 हजार से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति दी गई है। 29 हजार शिक्षक संवर्ग के रिक्त पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया की जा रही है।

वित्त मंत्री ने कहा कि 'समृद्ध किसान-समृद्ध मध्यप्रदेश' की अवधारणा को साकार करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश के ऐसे किसान, जो सहकारी संस्था से लिये गये ऋणों की माफी के इंतजार में बकायादार हो गये हैं एवं खाद और बीज की सुविधा से वंचित हो गये हैं, की बकाया राशि पर ब्याज का दायित्व हमारी सरकार द्वारा लिया जाना प्रस्तावित है। सहकारी संस्था में पूर्व से डिफाल्टर कृषकों के ऋण पर ब्याज की राशि का दायित्व सरकार द्वारा वहन किया जाना प्रस्तावित है। इस व्यवस्था से सहकारी संस्था के माध्यम से प्रदेश के सभी किसान कृषि कार्यों के लिये शून्य ब्याज दर पर ऋण लेकर कृषि उत्पादन से अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे। इस उद्देश्य हेतु वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में कुल रुपये 2 हजार 500 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।

ग्रामीण कृषक अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार देने में पशुपालन की महती भूमिका है। गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मुख्यमंत्री गौ-सेवा योजना लागू है। प्रदेश में स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा 627 गौशालाओं का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री गौ-सेवा योजनांतर्गत 3 हजार 346 गौशालाओं के निर्माण स्वीकृत हैं, जिसमें निर्माण पूर्ण कर 1 हजार 135 संचालित हो चुकी हैं।

श्री देवड़ा ने कहा कि अधोसंरचना विस्तार, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप का प्रमुख स्तंभ है। प्रदेश के इतिहास में वर्ष 2022-23 में हमने अब तक की सर्वाधिक रुपये 48 हजार 800 करोड़ पूंजीगत मद में प्रावधानित की है। वर्ष 2023-24 के लिए रुपये 56 हजार 256 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है, जो कि गत वर्ष से 15 प्रतिशत अधिक है। पूंजीगत व्यय के सुपरिणाम भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2 हजार 450 किलोमीटर सड़क निर्माण, 2 हजार 56 किलोमीटर सड़क नवीनीकरण एवं 25 पुलों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। 3 हजार 124 किलोमीटर सड़कों के सुदृढ़ीकरण के कार्य को अभियान के रूप में लिया गया है। आगामी वर्षों में 7 हजार किलोमीटर की नवीन सड़कें, 12 हजार 389 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण तथा केन्द्रीय सड़क निधि से 625 किलोमीटर नवीन सड़क निर्माण प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के समस्त रेलवे क्रॉसिंग को समाप्त करने की दिशा में 105 रेलवे ओवर ब्रिज के साथ 334 पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित कुल 14 रोप-वे में से उज्जैन, ग्वालियर, पचमढ़ी तथा पातालकोट के रोप-वे निर्माण की कार्यवाही प्रगति पर है।

- **मध्यप्रदेश में 28 लाख हेक्टेयर से अधिक की सिंचाई क्षमता की जा रही है विकसित।**
- **सिंचाई परियोजनाओं के लिये बजट में 11 हजार 49 करोड़ रुपये का प्रावधान।**

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 2003 में कार्यभार संभाला तब प्रदेश में सिंचाई क्षमता मात्र 7 लाख 68 हजार हेक्टेयर की थी। हमारी सरकार के सतत और योजनाबद्ध प्रयास से प्रदेश में 45 लाख हेक्टेयर से अधिक का सिंचाई क्षेत्र निर्मित हो चुका है। वर्ष 2025 तक आश्वासित सिंचाई क्षेत्रफल को बढ़ाकर 65 लाख हेक्टेयर तक किया जायेगा।

श्री देवड़ा ने कहा कि ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो चुका है। प्रदेश में समेकित ऊर्जा क्षमता 28 हजार मेगावॉट हो गई है। दिनांक 13 जनवरी, 2023 को इतिहास में सर्वाधिक 17 हजार 170 मेगावॉट की शीर्ष मांग की पूर्ति की गई।

वित्त मंत्री ने कहा कि ''मैं उद्यमी हूं मुझे भरोसा है अपने जुनून पर।'' प्रदेश के उद्यमियों के इसी भरोसे और जुनून को हमारी सरकार का समर्थन तथा सहयोग निरंतर रूप से प्राप्त हो रहा है। प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, अधिकतम निवेश और अधिकतम रोज़गार।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का सफल आयोजन इंदौर में किया गया। 84 देशों के प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। जिसके फलस्वरूप प्रदेश के औद्योगिक विकास में समग्र रूप से 15 लाख 42 हजार करोड़ से अधिक के पूंजी निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुये, जिसमें लगभग 29 लाख व्यक्तियों को रोज़गार प्राप्त होना संभावित है।

- **मध्यप्रदेश में सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों के 22 औद्योगिक क्लस्टर किये जा चुके हैं स्वीकृत।**
- **इन क्लस्टरों में 50 हजार लोगों को मिलेगा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गार।**

उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 2 हजार 750 से अधिक स्टार्ट-अप तथा 51 इन्क्युबेटर्स कार्यरत हैं। स्टार्ट-अप नीति 2022 के लागू होने के पश्चात लगभग 800 स्टार्ट-अप एवं 18 नवीन इन्क्युबेटर्स स्थापित हुये हैं। प्रदेश के स्टार्ट-अप सेंटर द्वारा वर्ष 2023-24 में उच्च शिक्षा संस्थानों में लगभग 100 बूटकैंप के साथ-साथ राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनी एवं व्यापार मेले में भाग लेने के लिये स्टार्ट-अप को अवसर दिये जायेंगे।

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि शासकीय प्रक्रियाओं के दक्षता संवर्धन हेतु सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाये। यह भी प्रयास है कि नागरिक सुविधा के कार्यों में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर इसे अधिक सुगम, तत्पर और पारदर्शी बनाया जाये।

श्री देवड़ा ने कहा कि हमारा प्रदेश, जनजाति बहुल राज्यों में अग्रणी स्थान पर है। प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों के विकास एवं उनके हितों के संरक्षण के लिए अब तक किये गये कार्यों के परिणामस्वरूप जनजाति क्षेत्र में अधोसंरचना का विकास हुआ है, रोज़गार-स्वरोज़गार के अवसर बढ़े हैं तथा जनजातीय समाज, मुख्यधारा से जुड़ा है।

अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत का विस्तार (पेसा अधिनियम) के तहत पेसा नियम, नवंबर, 2022 से लागू किये गये हैं। प्रदेश की कुल 5 हजार 210 ग्राम पंचायतों तथा 11 हजार 783 ग्रामों में ये नियम लागू है। इसमें अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम सभाओं को, जनजातियों के सामाजिक तथा आर्थिक विकास के विशेष अधिकार, यथा वन उपजों का मूल्य निर्धारण, गांव के मजदूर को मांग आधारित रोज़गार, साहूकार के खिलाफ कार्यवाही की सिफारिश, परंपरा और संस्कृति का संरक्षण, ग्राम विकास की कार्ययोजना के साथ स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनवाड़ी आदि की निगरानी एवं निरीक्षण के अधिकार सौंपे गए हैं।

वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वन भूमि पर काबिज वन निवासियों को 4 हेक्टेयर तक की भूमि के वन अधिकार प्रमाण-पत्र दिये जाते हैं। अब तक 2 लाख 74 हजार 966 व्यक्तिगत एवं सामुदायिक उपयोग हेतु 29 हजार 966 वन अधिकार प्रमाण-पत्र वितरित किये जा चुके हैं। प्रदेश के 827 वनग्रामों में से 450 से अधिक वनग्रामों का परिवर्तन राजस्व ग्राम में किया जा चुका है। इससे वनग्राम वासियों को मूलभूत सुविधायें तथा वनग्रामों के अभिलेख राजस्व ग्रामों के अनुरूप बन सकेंगे।

वित्त मंत्री ने कहा कि ''बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय'' की भावना की यह सरकार प्रदेश के उन वर्गों के लिए प्रतिबद्धता से निरंतर कार्य कर रही है, जिन्हें अभी भी सामाजिक व आर्थिक रूप से मुख्य धारा में आने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। प्रदेश की अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को विभिन्न छात्रवृत्तियों के माध्यम से लगभग 23 लाख विद्यार्थियों को लाभांवित करने का लक्ष्य है। वर्तमान में 45 विद्यार्थी विदेश की शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत हैं। 8 हजार युवाओं को रोज़गारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा महिलाओं के आर्थिक उन्नयन के लिए भी योजना प्रारंभ की गई है।

प्रदेश के 10 संभागीय मुख्यालयों में संचालित ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय की कुल विद्यार्थी क्षमता 6 हजार 400 है। इन विद्यालयों में चरणबद्ध रूप से सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं।

डॉ. अम्बेडकर तथा संत रविदास जी की जयंती पर इन महान व्यक्तित्वों का श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। संत रविदास जी के भव्य स्मारक का निर्माण, सागर में किया जाएगा।

श्री देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार का सदैव यह प्रयास रहा है कि असहाय, गरीब तथा जरूरतमंद वर्ग को सरलता, सुगमता तथा पारदर्शिता से राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। हमारी सरकार द्वारा वृद्धजनों, निराश्रितों, दिव्यांगजनों, कन्याओं, कल्याणी, परित्यक्ताओं आदि के लिये चालू किये गये कल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर संचालित हैं। इन वर्गों के कल्याण हेतु रुपये 3 हजार 986 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।

हमारी सरकार ने ऐसे बच्चों जिनके माता-पिता जीवित नहीं हैं, के आर्थिक एवं शैक्षणिक सहयोग का दायित्व मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना एवं मुख्यमंत्री कोविड बाल सेवा योजना के अंतर्गत लिया है। इन योजनाओं के अंतर्गत 4 हजार 704 अनाथ बच्चों को सहायता दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान के द्वारा नशामुक्ति के लिए प्रदेश में वृहद स्तर पर जन-जागृति अभियान का परिणाम है कि नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश, पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा है तथा देश के चिह्नांकित 272 जिलों में दतिया जिला प्रथम स्थान पर रहा है।

माननीय सदस्यों को यह अवगत कराते हुये प्रसन्नता है कि श्री महाकाल महालोक के लोकार्पण के बाद से मध्यप्रदेश में धार्मिक पर्यटन की वृद्धि होने से निकटस्थ क्षेत्र के निवासियों को रोज़गार के अवसर भी निर्मित हुये हैं। ओंकारेश्वर में एकात्म-धाम की स्थापना भी इसी दिशा में किया गया श्रद्धायुक्त प्रयास है। प्रदेश के अन्य आस्था केन्द्रों जैसे - सलकनपुर में श्री देवी महालोक, सागर में संत रविदास स्मारक, ओरछा में रामराजा लोक, चित्रकूट में दिव्य वनवासी राम लोक को भी श्रद्धापूर्ण स्वरूप दिया जायेगा। इस हेतु वर्ष 2023-24 में रुपये 358 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में इण्डियन पब्लिक हेल्थ स्टैण्डर्ड्स के मापदण्डों को लागू करेगी। हेल्थ एण्ड वेलनेस केन्द्र के रूप में परिवर्तित प्रदेश की 10 हजार उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवायें यथा प्रसव देखभाल नवजात और शिशु स्वास्थ्य देखभाल एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

जिला अस्पतालों में निजी भागीदारी से वेट लीज मॉडल के माध्यम से 132 प्रकार की निःशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में हब एण्ड स्पोक मॉडल के तहत 45 प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में योग्य एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए विद्यमान चिकित्सा महाविद्यालयों में सीट्स वृद्धि एवं नवीन चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। आगामी वर्षों में प्रदेश में शासकीय क्षेत्र के कुल 25 चिकित्सा महाविद्यालय कार्यशील हो जायेंगे। चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या में वृद्धि से निकटस्थ जिलों की जनसंख्या को समीप में ही विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से तृतीयक स्तर की चिकित्सा की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

प्रस्तावित चिकित्सा महाविद्यालयों के प्रारंभ होने से वर्तमान 2 हजार 55 एम.बी.बी.एस. सीट्स बढ़कर 3 हजार 605 हो जायेंगी। इसके अतिरिक्त स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिये 649 सीट्स बढ़कर 915 सीट्स उपलब्ध होंगी।

- **मध्यप्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के तहत एक करोड़ 8 लाख परिवारों को शामिल किया गया।**
- **इस योजना के लिये बजट में 953 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।**

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार, भू-माफियाओं से अतिक्रमित भूमि मुक्त कराकर, गरीब और आवासहीन परिवारों को सुराज योजना के अंतर्गत आवास निर्मित कर उपलब्ध करायेगी। नगरीय क्षेत्र के नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में स्थित शासकीय भू-खंडों के ऐसे अधिभोगियों को, निर्धारित प्रब्याजी एवं भू-भाटक पर 30 वर्षीय स्थायी पट्टे पर जारी किये जा रहे हैं।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 95 हजार शहरी गरीब युवाओं को रोज़गार हेतु प्रशिक्षित किया जायेगा। 60 हजार से अधिक युवाओं को रोज़गार अथवा स्व-रोज़गार से जोड़ा जायेगा। 12 हजार स्व-सहायता समूहों का गठन कर 1 लाख 20 हजार शहरी गरीब परिवारों को जोड़ा जायेगा। पी.एम. स्वनिधि योजना अंतर्गत 6 लाख 28 हजार शहरी पथ विक्रेताओं को रुपये 900 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत मूल सर्वे में सम्मिलित सभी हितग्राहियों को आवास स्वीकृत किये जा चुके हैं। ऐसे आवासहीन, जिनका मूल पात्रता सूची में नाम नहीं आ सका उन्हें आवास प्लस योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है। इस योजनांतर्गत रुपये 8 हजार करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।

हमारी सरकार का निरंतर प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक परिवार को न्यूनतम मूलभूत आवश्यकताओं के साथ प्रतिष्ठापूर्ण जीवन यापन करने का अवसर मिले। अतः हमारी सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत क्षेत्र में ''आबादी क्षेत्र'' की भूमि पर पात्र परिवारों को आवासीय भू-खण्ड उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना प्रारंभ की है।

स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी का सर्वेक्षण कर 10 हजार 217 ग्रामों में अधिकार अभिलेख के प्रकाशन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा अनुसार पंचायती राज संस्थाओं को स्थानीय विकास के लिये वर्ष 2023-24 में रुपये 1 हजार 906 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। ग्राम विकास के लिये कुल रुपये 31 हजार 774 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।

**कर-प्रस्ताव**

गत वर्ष के बजट की तरह इस बजट में भी कोई नवीन कर अधिरोपित करने अथवा किसी भी कर की दर बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं है।

विकासकर्ता को विक्रय का अधिकार देने वाले विकास अनुबंध पर देय स्टाम्प शुल्क 2.5 प्रतिशत से घटाकर 1.5 प्रतिशत किया जाएगा।

भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (RERA) में पंजीकृत निजी विकासकर्ताओं द्वारा ई.डब्ल्यू.एस. के पक्ष में निष्पादित विक्रय विलेखों पर देय स्टाम्प शुल्क 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य प्रतिशत किया जायेगा। इससे प्रतिवर्ष लगभग 3 हजार 500 ई.डब्ल्यू.एस. हितग्राहियों को लगभग रुपये 9 करोड़ की राहत मिलेगी।

विकास अनुज्ञा के एवज में विकासकर्ता द्वारा स्थानीय निकाय के पक्ष में नियमानुसार भूखण्ड बंधक रखे जाने पर निष्पादित बंधक विलेख पर देय स्टाम्प शुल्क 0.5 प्रतिशत से घटाकर 0.125 प्रतिशत किया जाएगा।

**पुनरीक्षित अनुमान 2022-23**

पुनरीक्षित अनुमान के अनुसार कुल राजस्व प्राप्तियां रुपये 2 लाख 3 हजार 967 करोड़ तथा राजस्व व्यय रुपये 2 लाख 2 हजार 468 करोड़ अनुमानित है। राजस्व आधिक्य का पुनरीक्षित अनुमान रुपये 1 हजार 499 करोड़ अनुमानित है जो कि राज्य सकल घरेलू उत्पाद का 0.12 प्रतिशत होगा। माननीय प्रधानमंत्री जी के हम आभारी हैं, कि केन्द्रीय करों से हिस्से के रूप में बजट अनुमान की तुलना में रुपये 10 हजार 436 करोड़ की राशि अधिक प्राप्त होने का अनुमान है।

**बजट अनुमान 2023-24**

वर्ष 2023-24 में कुल राजस्व प्राप्तियों का बजट अनुमान रुपये 2 लाख 25 हजार 710 करोड़ है। राजस्व प्राप्तियों में राज्य करों से प्राप्तियां रुपये 86 हजार 500 करोड़ तथा केन्द्रीय करों में प्रदेश के हिस्से के अंतर्गत प्राप्तियां रुपये 80 हजार 184 करोड़ अनुमानित है। कर भिन्न राजस्व प्राप्तियां रुपये 14 हजार 913 करोड़ तथा केंद्र सरकार से सहायक अनुदान अंतर्गत प्राप्तियां रुपये 44 हजार 113 करोड़ अनुमानित है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रदेश के स्वयं के कर राजस्व एवं गैर कर राजस्व में वर्ष 2022-23 के बजट अनुमान की तुलना में लगभग 17 प्रतिशत अधिक अनुमान है।

राजस्व प्राप्तियों का वर्ष 2022-23 का बजट अनुमान रुपये 1 लाख 95 हजार 180 करोड़ का है, जिसे रुपये 30 हजार 530 करोड़ बढ़ाकर वर्ष 2023-2024 के लिये रुपये 2 लाख 25 हजार 710 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

# सामान्य अध्ययन

**प्रश्न 1. निम्नलिखित में से किसकी सिफारिश पर केंद्र द्वारा राज्यों को वैधानिक अनुदान दिए जाते हैं?**
(अ) नीति आयोग
(ब) राष्ट्रीय परिषद्
(स) वित्त मंत्रालय
(द) वित्त आयोग
**उत्तर - (द) वित्त आयोग**

**प्रश्न 2. भारतीय संघ किसके प्रतिरूप से लिया गया है?**
(अ) रूस (ब) अमेरिका
(स) कनाडा (द) स्विट्जरलैंड
**उत्तर - (स) कनाडा**

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किस अधिनियम में यह प्रावधान था कि भारतीय गतिविधियों पर ब्रिटिश सरकार का सीधा नियंत्रण होगा?**
(अ) चार्टर अधि. 1858
(ब) रेग्युलेटिंग अधि. 1773
(स) पिट्स इंडिया एक्ट 1784
(द) चार्टर अधि. 1833
**उत्तर - (स) पिट्स इंडिया एक्ट 1784**

**प्रश्न 4. 'अखिल भारतीय सेवाओं का जनक' निम्न में से किसे माना जाता है?**
(अ) लॉर्ड मैकाले
(ब) लॉर्ड कार्नवालिस
(स) बी.आर. अंबेडकर
(द) सरदार पटेल
**उत्तर - (द) सरदार पटेल**

**प्रश्न 5. भारत में प्रथम नगर निगम की स्थापना मद्रास में किस वर्ष में हुई थी?**
(अ) 1767 (ब) 1687
(स) 1667 (द) 1678
**उत्तर - (ब) 1687**

**प्रश्न 6. क्षेत्रीय परिषद की स्थापना निम्नलिखित में से किस प्रावधान के द्वारा हुई?**
(अ) संविधान के अनुच्छेद 263
(ब) राज्य पुनर्गठन अधि. द्वारा
(स) क्षेत्रीय परिषद् अधि. द्वारा
(द) भारत के राष्ट्रपति के आदेश
**उत्तर - (ब) राज्य पुनर्गठन अधि. द्वारा**

**प्रश्न 7. आचरांग सूत्र एवं कल्पसूत्र नामक ग्रंथों का संबंध किस सम्प्रदाय से है?**
(अ) जैन (ब) बौद्ध
(स) शैव (द) वैष्णव
**उत्तर - (अ) जैन**

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किसे मतदान हेतु लोकसभा में प्रस्तुत किए जाने से पहले लोक लेखा समिति का अनुमोदन प्राप्त होना चाहिए।**
(अ) अतिरिक्त अनुदान
(ब) अपवादानुदान
(स) सांकेतिक अनुदान
(द) अतिरेक अनुदान
**उत्तर - (द) अतिरेक अनुदान**

**प्रश्न 9. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?**
(अ) अनुच्छेद 153 - राज्यपाल का कार्यकाल
(ब) अनुच्छेद 156 - राज्यपाल की पदावधि
(स) अनुच्छेद 154 - राज्यपाल का कार्यकारी प्राधिकार
(द) अनुच्छेद 155 - राज्यपाल को हटाना
**उत्तर - (द) अनुच्छेद 155 - राज्यपाल को हटाना**

**प्रश्न 10. जिला और सत्र - दोनों न्यायाधीश निम्नलिखित में से किसके नियंत्रण में कार्य करते हैं।**
(अ) जिलाधीश
(ब) राज्य के राज्यपाल
(स) राज्य के विधि मंत्री
(द) उच्च न्यायालय
**उत्तर - (द) उच्च न्यायालय (संबंधित राज्य के)**

**प्रश्न 11. निम्न में से कौनसा सुमेलित नहीं है।**
(अ) कथासरितसागर - छेमेन्द्र
(ब) दशकुमार चरित - दंडिन
(स) पृथ्वीराज विजय - जयानक
(द) प्रबंध कोश - राजशेखर
**उत्तर - (अ) कथासरितसागर - छेमेन्द्र**

**प्रश्न 12. निम्न में से किस राज्य की सीमा बांग्लादेश को स्पर्श नहीं करती है।**
(अ) प. बंगाल
(ब) असम
(स) मेघालय
(द) अरुणाचल प्रदेश
**उत्तर - (द) अरुणाचल प्रदेश**

**प्रश्न 13. मरकत द्वीप (एमराल्ड आईलैण्ड) के नाम से प्रसिद्ध है?**
(अ) लक्षद्वीप
(ब) अण्डमान निकोबार
(स) दमन दीव
(द) न्यु मुर द्वीप
**उत्तर - (ब) अण्डमान निकोबार**

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान भूमध्य रेखा के निकटतम है?**
(अ) कन्याकुमारी
(ब) अगाती
(स) इंदिरा पॉइण्ट
(द) मिनीकाय
**उत्तर - (स) इंदिरा पॉइण्ट**

**प्रश्न 15. असम में दिहांग सीरीज हिमालय के किस भाग का प्रतिनिधित्व करता है?**
(अ) शिवालिक क्रम
(ब) ट्रांस हिमालय
(स) वृहद् हिमालय
(द) लघु हिमालय
**उत्तर - (अ) शिवालिक क्रम**

**प्रश्न 16. उत्तरी तथा दक्षिणी भारत के बीच प्राकृतिक विभाजक के रूप में कौनसी पर्वत श्रेणी जानी जाती है?**
(अ) अरावली
(ब) सतपुड़ा
(स) विंध्याचल
(द) पश्चिमी घाट
**उत्तर - (स) विंध्याचल श्रेणी**

**प्रश्न 17. कोपेन की भारतीय जलवायु वर्गीकरण की पद्धति किन तत्वों पर आधारित है -**
(अ) तापमान व वर्षा
(ब) वायुदाब व पवन
(स) समुद्र तट से दूरी
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर - (अ) तापमान व वर्षा**

**प्रश्न 18. निम्नांकित में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(अ) कर्नाटक और दक्षिण-पश्चिमी आन्ध्र प्रदेश में शुष्क सवाना वनस्पति पाई जाती है।
(ब) सतपुड़ा पर्वत माला पर उष्णकटिबन्धीय पर्णपाती वनस्पति पाई जाती है।
(स) साल वनों का सर्वाधिक क्षेत्रफल ओडिशा में है।
(द) राज्य के कुल क्षेत्रफल में वनों का सर्वाधिक प्रतिशत म.प्र. में है।
**उत्तर - (द) राज्य के कुल क्षेत्रफल में वनों का सर्वाधिक प्रतिशत म.प्र. में है।**

**प्रश्न 19. भारतीय-अफ्रीकन प्लेट के संगम पर भारत का कौन-सा राज्य स्थित है?**
(अ) महाराष्ट्र (ब) गुजरात
(स) केरल (द) ओडिशा
**उत्तर - (ब) गुजरात**

**प्रश्न 20. म.प्र. के किस प्राकृतिक प्रदेश द्वारा राज्य का दो तिहाई क्षेत्र निर्मित होता है?**
(अ) मालवा का पठार
(ब) सतपुड़ा मैकाल श्रेणी
(स) बघेलखण्ड पठार
(द) मध्य उच्च प्रदेश
**उत्तर - (द) मध्य उच्च प्रदेश**

**प्रश्न 21. म.प्र. के किस भौतिक प्रदेश को विंध्यन कगार कहा जाता है?**
(अ) सतपुड़ा मैकल श्रेणी
(ब) रीवा-पन्ना पठार
(स) मालवा पठार
(द) बुंदेलखण्ड पठार
**उत्तर - (ब) रीवा-पन्ना पठार**

**प्रश्न 22. मध्यप्रदेश में किस भौतिक भू-भाग के अंतर्गत राज्य का दूसरा सबसे बड़ा कोयला क्षेत्र स्थित है?**
(अ) सतपुड़ा मैकाल श्रेणी
(ब) बघेलखण्ड पठार
(स) रीवा-पन्ना पठार
(द) मध्य भारत पठार
**उत्तर - (ब) बघेलखण्ड पठार**

**प्रश्न 23. लम्हेरा/लम्हेटा हिल्स कहां पर है?**
(अ) पचमढ़ी (ब) जबलपुर
(स) विदिशा (द) रायसेन
**उत्तर - (ब) जबलपुर**

**प्रश्न 24. म.प्र. का प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी कहां स्थित है?**
(अ) ग्वालिगढ़ पहाड़ी
(ब) महादेव पहाड़ी
(स) राजपीपला पहाड़ी
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर - (ब) महादेव पहाड़ी**

**प्रश्न 25. मुंह बंद करने वाला अधिनियम (Gagging Act) के नाम से किस एक्ट को जाना जाता है?**
(अ) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट
(ब) 1867 का पंजीकरण अधि.
(स) 1910 का भारतीय प्रेस अधि.
(द) 1931 का इंडियन प्रेस इमरजेंसी एक्ट
**उत्तर - (अ) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट**

**प्रश्न 26. भारत के किस गवर्नर जनरल के द्वारा 'डाक टिकटों का प्रचलन' करवाया गया था?**
(अ) लॉर्ड एलनबरो
(ब) लॉर्ड हार्डिंग
(स) लॉर्ड डलहौजी
(द) ऑकलैण्ड
**उत्तर - (स) लॉर्ड डलहौजी**

**प्रश्न 27. चर्चित इल्बर्ट विधेयक किस वायसराय के समय लाया गया था?**
(अ) लॉर्ड डफरिन
(ब) लॉर्ड लैंसडाउन
(स) लॉर्ड लिटन
(द) लॉर्ड रिपन
**उत्तर - (द) लॉर्ड रिपन**

**प्रश्न 28. 1916 के लखनऊ कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता किसके द्वारा की गई थी?**
(अ) अम्बिका चरण मजुमदार
(ब) गोपाल कृष्ण गोखले
(स) रासबिहारी बोस
(द) एनीबेसेंट
**उत्तर - (अ) अम्बिका चरण मजुमदार**

**प्रश्न 29. सित्तनवासल गुफाओं की चित्रकला का संबंध किस धर्म से है?**
(अ) बौद्ध (ब) ईसाई
(स) हिन्दू (द) जैन
**उत्तर - (द) जैन**

**प्रश्न 30. 'कटक-मुख हस्त' मुद्रा का संबंध किस नृत्य से है?**
(अ) ओडिशी
(ब) कथकली
(स) भरतनाट्यम
(द) मणिपुरी
**उत्तर - (स) भरतनाट्यम**

**प्रश्न 31. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा भारतीय षड्दर्शन का भाग नहीं है?**
(अ) मीमांसा और वेदांत
(ब) न्याय और वैशेषिक
(स) लोकायत और कापालिक
(द) सांख्य और योग
**उत्तर - (स) लोकायत और कापालिक**

**प्रश्न 32. शून्यता के सिद्धांत को प्रतिपादित करने वाले बौद्ध दार्शनिक कौन थे?**
(अ) नागार्जुन (ब) नागसेन
(स) आनंद (द) अश्वघोष
**उत्तर - (अ) नागार्जुन**

**प्रश्न 33. उत्तरमीमांसा की रचना किसके द्वारा की गई थी?**
(अ) जैमिनी
(ब) निम्बकाचार्य
(स) बादरायण
(द) कपिल
**उत्तर - (स) बादरायण**

**प्रश्न 34. 'इग्नाइटेड माइंड्स' नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है?**
(अ) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
(ब) खुशवंत सिंह
(स) नयनतारा सहगल
(द) वर्निया
**उत्तर - (अ) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**

**प्रश्न 35. मृदु साबुन प्राप्त करने के लिए वसीय अम्लों के साथ किस शक्तिशाली क्षारकों की क्रिया करायी जाती है?**
(अ) पोटेशियम हाइड्राक्साइड
(ब) सोडियम हाइड्राक्साइड
(स) बेरियम हाइड्राक्साइड
(द) कैल्शियम हाइड्राक्साइड
**उत्तर - (अ) पोटेशियम हाइड्राक्साइड**

**प्रश्न 36. पॉलिथिलीन ग्लाइकॉल किस प्रकार के अपमार्जकों को बनाने के लिए प्रयुक्त होते हैं?**
(अ) धनायनी (ब) ऋणायनी
(स) अनायनिक (द) साबुन
**उत्तर - (स) अनायनिक**

**प्रश्न 37. ऊर्जा की इकाई 'एक कैलोरी' का मान किसके बराबर है?**
(अ) 41.84 जूल
(ब) 4.184 अर्ग
(स) 4.184 जूल
(द) 101.24 अर्ग
**उत्तर - (स) 4.184 जूल**

**प्रश्न 38. जब बर्फ के दो घनों को एक-दूसरे के ऊपर दबाया जाता है, तो वे जुड़कर एक घन बना लेते हैं, इसका कारण है -**
(अ) वाण्डरवाल बल
(ब) द्विध्रुव आघूर्ण बल
(स) हाइड्रोजन बंध
(द) सह संयोजन आकर्षण
**उत्तर - (स) हाइड्रोजन बंध**

**प्रश्न 39. निम्न में से कौन-सा जीवित ऊतक, उच्चवर्गीय पौधों में जैव पोषक वाहक का कार्य करता है?**
(अ) जाइलम
(ब) फ्लोएम
(स) कोर्टेक्स
(द) एपीडर्मिस
**उत्तर - (ब) फ्लोएम**

**प्रश्न 40. रसायन संश्लेषित जीवाणु अपनी ऊर्जा कहां से प्राप्त करते हैं?**
(अ) सूर्य
(ब) अल्ट्रावायलेट किरणें
(स) कार्बनिक पदार्थ
(द) अकार्बनिक पदार्थ
**उत्तर - (द) अकार्बनिक पदार्थों के आक्सीकरण से**

**प्रश्न 41. ग्रीन मफलर क्या है?**
(अ) वायु प्रदूषण कम करने का एक तरीका
(ब) वनरोपण करने का तरीका
(स) ध्वनि प्रदूषण कम करने के लिए सड़कों के किनारे वृक्षारोपण
(द) कम्पन कम करने का एक प्रक्रम
**उत्तर - (स) ध्वनि प्रदूषण कम करने के लिए सड़कों के किनारे वृक्षारोपण**

**प्रश्न 42. वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट किसके द्वारा तैयार की जाती है?**
(अ) यूरोपीय केंद्रीय बैंक
(ब) IMF
(स) IBRD
(द) आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन
**उत्तर - (ब) IMF (अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष)**

**प्रश्न 43. भारत में नगरीय क्षेत्रों में बी.पी.एल. परिवारों की पहचान के लिए निम्न में से कौनसी समिति गठित की गई थी?**
(अ) तेंदुलकर समिति
(ब) सक्सेना समिति
(स) लकड़वाला समिति
(द) हाशिम समिति
**उत्तर - (द) हाशिम समिति**

**प्रश्न 44. निम्न में से किस नदी का प्राचीन नाम शतुद्री था?**
(अ) झेलम (ब) चेनाब
(स) रावी (द) सतलज
**उत्तर - (द) सतलज**

**प्रश्न 45. केन नदी किस नेशनल पार्क से गुजरती है?**
(अ) पेंच नेशनल पार्क
(ब) कान्हा - किसली
(स) बांधवगढ़ नेशनल पार्क
(द) पन्ना नेशनल पार्क
**उत्तर - (द) पन्ना नेशनल पार्क**

**प्रश्न 46. बद्दु जनजाति कहां पाई जाती है?**
(अ) पूर्वी अफ्रीका
(ब) अरब
(स) न्यूजीलैंड
(द) कालाहारी मरुस्थल
**उत्तर - (ब) अरब**

**प्रश्न 47. धुमकोरिया किस जनजाति की सामाजिक संस्था है?**
(अ) उरांव (ब) हो
(स) गोंड (द) कोल
**उत्तर - (अ) उरांव जनजाति**

**प्रश्न 48. म.प्र. के खिलाड़ी विवेक सागर का संबंध किस खेल से है?**
(अ) हॉकी
(ब) फुटबॉल
(स) टेबल टेनिस
(द) बैडमिण्टन
**उत्तर - (अ) हॉकी**

**प्रश्न 49. इक्वेस्ट्रियन अकादमी कहां पर अवस्थित है?**
(अ) जबलपुर
(ब) भोपाल
(स) शिवपुरी
(द) ग्वालियर
**उत्तर - (ब) भोपाल**

कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

# केन्द्रीय बजट 2023-24 पर आधारित प्रश्न

**1. आगामी तीन वर्षों में केन्द्र सरकार द्वारा आदिवासी छात्रों के लिये कितने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय प्रारंभ करने का प्रस्ताव है ?**
अ) 720 ब) 740
स) 780 द) 800
उत्तर- (ब)

**2. 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस सुपर फूड को बजट में किस नाम से संबोधित किया गया है ?**
अ) श्री अन्न
ब) अन्न श्री
स) बाजरा श्री
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (अ)

**3. युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के लिये कुशल बनाने के लिये कितने स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव है ?**
अ) 20 ब) 22
स) 25 द) 30
उत्तर- (द)
**व्याख्या -** ये सेन्टर विभिन्न राज्यों में बनाये जायेंगे।

**4. महिला सम्मान बचत पत्र योजना इस बजट में घोषित की गई है। इस योजना के तहत महिलायें अधिकतम कितनी राशि की बचत कर सकती हैं ?**
अ) 2 लाख रु. ब) 3 लाख रु.
स) 4 लाख रु. द) 5 लाख रु.
उत्तर - (अ)
**व्याख्या -** इस राशि पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज प्राप्त होगा।

**5. इस बजट में कितने लाख रुपये तक की सालाना कमाई कर रहित रहेगी ?**
अ) 5 लाख रु. ब) 7 लाख रु.
स) 8 लाख रु. द) 9 लाख रु.
उत्तर -(ब)
**व्याख्या -** बजट 23-24 में 7 लाख रुपये सालाना तक की आय नई कर संरचना प्रणाली में कर रहित रहेगी।

**6. बजट 2023-24 में किस मंत्रालय को सर्वाधिक राशि का आवंटन किया गया है ?**
अ) शिक्षा मंत्रालय
ब) रक्षा मंत्रालय
स) कृषि मंत्रालय
द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
उत्तर - (ब)

**7. बजट 2023-24 में कितनी प्रमुख प्राथमिकतायें बताई गई हैं ?**
अ) 4 ब) 6
स) 7 द) 9
उत्तर - (स)
**व्याख्या -** इन प्राथमिकताओं को सप्तर्षि भी कहा गया है। ये प्राथमिकतायें हैं- समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे और निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र।

**8. वर्तमान बजट में नई कर संरचना में आयकर के कितने स्लैब निश्चित किये गये हैं ?**
अ) 6 ब) 5
स) 7 द) 4
उत्तर - (ब)

**9. वर्ष 2023-24 के बजट में कितने प्रतिशत राजकोषीय घाटे का अनुमान है ?**
अ) 3.5 प्रतिशत ब) 4.5 प्रतिशत
स) 5.9 प्रतिशत द) 6.5 प्रतिशत
उत्तर- स)

**10. निम्नलिखित में से कौनसा बजट 'भारत का पहला पेपरलेस' बजट है ?**
अ) बजट 20-21 ब) बजट 21-22
स) बजट 22-23 द) बजट 23-24
उत्तर - (ब)
**व्याख्या -** पहली बार 21-22 का बजट पेपरलेस बजट था। इस वर्ष तीसरा पेपरलेस बजट है।

**11. आत्मनिर्भर क्लीन प्लांट प्रोग्राम में कितने करोड़ रुपये व्यय करने का प्रावधान किया गया है ?**
अ) 2500 करोड़ रुपये
ब) 2200 करोड़ रुपये
स) 2900 करोड़ रुपये
द) 3000 करोड़ रुपये
उत्तर - (ब)

**12. सिकल सेल एनीमिया को किस वर्ष तक समाप्त करने का लक्ष्य इस बजट में रखा गया है ?**
अ) 2040 ब) 2050
स) 2047 द) 2075
उत्तर - (स)

**13. इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ मिलेट्स रिसर्च किस शहर में स्थित है ?**
अ) हैदराबाद ब) नई दिल्ली
स) बेंगलुरु द) मुंबई
उत्तर - (अ)

**14. वर्ष 2023-24 में कितने नये नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने का प्रस्ताव है ?**
अ) 157 ब) 174
स) 189 द) 210
उत्तर - (अ)

**15. दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कितनी ग्रामीण महिलाओं के स्व-सहायता समूह बनाये गये हैं ?**
अ) 72 लाख ब) 81 लाख
स) 98 लाख द) 84 लाख
उत्तर - (ब)
**व्याख्या -** बजट के अनुसार सरकार इन समूहों को बड़े उत्पादक उद्यमों या व्यावसायिक रूप से प्रबंधित समूहों के गठन के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनायेगी।

**16. MISHTI 'मैंग्रोव इनिशिएटिव फॉर शोरलाइन हैबिटैट्स एंड टेंजिबल इनकम्स' किससे संबंधित है ?**
अ) शहद के उत्पादन
ब) मैंग्रोव वृक्षारोपण
स) शक्कर के उत्पादन
द) नदी से
उत्तर - (ब)

**17. PM - PRANAM किससे संबंधित है ?**
अ) वृक्षारोपण
ब) जल संरक्षण
स) उर्वरकों का संतुलित प्रयोग
द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (स)
**व्याख्या -** केन्द्रीय बजट 23-24 में PM-प्रोग्राम फॉर रेस्टोरेशन अवेयरनेस नरिशमेंट एंड अमिलियरेशन ऑफ मदर अर्थ PM-PRANAM की घोषणा की गई है।

**18. कृषकों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिये प्रोत्साहित करने के लिये अगले तीन वर्षों में कितने बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर खोलना प्रस्तावित है ?**
अ) 5000 ब) 10000
स) 8000 द) 7000
उत्तर - (ब)

**19. गोवर्धन स्कीम के तहत कितने नये संयंत्रों की स्थापना की जायेगी ?**
अ) 400 ब) 450
स) 500 द) 600
उत्तर - (स)

**20. बजट 2023-24 के अनुसार पीएम आवास योजना में बजट कितने प्रतिशत बढ़ाया गया है ?**
अ) 70 प्रतिशत ब) 80 प्रतिशत
स) 90 प्रतिशत द) 66 प्रतिशत
उत्तर - (द)

**21. बजट 23-24 में ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के लिये कितनी राशि आवंटित की गई है ?**
अ) 19744 करोड़ रुपये
ब) 20000 करोड़ रुपये
स) 24000 करोड़ रुपये
द) 25000 करोड़ रुपये
उत्तर - (अ)
**व्याख्या -** ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का लक्ष्य 2030 तक 5 मिलियन टन ऊर्जा उत्पादित करना है।

**22. वर्ष 23-24 के बजट में वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की सीमा हो गई है -**
अ) 4.5 लाख रुपये
ब) 9 लाख रुपये
स) 15 लाख रुपये
द) 30 लाख रुपये
उत्तर - (द)

**23. पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना किसके लिये प्रारंभ की गई है ?**
अ) कारीगरों
ब) शिल्पकारों
स) उपरोक्त दोनों
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स)

**24. बजट के अनुसार इस वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर कितने प्रतिशत रहने का अनुमान है ?**
अ) 5% ब) 6%
स) 7% द) 8%
उत्तर - (स)

**25. प्रधानमंत्री पीव्हीटीजी (PVTG) कार्यक्रम किससे संबंधित है ?**
अ) भिखारियों
ब) आदिवासी समूहों
स) कृषकों
द) शिल्पकारों
उत्तर - (ब)

**26. बजट 2023-24 में 'शून्य कार्बन' का लक्ष्य कब तक प्राप्त करने का है ?**
अ) 2060 ब) 2070
स) 2075 द) 2080
उत्तर - (ब)

**27. इस वर्ष के बजट में रेल बजट कितने करोड़ रुपये का प्रस्तुत किया गया है ?**
अ) 2.4 लाख करोड़ रुपये
ब) 2.7 लाख करोड़ रुपये
स) 3.0 लाख करोड़ रुपये
द) 3.8 लाख करोड़ रुपये
उत्तर - (अ)

**28. 'भारतश्री' की स्थापना किस लिये की जायेगी ?**
अ) प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण के लिये
ब) मिलेट्स के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिये
स) उर्वरक के उत्पादन को बढ़ाने के लिये
द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
उत्तर - (अ)

**29. 'अमृत धरोहर' किससे संबंधित है ?**
अ) उर्वरकों के प्रयोग के लिये
ब) आर्द्र भूमियों के उच्चतम उपयोग के लिये
स) वृक्षारोपण के लिये
द) बाजरे के उत्पादन के लिये
उत्तर - (ब)

**30. इस वर्ष के बजट में राज्यों को कितने वर्ष का ब्याज मुक्त ऋण देने की घोषणा की गई है ?**
अ) 50 ब) 60
स) 75 द) 80
उत्तर - (अ)

**31. नई कर व्यवस्था के तहत 5 करोड़ रुपये से अधिक की आय पर उच्चतम अधिभार दर कितने प्रतिशत कर दी गई है ?**
अ) 37 ब) 25
स) 20 द) 15
उत्तर - (ब)

**32. गैर-सरकारी वेतनभोगी कर्मचारियों के लिये सेवानिवृत्ति पर छुट्टी नकदीकरण पर कर छूट की सीमा कितनी कर दी गई है ?**
अ) 15 लाख रुपये
ब) 20 लाख रुपये
स) 25 लाख रुपये
द) 30 लाख रुपये
उत्तर - (स)

**33. बजट 23-24 के अनुसार सरकार का सर्वाधिक व्यय किस मद में होता है ?**
अ) करों और शुल्कों में राज्यों का हिस्सा
ब) ब्याज भुगतान
स) केन्द्रीय क्षेत्र की योजनायें
द) रक्षा
उत्तर - (ब)

**34. बजट 23-24 के अनुसार सरकार की आय का सबसे बड़ा स्रोत क्या है ?**
अ) ऋण और अन्य देयतायें
ब) वस्तु एवं सेवा कर
स) आयकर
द) निगम कर
उत्तर - (अ)

**- डॉ. माया राठी**
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

---

**पन्ना मझगाय परियोजना**

## सौ से अधिक गांव होंगे लाभान्वित

**भोपाल,** श्रम एवं खनिज साधन मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने विधानसभा स्थित कक्ष में पन्ना जिले की 'पन्ना मझगाय परियोजना' एवं जल जीवन मिशन के संबंध में आयोजित बैठक में कहा कि 'पन्ना मझगाय परियोजना' से पन्ना के अजयगढ़ स्थित सौ से अधिक गांव लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से लाखों ग्रामीणवासियों को 'जल जीवन मिशन' के माध्यम से पानी की पूर्ति का लाभ मिलेगा।

खनिज मंत्री ने कहा कि यह पन्ना के अजयगढ़ में निवास कर रहे ग्रामीणों के लिए 'पन्ना मझगाय परियोजना' महत्वकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि अजयगढ़ के ग्रामीण कई वर्षो से पेयजल के संकट का सामना कर रहे थे। बैठक में लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव, पन्ना जिले के प्रभारी व आयुष मंत्री श्री रामकिशोर नानो कांवरे, जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ला, जल प्रबंधन निगम संस्थान के एमडी श्री बाला गुरु, पीएचई विभाग के ईएनसी श्री एस.के. अंधवान उपस्थित थे।

---

**नवनियुक्त अधिकारियों से मुख्यमंत्री का संवाद**

## शासकीय सेवा में चयन जीवन का दुर्लभ और सौभाग्यशाली क्षण - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** शासकीय सेवा में चयन जीवन का दुर्लभ और सौभाग्यशाली क्षण है। शासकीय सेवा जनता की सेवा का अवसर है। बेहतर काम करके दिखायें। आपके काम से आपका मान बढ़े और किसानों की भी जिन्दगी बदले। जुनून और उत्साह से काम करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने समत्व भवन में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में नव चयनित 126 वरिष्ठ उद्यान विकास और उद्यान विस्तार अधिकारियों को नियुक्ति आदेश वितरित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री बना तब प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 13 हजार थी, जो अब बढ़कर एक लाख 40 हजार रुपये हो गई है। इसमें कृषि का बड़ा योगदान है। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए फसल चक्र बदलकर बागवानी फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश को दुनिया का सबसे अच्छा राज्य बनाना मेरा जुनून है। इसके लिए केवल कृषि ही नहीं, उद्योग और व्यवसाय पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन बहुत छोटा है, इसलिए ऐसा काम करें कि लोग याद रखें। माता-पिता को भी आप पर गर्व हो। मुख्यमंत्री ने चयनित उद्यान विस्तार अधिकारियों का कहानियों और प्रसंगों से उत्साहवर्धन किया। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री श्री भरत सिंह कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में कृषि को लाभ का धंधा बनाया जा रहा है। उद्यानिकी फसलों द्वारा किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। प्रदेश को कई बार कृषि कर्मण पुरस्कार मिला है। मेरा विश्वास है कि इसी तरह उद्यानिकी के क्षेत्र में भी पुरस्कार मिलेगा। राज्य सरकार किसानों के साथ अधिकारी-कर्मचारियों की चिंता भी कर रही है। रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री का नव-चयनित उद्यान विकास और विस्तार अधिकारियों ने तालियां बजाकर अभिवादन किया।

कॅरियर की राहें

# कोविड-19 से बढ़े हैं केमिस्ट्री की नई विधाओं में कॅरियर के अवसर

बेसिक साइंस अर्थात पारंपरिक विज्ञान में केमिस्ट्री की चमक कोविड-19 के बाद और बढ़ गई है। कोरोनाकाल के बाद जिस तेजी से मेडिकल संसाधनों का उत्पादन बढ़ा है, उसमें रसायन विज्ञान का अहम योगदान है। भारत में कोविड-19 के बाद रसायन विज्ञान की अहमियत और बढ़ गई है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि अमेरिका हो या जापान, वहाँ एप्लाइड साइंस ने तरक्की की तो इसके लिए बेसिक साइंस की पहले मजबूत नींव रखी गई, तभी एप्लाइड साइंस के क्षेत्र में काम शुरू हुआ। भारत की तरक्की भी बेसिक साइंस की मजबूत नींव पर ही टिकी हुई है। आज एप्लाइड साइंस या इंटरडिसिप्लिनरी साइंस में जो भी काम हो रहे हैं, उनमें बेसिक साइंस की मजबूत नींव कहीं न कहीं जरूर है। इस रूप में केमिस्ट्री जैसे बेसिक साइंस की भी अहम भूमिका है। हमारे देश की प्रगति का आधार कहीं न कहीं केमिस्ट्री भी है। कृषि से जुड़े रसायन का मामला हो या फिर मेडिसिन के क्षेत्र में नई दवाइयों का प्रयोग, सभी कहीं न कहीं केमिस्ट्री के विशेषज्ञों द्वारा ही विकसित किए गए हैं। आज केमिस्ट्री की जरूरत पेट्रोल संबंधी उत्पादों से लेकर इंटरनेट की दुनिया तक में है।

गौरतलब है कि केमिस्ट्री विज्ञान का केंद्रीय क्षेत्र है। यह एक ओर से भौतिक शास्त्र और दूसरी ओर से बायोलॉजी को ओवरलैप करता है। केमिस्ट्री एक व्यापक विषय है। इसका संबंध माइक्रोस्कोपिक और मैक्रोस्कोपिक दोनों गुणों से है। सभी तरह के मैटीरियल्स, ऑर्गेनिक, इन ऑर्गेनिक, बायोलॉजिकल तथा हर तरह की परिवर्तक प्रक्रिया तथा ट्रांसफॉर्मेशन आदि से इसका संबंध है। हम जो कुछ भी प्राप्त करते हैं, वह केमिकल प्रोसेस से प्राप्त करते हैं। जितनी भी दवाएं हैं, वे केमिकल्स से ही बनाई गई हैं। इस तरह अधिकतर सौंदर्य प्रसाधनों में भी केमिकल प्रयोग होते हैं। आज इस विषय का हर क्षेत्र में दखल दिखलाई पड़ता है। वर्तमान में बाजार उपभोक्ता सामानों से अटा पड़ा है। चाहे कपड़े हों या जूते, तरह-तरह के पेटेंस हों या दवाई निर्माण का काम,




केमिस्ट्री की जरूरत हर जगह दिखाई पड़ती है। भवन निर्माण के कामों में भी इसकी मांग है । देखा जाए तो आज ज्यादातर उद्योग केमिस्ट्री से जुड़े छात्रों को अलग-अलग रूप में रोज़गार के अवसर प्रदान कर रहे हैं। कहीं रिसर्चर के रूप में, कहीं केमिस्ट के रूप में तो कहीं लैब के कामों के लिए।

### केमिस्ट्री में बीएससी के बाद एमएससी के विविध क्षेत्र

रसायन शास्त्र में बीएससी करने के बाद आप रसायन विज्ञान के अलावा बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफॉरमेटिक्स, नैनो-टेक्नोलॉजी, मेटीरियल साइंस व फूड टेक्नोलॉजी आदि में एमएससी कर सकते हैं। केमिस्ट्री में बीएससी करने के बाद आप एनालिटिकल, एप्लाइड, ऑर्गेनिक, इन ऑर्गेनिक, इंडस्ट्रियल, एनवायरमेंटल, मेडिसिनल, पेस्टिसाइड एंड एग्रोकेमिकल, फॉर्माकोलॉजिकल, फिजिकल, पॉलीमर, शुगर, डेयरी या टेक्सटाइल केमिस्ट्री में एमएससी कर सकते हैं। आज की जॉब मार्केट में ऐसे अनुसंधानकर्ताओं की जरूरत है, जो रासायनिक विश्लेषण इंस्ट्रूमेंटेशन में प्रशिक्षित हों। एटॉमिक एनर्जी में रिसर्च एटॉमिक रिसर्च सेंटर, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, आईआईएससी, बेंगलुरु से की जा सकती है। एटॉमिक एनर्जी और न्यूक्लियर एनर्जी का वर्तमान में जो फैलाव हो रहा है, उसके लिए मैनपावर की भारी जरूरत है। इसके अलावा विदेश में भी फैलोशिप के साथ उच्च अध्ययन के लिए जा सकते हैं। विदेश में पढ़ने के इच्छुक छात्रों को यह ध्यान में रखना होगा कि वहाँ दाखिला पाने के लिए जीआरई और टॉफेल टेस्ट पास करना होता है।

### केमिस्ट्री में कॅरियर के बहुआयामी अवसर

केमिस्ट्री में पोस्ट ग्रेजुएशन करने के उपरांत रोज़गार के रूप में सबसे बड़ा रास्ता केमिस्ट के रूप में काम करने का होता है। केमिस्ट की दवा कंपनियों से लेकर फूड इंडस्ट्री, बेवरेजेज, वाइन, टेक्सटाइल, पेस्टिसाइड और अन्य निजी कंपनियों में जरूरत पड़ती है। बतौर केमिस्ट आप आरबीआई में नोट छापने से जुड़े कामों में भी कॅरियर तलाश सकते हैं। राष्ट्रीय मानक ब्यूरो, पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग भी केमिस्ट्री के जानकारों को अपने यहां अवसर मुहैया कराते हैं। केमिस्ट्री के छात्रों को विभिन्न तरह की लैब में काम करने के ढेरों अवसर हैं। मसलन डिफेंस रिसर्च एवं डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) के देशभर में लैब हैं। अगर आप केमिस्ट्री से एमएससी या पीएचडी हैं तो साइंटिस्ट बन सकते हैं। अन्यथा केमिस्ट्री से बीएससी करने के उपरांत साइंटिफिक असिस्टेंट या अधिकारी के रूप में काम कर सकते हैं। भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन, ओएनजीसी, गेल जैसे संस्थानों में केमिस्ट्री के जानकारों की भारी मांग रहती है। सीएसआईआर की देश में कई लैब हैं, जहां रसायन शास्त्रियों को काम का अवसर मिलता है।

आज फार्मास्युटिकल कंपनियाँ हों या कॉस्मेटिक, पेय पदार्थ, ड्रग्स, लेदर, पॉलिमर, साबुन आदि उद्योग, इन सबका कारोबार पूरी तरह केमिस्ट्री से जुड़ा हुआ है। केमिकल्स को लेकर देश में तरह-तरह के प्रयोग हो रहे हैं और इसमें रोज़गार के अलग-अलग अवसर भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि आपको केमिस्ट्री की बेसिक समझ हो। यह बेसिक समझ बीएससी विथ केमिस्ट्री का कोर्स पैदा करता है। इसे करने के बाद ही आप कॅरियर के अलग-अलग पायदान चढ़ सकते हैं। अगर




जल्दी नौकरी पाना चाहते हैं तो बीएससी करके भी अपना कॅरियर संवार सकते हैं। यदि आप केमिस्ट्री में पोस्ट ग्रेजुएशन तथा रिसर्च करते हैं तो उसके बाद रोज़गार के ढेरों अवसर मौजूद हैं। इनमें अध्यापन, रिसर्च, फार्मास्युकिल कंपनियां, एनालिटिकल टेस्ट हाउस, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, एजुकेशनल फील्ड, केमिकल इंडस्ट्री, और लघु उद्योग आदि प्रमुख हैं, जहां छात्रों को सीधे-सीधे रोज़गार के अवसर मिलते हैं। आज पर्यावरण अनुकूल रसायन की बात चल रही है। इस क्षेत्र में काम करने के लिए ग्रीन केमिस्ट्री लोकप्रिय हो रही है। कुछ ऐसा ही हाल बायोकेमिस्ट्री का है, जहां विशेषज्ञता हासिल करके कॅरियर को ऊंचे मुकाम पर ले जाया जा सकता है। जिनकी केमिस्ट्री में विशेषज्ञता है, वे मैनेजमेंट तथा फार्मास्युटिकल, प्लास्टिक्स, पॉलीमर्स, पेट्रोकेमिकल, फॉरेस्ट्री, फूड प्रोसेसिंग आदि कई उद्योगों में मार्केटिंग और प्रोडक्शन का कार्य भी कर सकते हैं।

### केमिस्ट्री में कॅरियर की स्किल्स

केमिस्ट्री की पढ़ाई करते वक्त यह ध्यान रखने की जरूरत है कि उद्योग या किसी भी संस्थान में आपकी स्किल की परख की जाती है, इसलिए आपको लैबोरेटरी में काम करते वक्त केमिस्ट्री में अपनी स्किल डेवलप करनी चाहिए। केमिकल एनालिसिस यानी एनालिटिकल केमिस्ट्री में दक्ष होना चाहिए। किताबों से नई-नई जानकारी हासिल करनी चाहिए तथा वैज्ञानिक टेम्परामेंट विकसित करना चाहिए।

### केमिस्ट्री तथा उससे जुड़े विभिन्न कोर्स कहां से करें?

जो स्टूडेंट केमिस्ट्री में कॅरियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए जरूरी है कि उसके द्वारा केमिस्ट्री विषय के साथ 12वीं उत्तीर्ण की हो। वे मध्यप्रदेश सहित देश के किसी विश्वविद्यालय से केमिस्ट्री में बीएससी और उसके बाद पोस्ट ग्रेजुएशन में केमिस्ट्री की नई विधाओं में किसी को कॅरियर का आधार बना सकते हैं।

**- डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

# देश-विदेश में हीरा नगरी के नाम से प्रसिद्ध है पन्ना

पन्ना, मध्यप्रदेश के सागर संभाग का एक जिला है। इसका गठन एक नवंबर, 1956 को किया गया था। जिले की सीमा पश्चिम में छतरपुर जिले, पूर्व में सतना जिले, उत्तर में उत्तर प्रदेश राज्य, तथा दक्षिण में कटनी जिले के साथ लगती है। हीरा नगरी के नाम से प्रसिद्ध पन्ना, मध्यप्रदेश के उत्तरी भाग में स्थित है। साथ ही यह जिला प्राचीन एवं सुन्दर मंदिरों के लिए भी प्रसिद्ध है। इसी कारण इसे 'मंदिरों की नगरी' भी कहा जाता है। पुरातनकाल में पन्ना को पदमावती पुरी के नाम से जाना जाता था। यहां पर स्थित स्वामी प्राणनाथ और श्री बलदेव जी के मंदिर देश भर में प्रसिद्ध हैं। पन्ना राष्ट्रीय उद्यान में कई दुर्लभ वन्य जीव देखे जा सकते हैं। यहां मध्यप्रदेश का एकमात्र रेप्टाइल पार्क भी स्थापित किया गया है।

### इतिहास

पन्ना जिले का इतिहास समृद्ध एवं गौरवशाली है। ऐसा माना जाता है कि क्षेत्र में हजारों साल पहले भी हीरे निकाले जाते थे। पन्ना पुराऐतिहासिक नगर है, जिसका उल्लेख विष्णु पुराण और पद्म पुराण में किलकिल प्रदेश के नाम से आता है, जो वाकाटक वंश का उत्पत्ति स्थल है। नागवंश की कुलदेवी पद्मावती देवी का एक मंदिर भी किलकिला नदी के किनारे स्थित है। इस कारण इसका नाम पद्मा और बाद में परना, झिरना और फिर पन्ना हुआ।

पन्ना को 18वीं-19वीं सदी में पर्णा भी कहा जाता था, जो तत्कालीन राज्यपत्रों में उल्लेखित है। 13वीं सदी से 17वीं सदी तक इस क्षेत्र पर मुख्य रूप से गोंड जनजाति का अधिशासन था। चंदेल राजाओं ने 17वीं शताब्दी में इस क्षेत्र को अपने आधिपत्य में ले लिया था। कुछ समय बाद पन्ना का क्षेत्र बुंदेला राजपूतों के शासन के अंतर्गत आ गया था। उस समय यह राजा छत्रसाल की राजधानी था। राजा छत्रसाल ने मुगल साम्राज्य के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया था। सन् 1732 में राजा छत्रसाल की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद पन्ना का क्षेत्र उनके सबसे बड़े पुत्र हरदे शाह के शासन के अंतर्गत आ गया । पन्ना का क्षेत्र 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश भारत की एक रियासत के रूप में अस्तित्व में था। 1950 में भारत सरकार द्वारा विंध्य प्रदेश को भारत में शामिल किया गया था, जिसके बाद पन्ना भारत का एक जिला बन गया था। 1 नवंबर, 1956 को विंध्य प्रदेश को मध्यप्रदेश में शामिल किया गया था और बाद में पन्ना को सागर संभाग के अंतर्गत लाया गया।

### अर्थव्यवस्था

पन्ना जिले में गेहूं , रबी की प्रमुख फसल है। इसका वार्षिक उत्पादन करीब 336350 टन है। वहीं धान खरीफ की प्रमुख फसल है। धान को 75660 हेक्टेयर क्षेत्र में बोया जाता है । इसके अलावा उड़द और चना का उत्पादन भी बहुतायत में होता है। पन्ना जिले में बांस का उत्पादन अधिक होता है इसलिए यहां बांस उद्योग भी लगाए जा रहे हैं। अधिक आंवला उत्पादन के कारण पन्ना को आंवला जिला घोषित किया गया है। यहां कई आंवला प्रसंस्करण केंद्र संचालित हो रहे हैं। हथकरघा व बुनाई यहां के मुख्य उद्योग हैं। यहां कई मत्स्यपालन केंद्र भी हैं।

पन्ना में हीरे की महत्त्वपूर्ण खदानें हैं, जिनमें 17वीं शताब्दी से खुदाई हो रही है। यह भारत में हीरा उत्पादन करने वाला एकमात्र खदान क्षेत्र है। जिले का प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र पुरैना है।

### जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 1 नवंबर, 1956
2. संभाग- सागर
3. जिला मुख्यालय- पन्ना
4. क्षेत्रफल- 7,135 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 10,16,520 (पुरुष - 533,480, महिला - 483,040)
6. लिंग अनुपात- 905
7. जनघनत्व- 142 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता- 64.8 %
9. तहसीलें- 9 ( पन्ना, अजयगढ़, रैपुरा, गुनौर, पवई, शाहनगर, अमानगंज, देवेंद्रनगर, सिमरिया)
10. विकासखंड - 5
11. ग्राम पंचायत- 395
12. ग्राम- 1033
13. नगर परिषद- 6
14. नगर पालिका- 1
15. भाषा एवं बोली- हिन्दी , बुंदेली

**(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)**

### अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- पन्ना शहर में स्थित संगमरमर के गुंबद वाला स्वामी प्राणनाथ मंदिर, प्राणामी समुदाय का महत्वपूर्ण मंदिर है। ऐसा माना जाता है कि महामति प्राणनाथजी 11 साल तक उस स्थान पर रहे थे, जिसके बाद उन्होंने इस मंदिर के एक गुंबद के अंदर समाधि ली। मंदिर 1692 में बनाया गया था। इसकी संरचना में मुस्लिम और हिंदू स्थापत्य शैली की झलक देखने को मिलती है।
- प्राणनाथ मंदिर को 6 भागों में बांटा गया है। इस तीर्थ स्थल का मुख्य आकर्षण श्री गुम्मटजी है, जो नौ गुंबदों वाली एक गोलाकार इमारत है। इनमें से 8 गुंबद 8 दिशाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और केंद्रीय गुंबद में एक दिव्य स्वर्ण कलश पर महामति की 5 शक्तियों का प्रतीक पंजा लगा हुआ है। इसके अलावा कमानी दरवाजा एक प्रसिद्ध मंदिर द्वार है, जिसका निर्माण चांदी का उपयोग करके किया गया है। यहां शरद पूर्णिमा के मौके पर शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं।
- जुगल किशोर मंदिर, पन्ना जिले का एक विशेष मंदिर है। 1758 से 1778 के अपने शासन काल के दौरान पन्ना के चौथे बुंदेला राजा हिंदूपत सिंह ने जुगल किशोर जी मंदिर का निर्माण करवाया था। माना जाता है कि मंदिर के गर्भगृह में रखी गई मूर्ति को वृंदावन से लाया गया है। वहीं शहर का एक और प्राचीन बलदेव जी का मंदिर रोमन वास्तुकला से प्रेरित है। मंदिर में शालिग्राम पत्थर से निर्मित बलदेव जी की आकर्षक प्रतिमा स्थापित है।
- पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील में लगभग सैकड़ों साल पुराना चंदेलकालीन दुर्ग है। इस किले में 2 प्रवेश द्वार हैं, एक द्वार किले के उत्तर तथा दूसरा द्वार दक्षिण-पूर्व दिशा में है।
- देश की तीन सबसे पुरानी व बड़ी रथयात्राओं में पन्ना की रथयात्रा भी शामिल है। ओडिशा के जगन्नाथपुरी की तर्ज पर यहां आयोजित होने वाले इस भव्य धार्मिक समारोह में राजसी ठाट-बाट और वैभव की झलक देखने को मिलती है। पन्ना की यह ऐतिहासिक रथयात्रा करीब 166 वर्ष पूर्व तत्कालीन पन्ना नरेश महाराजा किशोर सिंह द्वारा शुरू कराई गई थी।
- पन्ना जिले में स्थित गाथा जलप्रपात देश का 36वां सबसे ऊँचा प्रपात है। इसकी ऊंचाई 91 मीटर(299 फीट) है। इसके साथ ही हीरा खदान मझगवां, अजयगढ़ का प्राचीन जैन मंदिर, श्री पद्मावती देवी मंदिर, राम जानकी मंदिर, कलेही मंदिर, सारंग मंदिर, नांदचांद का शंकर मंदिर, हृदय शाह का मकबरा,बकचूर वॉटर फॉल, ब्रिटिश काल में बनाया गया गंगऊ बांध, रगवां बांध, पांडव फाल, बृहस्पति कुंड आदि जिले में स्थित अन्य प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।

**- रीता मोदी**

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

ग्रीन एनर्जी की दिशा में भारत के बढ़ते कदम

# कचरे से हाइड्रोजन बनाने का पहला संयंत्र पुणे में हो रहा तैयार

आने वाले समय में देश ग्रीन हाइड्रोजन का हब बने इस दिशा में केंद्र सरकार लगातार प्रयासरत है। बजट में भी नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के लिए 19 हजार 744 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। वहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दे दी है। इस मिशन का उद्देश्य भारत को ग्रीन हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव के उत्पादन, उपयोग और निर्यात के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाना है। इस मिशन के माध्यम से प्रतिवर्ष 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन होगा। आने वाले समय में इस फैसले से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप भारत ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में ग्लोबल हब बनेगा। इस मिशन में स्वीकृत कुल राशि में से 8 लाख करोड़ रुपये का सीधा निवेश होगा। इस निवेश से ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में 6 लाख नौकरियों का सृजन होगा। साथ ही इससे 50 मिलियन टन ग्रीन हाउस उत्सर्जन को कम किया जा सकेगा।

### कचरे से हाइड्रोजन गैस

देश में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन को बढ़ावा देने की केंद्र सरकार की सकारात्मक पहल के तहत पुणे की द ग्रीन बिलियन्स लिमिटेड (TGBL) कंपनी ने हाइड्रोजन प्लांट की स्थापना के लिए बड़ी पहल दिखाई है। द ग्रीन बिलियन्स लिमिटेड कंपनी कचरे से हाइड्रोजन बनाने का पहला संयंत्र महाराष्ट्र के पुणे में लगाएगी। इसके लिए कंपनी ने पुणे नगर निगम के साथ 30 साल का करार किया है। पर्यावरण अनुकूल समाधान उपलब्ध कराने वाली यह कंपनी पुणे के कचरे को एकत्र कर इससे हाइड्रोजन गैस बनाएगी। द ग्रीन बिलियन्स लिमिटेड के अध्यक्ष के अनुसार प्रोजेक्ट के तहत कंपनी अगले साल नगर निगम के पेरीफेरी क्षेत्र से प्रतिदिन करीब 350 टन कचरा एकत्र करेगी। इससे 10 टन हाइड्रोजन का उत्पादन होगा।

इस गैस को बनाने के लिए कंपनी हडपसर इंडस्ट्रियल एस्टेट में हाइड्रोजन गैस को बनाने के लिए प्लांट की स्थापना करेगी। इस पर काम शुरू हो गया है। कचरे से हाइड्रोजन गैस बनाने का देश में यह पहला प्रयास रहेगा। प्लांट में 10 टन हाइड्रोजन के प्रोडक्शन के लिए रिएक्टर इसी साल नवंबर तक तैयार हो जाएगा। प्रोजेक्ट का पूरा काम नवंबर-2024 तक हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए कंपनी 350 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। इसके अलावा 82 करोड़ रुपये स्टोरेज और अन्य जरूरतों पर खर्च होंगे।

### भाभा एटॉमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट और IISC करेंगे मदद

द ग्रीन बिलियन्स लिमिटेड ने कचरे के सही उपयोग के लिए भाभा एटॉमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु से करार किया है। कंपनी इनकी सहायता से कचरे में बायोडिग्रेडेबल, नॉन-बायोडिग्रेडेबल और खतरनाक अपशिष्ट को अलग कर उनके उपयोग पर काम करेगी। ऑप्टिकल सेंसर के उपयोग से कचरे में से ग्रीन बिलियंस को अलग कर उसका भी उपयोग किया जाएगा। संयंत्र से निकलने वाले गीले कचरे का उपयोग ह्यूमिक-एसिड के साथ बायो फर्टीलाइजर के उत्पादन के लिए किया जाएगा, जो पारम्परिक बायो फर्टीलाइजर से बेहतर साबित होगा। यह कार्बन के उत्सर्जन को भी कम करने में सहायक बनेगा।

### 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन का लक्ष्य

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रीन हाउस गैसों, विशेष रूप से कार्बन के उत्सर्जन में कटौती को सुनिश्चित करने वाले फैसलों को हाल में मंजूरी दी है। उन्होंने साल 2021 के स्वतंत्रता दिवस पर इस मिशन की घोषणा की थी। भारत का लक्ष्य 2030 तक प्रति वर्ष 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। इस प्रोत्साहन योजना से इसके दाम को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही देश की साख भी बढ़ेगी। देश में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 19 हजार 744 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई। राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन नाम की इस योजना से वर्ष 2070 तक शून्य उत्सर्जन के देश के लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने हाल में कहा था कि हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है और इसे नगर निगम के कचरे से प्राप्त किया जा सकता है।

### भारत में चलेंगी 'हाइड्रोजन ट्रेन'

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेलवे हाइड्रोजन ट्रेन चलाने जा रहा है। रेलवे ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि अब भारत में 'हाइड्रोजन ट्रेन' चलेंगी। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे दिसंबर 2023 तक अपने नैरो गेज विरासत मार्गों पर हाइड्रोजन ट्रेनें चलाएगा। हाइड्रोजन ट्रेन पूरी तरह से भारत में डिजाइन और निर्मित होंगी। पहले यह कालका-शिमला जैसे हेरिटेज सर्किट पर चलेंगी और बाद में अन्य स्थानों पर इसका विस्तार किया जाएगा।

### भारत में पहली हरित हाइड्रोजन मिश्रण परियोजना

एनटीपीसी लिमिटेड ने भारत की पहली हरित हाइड्रोजन मिश्रण परियोजना की शुरुआत की है। यह परियोजना एनटीपीसी और गुजरात गैस लिमिटेड (GGL) का संयुक्त प्रयास है। एनटीपीसी और जीजीएल ने 30 जुलाई, 2022 को प्रधानमंत्री द्वारा आधारशिला रखे जाने के बाद रिकॉर्ड समय में इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त करने की दिशा में लगातार काम किया है। नियामक निकाय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (PNGRB) ने PNG के साथ ग्रीन हाइड्रोजन के 5 प्रतिशत वॉल्यूम मिश्रण के लिए मंजूरी दे दी है और मिश्रण स्तर को चरण के अनुसार 20 प्रतिशत तक पहुंचाया जाएगा।

भारत की पहली हरित हाइड्रोजन मिश्रण परियोजना की शुरुआत गुजरात के कवास टाउनशिप में शुरू हुई है और यह पूरी तरह से एच2-एनजी (प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति करने के लिए तैयार है। बिजली उत्पादक एनटीपीसी लिमिटेड ने पाइप के जरिए घरों में आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) में हाइड्रोजन को मिलाया है। मिश्रण अभियान शुरू होने के बाद एनटीपीसी कवास ने जीजीएल अधिकारियों के सहयोग से टाउनशिप निवासियों के लिए जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन भी किया।

### हरित हाइड्रोजन मिश्रण परियोजना का महत्व

वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों में हरित और नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग काफी महत्वपूर्ण है। ऐसे में हरित हाइड्रोजन मिश्रण परियोजना का उपयोग ऊर्जा के क्षेत्र में नवीन और उभरते हुए विकल्पों की खोज करने की दिशा में मददगार साबित होगा। हरित हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस के साथ मिलाए जाने पर ग्रीन हाइड्रोजन शुद्ध हीटिंग सामग्री को समान रखते हुए कार्बन उत्सर्जन को कम करेगा। इसके अलावा यह स्वच्छ ऊर्जा का स्रोत है क्योंकि इसे सौर तथा पवन ऊर्जा जैसी अक्षय ऊर्जा का इस्तेमाल करके बनाया जाता है।

### हरित हाइड्रोजन ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मददगार

भारत दुनिया का तीसरा सबसे अधिक ऊर्जा खपत करने वाला देश, जहां लगातार ऊर्जा की मांग बढ़ रही है। हरित हाइड्रोजन को स्वच्छ ऊर्जा के संभावित स्रोत के रूप में देखा जा रहा है और इसे भविष्य का ईंधन भी कहा जा रहा है। भारत ने इस दशक के अंत तक 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इससे देश में ऊर्जा का यह टिकाऊ संसाधन जीवाश्म ईंधन का विकल्प बनेगा। ऊर्जा आत्मनिर्भरता की इस यात्रा में सौर और पवन ऊर्जा के साथ हाइड्रोजन ऊर्जा की विशेष भूमिका होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी हरित हाइड्रोजन के महत्व पर कहा था अर्थव्यवस्था में प्राकृतिक गैस का उपयोग बढ़ाना जरूरी है, पूरे देश में सीएनजी और पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिये नेटवर्क का जाल बिछाने पर काम करना होगा।

### कुछ देशों के पास ही है यह उपलब्धि

भारत के अलावा यह उपलब्धि केवल ब्रिटेन, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया जैसे कुछ गिने-चुने देशों के पास है। इस उपलब्धि के चलते भारत वैश्विक हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के केंद्र में आएगा, जिसके कारण भारत न केवल अपने हाइड्रोकार्बन आयात बिल को कम करेगा बल्कि विश्व में हरित हाइड्रोजन तथा हरित रसायन निर्यातक बनकर विदेशी मुद्रा भी अर्जित करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नवीकरणीय ऊर्जा मिश्रण में हाइड्रोजन जैसी नवीकरणीय प्रौद्योगिकियों के महत्व का उल्लेख किया था और इसे आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 2021-22 के बजट में राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन को भी लॉन्च किया था, जिसका उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करना और हाइड्रोजन ऊर्जा, रणनीति और दृष्टिकोण की दिशा में सरकार के दृष्टिकोण, और दिशा को निर्धारित करना है। वर्ष 2050 तक हाइड्रोजन ऊर्जा का बाजार 2.5 खरब डॉलर का होगा।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण सामान्य ज्ञान - खेल

**1. भारत ने टोक्यो ओलिंपिक-2020 में कितने पदक जीते थे?**
(अ) चार (ब) छह
(स) सात (द) दस

**2. इनमें से किस खिलाड़ी के नाम आईपीएल में एक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है?**
(अ) शॉन मार्श
(ब) विराट कोहली
(स) गौतम गंभीर
(द) डेविड वॉर्नर

**3. नोवाक जोकोविच ने कितने बार ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीता है?**
(अ) 10 बार (ब) 11 बार
(स) 12 बार (द) इनमें से कोई नहीं

**4. किस क्लब ने सबसे ज्यादा बार यूएफा चैम्पियंस लीग का खिताब जीता है?**
(अ) बायर्न म्युनिख
(ब) एसी मिलान
(स) रियल मैड्रिड (द) लिवरपूल

**5. वर्ष 2022 में मैड्रिड ओपन में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं?**
(अ) राफेल नडाल
(ब) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(स) स्टेफानोस सितसिपास
(द) कार्लोस एलकारेज

**6. टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में 10 विकेट लेने वाले विश्व के पहले गेंदबाज हैं?**
(अ) जिम लेकर
(ब) अनिल कुंबले
(स) एजाज पटेल
(द) केशव महाराज

**7. जॉर्डन पिकफोर्ड किस देश की फुटबॉल टीम के गोलकीपर हैं?**
(अ) बेल्जियम (ब) इंग्लैंड
(स) मैक्सिको (द) सेनेगल

**8. ग्रैंड मास्टर टर्म का उपयोग किस खेल में होता है?**
(अ) शतरंज (ब) टेनिस
(स) टेबल टेनिस (द) जिम्नास्टिक

**9. क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में एक पारी में पांच विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं?**
(अ) रवीन्द्र जडेजा
(ब) मोहम्मद शमी
(स) आर.पी. सिंह
(द) कुलदीप यादव

**10. इस वर्ष महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप किस शहर में आयोजित होगी?**
(अ) इस्तांबुल (ब) ताशकंद
(स) नई दिल्ली (द) बेलग्रेड

**11. भारत ने कितनी बार सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) दो बार (ब) तीन बार
(स) चार बार
(द) इनमें से कोई नहीं

**12. वर्ष 2024 में किस देश में आईसीसी अंडर-19 वर्ल्डकप खेला जायेगा?**
(अ) भारत (ब) बांग्लादेश
(स) श्रीलंका (द) मलेशिया

**13. भारत ने ओलिंपिक खेलों में हॉकी में पहली बार स्वर्ण पदक किस वर्ष जीता था?**
(अ) वर्ष 1920 (ब) वर्ष 1928
(स) वर्ष 1932 (द) वर्ष 1936

**14. इस वर्ष भारत दौरे पर आई ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान हैं?**
(अ) डेविड वॉर्नर (ब) स्टीव स्मिथ
(स) ट्रेविस हेड (द) पैट कमिंस

**15. वर्ष 2007 में किस देश में पहला आईसीसी ट्वेंटी-20 वर्ल्डकप खेला गया था?**
(अ) द. अफ्रीका (ब) भारत
(स) बांग्लादेश (द) वेस्टइंडीज

**16. मिकाइला शिफरिन किस खेल में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) टेनिस (ब) जिम्नास्टिक
(स) बैडमिंटन (द) स्की

**17. वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप-2022 में महिलाओं की 100 मीटर दौड़ की विजेता थीं?**
(अ) शैली फ्रेसर प्राइस
(ब) इलिन थॉम्पसन
(स) शेरिका जैक्सन
(द) इनमें से कोई नहीं

**18. विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा का मुख्यालय किस शहर में है?**
(अ) लंदन (ब) ज्यूरिख
(स) लिस्बन (द) पेरिस

**19. दीपक पूनिया किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) कुश्ती (ब) हॉकी
(स) कबड्डी (द) जूडो

**20. रॉबर्ट लेवानडोवस्की किस क्लब के लिए फुटबॉल खेलते हैं?**
(अ) लिवरपूल
(ब) रियल मैड्रिड
(स) बार्सिलोना
(द) बायर्न म्युनिख

**21. एमसी मैरीकॉम ने बॉक्सिंग वर्ल्ड चैम्पियनशिप में कितनी बार स्वर्ण पदक जीते हैं?**
(अ) तीन बार (ब) चार बार
(स) छह बार (द) इनमें से कोई नहीं

**22. किस देश के नाम सबसे ज्यादा बार फीफा महिला विश्वकप जीतने का रिकॉर्ड है?**
(अ) इंग्लैंड (ब) जर्मनी
(स) ब्राजील (द) अमेरिका

**23. भारत में आखिरी बार एशियाई खेल कब खेले गये थे?**
(अ) वर्ष 1982 (ब) वर्ष 1986
(स) वर्ष 1990
(द) इनमें से कोई नहीं

**24. लियोनेल मेसी ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में कितने गोल दागे हैं?**
(अ) 81 (ब) 88
(स) 94 (द) 98

**25. यूएस ओपन-2017 में महिला एकल वर्ग में चैम्पियन बनी थीं?**
(अ) सेरेना विलियम्स
(ब) मेडिसन कीज
(स) स्लोएन स्टीफंस
(द) एमा राडूकानू

**उत्तर**

1. (स), 2. (ब), 3. (अ), 4. (स), 5. (द), 6. (अ), 7. (ब), 8. (अ), 9. (द), 10. (स), 11. (ब), 12. (स), 13. (ब), 14. (द), 15. (अ), 16. (द), 17. (अ), 18. (ब), 19. (अ), 20. (द), 21. (स), 22. (द), 23. (अ), 24. (द), 25. (स)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

# खेल चर्चा

### खिलाड़ियों का चिकित्सा बीमा कराएगा आईओए

**नई दिल्ली,** भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर चुके खिलाड़ियों को चिकित्सा बीमा प्रदान कराएगा। आईओए की कार्यकारी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि ऐसे संभावित खिलाड़ी जो भविष्य में पदक जीत सकते हैं उन्हें भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। आईओए ने कहा कि खिलाड़ियों को चिकित्सा बीमा सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

### मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के लिये भारतीय दल घोषित

**नई दिल्ली,** भारतीय मुक्केबाजी संघ ने आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के लिए भारतीय दल की घोषणा कर दी है। टोक्यो ओलिंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत जरीन चैम्पियनशिप में भारतीय दल का नेतृत्व करेंगी। भारतीय दल में लवलीना और निकहत के अलावा नीतू घंघास, साक्षी चौधरी, शशि चोपड़ा, मंजू बम्बोरिया, प्रीति, मनीषा मौन, जैस्मिन लैम्बोरिया, सनामाचा चानू , स्वीटी बूरा और नूपुर श्योराण को जगह मिली है।

### अलकराज को हराकर नॉरी ने जीता रियो ओपन

**रियो डि जेनेरियो,** ब्रिटेन के युवा टेनिस स्टार कैमरन नॉरी ने रियो ओपन टेनिस खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में नॉरी ने स्पेन के कार्लोस अलकराज को 5-7, 6-4, 7-5 से हराया। रियो ओपन के फाइनल में पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें अलकराज ने 7-5 से जीत दर्ज की। दूसरे सेट में भी एक समय नॉरी 0-3 से पीछे थे। इसके बाद नॉरी ने बेहतरीन पलटवार किया और सेट 6-4 से अपने नाम किया। मैच का तीसरा सेट निर्णायक और रोमांचक साबित हुआ। इस रोमांचक सेट को नॉरी ने 7-5 से जीत कर खिताब पर कब्जा जमाया।

आईसीसी महिला ट्वेटी-20 विश्व कप

# ऑस्ट्रेलिया छठवीं बार बना चैम्पियन

**केपटाउन,** ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने विश्व क्रिकेट में अपना दबदबा कायम रखा है। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने छठवीं बार आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप का खिताब अपने नाम किया है। पहली बार आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप का फाइनल खेल रही दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया और ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी।

फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एलिसा हीली और बेथ मूनी ने ऑस्ट्रेलिया को मजबूत शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए पांच ओवरों में 36 रन जोड़े। हीली 18 रन बनाकर मेरिजन केप का शिकार बनीं। हीली के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम की रनगति कम हो गई, हालांकि मूनी ने एश्ले गार्डनर के साथ मिलकर पारी को संभाला और 46 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। गार्डनर ने 29 रन बनाये जबकि मूनी एक छोर पर टिकी रहीं और नाबाद 74 रनों की पारी खेली। इसके अलावा ग्रेस हैरिस और कप्तान मेग लेनिंग ने 10-10 रनों का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों की कसी गेंदबाजी के चलते ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 156 रन ही बना सकी।



- **ऑस्ट्रेलिया के नाम सबसे ज्यादा बार आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप जीतने का रिकॉर्ड दर्ज है।**
- **इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2010, 2012, 2014, 2018 और 2020 में भी जीता था ये खिताब।**
- **इंग्लैंड वर्ष 2009 और वेस्टइंडीज वर्ष 2016 में बन चुका है महिला ट्वेंटी-20 चैम्पियन।**
- **बतौर कप्तान मेग लेनिंग की ये पांचवीं आईसीसी ट्रॉफी है।**
- **ऑस्ट्रेलियाई टीम सात बार आईसीसी वन-डे विश्वकप भी जीत चुकी है।**
- **ऑस्ट्रेलिया ने राष्ट्रमंडल खेल-2022 में क्रिकेट में भी स्वर्ण पदक जीता है।**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरुआत खराब रही। 54 रन के स्कोर तक टीम की 3 बल्लेबाज पवेलियन लौट गईं, लेकिन सलामी बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट एक छोर पर टिकी रहीं। वोल्वार्ट ने 61 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। वोल्वार्ट जब तक क्रीज पर थीं, तब तक दक्षिण अफ्रीका को जीत की उम्मीद थी। 16वें ओवर में वोल्वार्ट के आउट होने के बाद टीम की उम्मीद टूट गई। वोल्वार्ट के अलावा कोल ट्रायोन (25) ने भी साहसिक पारी खेली, लेकिन वे टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा पाईं। दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 137 रन ही बना सकी और 19 रन से मैच हार गई।

### आईपीएल में नहीं खेल सकेंगे जसप्रीत बुमराह

**मुंबई,** चोट के कारण भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब आईपीएल के आगामी सत्र से भी बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने बताया कि नेशनल क्रिकेट अकादमी का मेडिकल स्टाफ बुमराह की चोट पर नजर बनाए हुए है। बुमराह की चोट में सुधार नहीं हो रहा है, ऐसे में मेडिकल टीम ने उन्हें सर्जरी का सुझाव दिया है। बुमराह को ठीक होने में 4 से 5 महीने का समय लग सकता है। ऐसे में बुमराह आईपीएल के अलावा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल से भी बाहर हो गए हैं।

### बारबोरा क्रेजिकोवा ने जीती दुबई टेनिस चैम्पियनशिप

**दुबई,** चेक गणराज्य की अनुभवी महिला टेनिस खिलाड़ी बारबोरा क्रेजिकोवा ने दुबई टेनिस चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। क्रेजिकोवा ने टूर्नामेंट के फाइनल में विश्व की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वितेक को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से हराया। फाइनल मुकाबले में स्वितेक को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन क्रेजिकोवा के शानदार खेल के सामने स्वितेक लय में नजर नहीं आयीं। पहले सेट में स्वितेक ने क्रेजिकोवा को टक्कर देने की कोशिश की, लेकिन दूसरे सेट में क्रेजिकोवा ने स्वितेक को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। बारबोरा क्रेजिकोवा ने पहली बार यह टूर्नामेंट जीता है। क्रेजिकोवा वर्ष 2021 में भी इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थीं।

## मैनचेस्टर ने छठवीं बार जीता लीग कप

**लंदन,** इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लीग कप का खिताब अपने नाम किया है। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने छठवीं बार यह टूर्नामेंट जीता है। लंदन के वेम्बले स्टेडियम में खेले गए लीग कप के फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने न्यूकैसल यूनाइटेड को 2-0 से हराया। मैनचेस्टर ने वर्ष 2017 के बाद कोई खिताब जीता है। मैनचेस्टर ने वर्ष 2017 में यूरोपा लीग जीती थी। मैनचेस्टर ने वर्ष 1992, 2006, 2009, 2010 और 2012 में भी यह खिताब जीता है।

न्यूकैसल यूनाइटेड ने पिछले छह दशकों में एक भी बड़ी ट्रॉफी नहीं जीती है। न्यूकैसल के पास इस बार खिताब जीतने का अवसर था, लेकिन फाइनल मुकाबले में टीम जीत दर्ज नहीं कर पाई। फाइनल मुकाबले में मैनचेस्टर और न्यूकैसल के खिलाड़ियों के बीच बेहतरीन भिड़ंत देखने को मिली। मैच में बॉल पोजीशन के मामले में न्यूकैसल (62 प्रतिशत) आगे रहा, जबकि शॉट ऑन टारगेट के मामले में मैनचेस्टर आगे रहा। मैच में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने आक्रामक खेल दिखाया। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने दोनों गोल पहले हाफ में कर बढ़त बना ली थी। मैच के 33वें मिनट में कैसेमिरो ने गोल किया, जबकि 39वें मिनट में मार्कस रेशफोर्ड ने गोल कर मैनचेस्टर की बढ़त दोगुनी कर दी।

मैच में मैनचेस्टर से पिछड़ने के बाद न्यूकैसल के खिलाड़ियों ने दूसरे हाफ में मैनचेस्टर के ऊपर लगातार अटैक किए, लेकिन वे अंत तक मैनचेस्टर यूनाइटेड की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदने में नाकाम रहे। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने 2-0 से मैच और खिताब अपने नाम किया।

## न्यूजीलैंड ने फॉलोऑन के बावजूद इंग्लैंड को दी मात

**वेलिंग्टन,** न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच वेलिंग्टन में खेला गया सीरीज का दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच क्रिकेट के इतिहास के सबसे रोमांचक टेस्ट मैच में दर्ज हो गया है। न्यूजीलैंड ने इस मैच को फॉलोऑन खेलने के बावजूद एक रन से जीतकर इतिहास रच दिया है।

मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 435 रन बनाकर पारी घोषित की। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक ने 186 और जो रूट ने 153 रनों की शतकीय पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम के 7 विकेट महज 103 रन के भीतर गिर गये। इसके बाद कप्तान टिम साउथी ने मोर्चा संभाला और टीम को 209 तक पहुंचाया। साउथी ने 49 गेंदों में 73 रन बनाये। पहली पारी में 226 रनों की बढ़त हासिल करने के बाद इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को फॉलोऑन खिलाया। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और 483 रन बनाये।

इंग्लैंड को दूसरी पारी में जीत के लिए 258 रनों का लक्ष्य मिला, लेकिन इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गई। इंग्लैंड की टीम के 5 विकेट 80 रन पर गिर गए। इसके बाद जो रूट ने बेन स्टोक्स के साथ पारी को संभाला, लेकिन इन दोनों के आउट होते ही मैच रोमांचक हो गया। अंतत: नील वैग्नर ने जेम्स एंडरसन को आउट कर न्यूजीलैंड को एक रन से यादगार जीत दिलाई।

कतर ओपन

## डेनिल मेदवेदेव बने चैम्पियन

**दोहा,** रूस के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव ने कतर ओपन का खिताब जीत लिया है। मेदवेदेव ने टूर्नामेंट के फाइनल में ब्रिटेन के एंडी मरे को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। पहली बार कतर ओपन में खेल रहे मेदवेदेव ने एंडी मरे के खिलाफ जबरजस्त खेल दिखाया।

मेदवेदेव ने पहले सेट में आक्रामक शुरुआत की और 4-1 से बढ़त ली। इसके बाद मरे ने भी लगातार अंक अर्जित कर बराबरी की कोशिश की, लेकिन मेदवेदेव ने 2 और अंक लेकर पहला सेट 6-4 से जीत लिया। दूसरे सेट में भी मेदवेदेव ने मरे पर दबाव बनाया, हालांकि मरे ने भी शानदार खेल दिखाते हुए वापसी के कई प्रयास किए, लेकिन वे मेदवेदेव को खिताब जीतने से रोक नहीं पाये।

टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी ने जीता। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने फाइनल में फ्रांस के कॉन्स्टेंट लेस्टिएन और नीदरलैंड्स के बोटिक वान डि जैंड्स्कल्प की जोड़ी को कड़े मुकाबले में 6-7, 6-4, 10-6 से हराकर खिताब पर कब्जा किया।



- **मेदवेदेव के टेनिस कॅरियर का ये 17वां एटीपी खिताब है।**
- **वर्ष 2008 और 2009 में एंडी मरे बने हैं कतर ओपन के चैम्पियन।**

फीफा अवॉर्ड्स

## मेसी बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर

**पेरिस,** फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा ने सलाना अवॉर्ड घोषित कर दिये हैं। फीफा ने वर्ष 2022 में अर्जेंटीना को विश्वकप जिताने वाले कप्तान लियोनल मेसी को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर घोषित किया है। मेसी ने फ्रांस के करीम बेंजेमा और किलियन एम्बाप्पे को पछाड़कर यह अवॉर्ड हासिल किया है। मेसी ने फीफा विश्वकप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को खिताब दिलाया। मेसी को विश्वकप में गोल्डन बॉल अवॉर्ड से भी नवाजा गया था। मेसी ने विश्वकप में 7 गोल किए हैं।

फीफा ने कहा कि फीफा के सदस्य देशों के कप्तानों, कोच और चुनिंदा पत्रकारों के वैश्विक पैनल ने मेसी, एम्बाप्पे और बेंजेमा का नाम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए शॉर्टलिस्ट किया था। इस पुरस्कार के लिए मेसी को 52, एम्बाप्पे को 44 और बेंजेमा को 34 अंक मिले।



- **अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी कोच ऑफ द ईयर चुने गये।**
- **अर्जेंटीना के फैंस को बेस्ट फैंस का अवॉर्ड दिया गया।**
- **मेसी ने सात बार बेलोन डि ओर पुरस्कार जीता है।**

### मार्टिनेज बने सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर

फीफा ने अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के पुरस्कार से नवाजा है। मार्टिनेज ने फीफा विश्वकप के फाइनल में बेहतरीन गोलकीपिंग की और पेनाल्टी शूटआउट में गोल रोककर खिताब जीतने में अहम योगदान दिया था। इनके अलावा अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कालोनी को सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच चुना गया है।

### महिला वर्ग में पुटेलस बनीं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

फीफा ने स्पेन की स्टार फुटबॉलर एलेक्सिया पुटेलस को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना है। पुटेलस ने पिछले वर्ष भी यह पुरस्कार अपने नाम किया था। इस पुरस्कार के लिए पुटेलस ने इंग्लैंड की बेथ मीड और अमेरिका की एलेक्स मॉर्गन को पीछे छोड़ा। पुटेलस के अलावा इंग्लैंड की मैरी अर्प्स को सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर तथा सरिना वीगमैन को सर्वश्रेष्ठ महिला कोच चुना गया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

# सामयिकी

कर्नाटक दौरा

# सच्चा विकास तब होता है जब सच्ची नीयत से काम किया जाता है - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के बेलगावी में 2,700 करोड़ रुपये और शिवमोग्गा में 3,600 करोड़ रुपये से अधिक

- **शिवमोग्गा में हवाई अड्डे और 44 स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का उद्घाटन।**
- **पीएम-किसान के अंतर्गत 16,000 करोड़ रुपये की किस्त जारी।**
- **प्रधानमंत्री ने कहा अच्छी कनेक्टिविटी वाला बुनियादी ढांचा पूरे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा करने वाला है।**

लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने शिवमोग्गा में दो रेल परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी जिसमें शिवमोग्गा-शिकारीपुरा-रानीबेन्नूर नई रेलवे लाइन और कोटेगांगुरु रेलवे कोचिंग डिपो शामिल हैं। उन्होंने 215 करोड़ रुपये से अधिक की संचयी लागत से विकसित की जाने वाली कई सड़क विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन के तहत 950 करोड़ रुपये से अधिक लागत की बहु-ग्राम योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने पुनर्विकसित बेलगावी रेलवे स्टेशन का भवन राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत छह बहु-ग्राम परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।



बेलगावी में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का बदलता भारत वंचितों को प्राथमिकता देते हुए एक के बाद एक विकास परियोजनाओं को पूरा कर रहा है। उन्होंने जिक्र किया कि वर्तमान सरकार की प्राथमिकता छोटे किसान हैं। उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से अब तक छोटे किसानों के खातों में 2.5 लाख करोड़ रुपये जमा किए जा चुके हैं, जिसमें से 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि महिला किसानों के खातों में जमा की जा चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा, ये पैसा किसानों की छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण जरूरतों का ख्याल रख रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इस साल के बजट में वर्तमान चिंताओं के साथ-साथ कृषि की भविष्य की जरूरतों को भी संबोधित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज की जरूरत भंडारण और खेती में लागत कम करने, व छोटे किसानों को संगठित करने की है। इसलिए ये बजट भंडारण सुविधाओं पर जोर देता है और सहकारी समितियों पर ध्यान केंद्रित करता है। इसी तरह प्राकृतिक खेती पर ध्यान देने से किसान को लागत कम आएगी। उन्होंने कहा कि पीएम प्रणाम योजना जैसे उपायों से उर्वरकों पर खर्च में और कमी आएगी। प्रधानमंत्री ने कहा, "सच्चा विकास तब होता है जब सच्ची नीयत से काम किया जाता है"।

शिवमोग्गा में प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक का विकास प्रगति पर है। प्रधानमंत्री ने सरकार की उन नीतियों के बारे में भी विस्तार से बताया जिनके कारण विमानन क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नया हवाई अड्डा प्रकृति, संस्कृति और कृषि की भूमि शिवमोग्गा के लिए विकास के नए द्वार खोलने जा रहा है। शिवमोग्गा की सांस्कृतिक समृद्धि और विशिष्टता के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्रकवि कुवेम्पु और दुनिया के एकमात्र जीवित संस्कृत गांव मत्तूर और शिवमोग्गा में आस्था के कई केंद्रों का उल्लेख किया। उन्होंने इस्सुरु गांव के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान का भी जिक्र किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि यह भारत का अमृत काल है, विकसित भारत बनाने का समय है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि ऐसा अवसर दस्तक दे रहा है कि वैश्विक मंच पर भारत की आवाज सुनी जा रही है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के निवेशक भारत में निवेश करना चाहते हैं और इससे कर्नाटक और यहां के युवाओं को भी लाभ होगा। अपने संबोधन का समापन करते हुए प्रधानमंत्री ने सभी को आश्वासन दिया कि कर्नाटक के विकास के लिए यह अभियान और गति पकड़ेगा। हमें एक साथ चलना होगा, हमें एक साथ आगे बढ़ना है।

मिशन चंद्रयान - 3

## क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को मिशन चंद्रयान-3 के तहत बड़ी सफलता मिली है। उसने सीई-20



क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण किया। यह चंद्रयान-3 के लिए लॉन्च यान के ऊपरी चरण को मजबूती देगा। परीक्षण तमिलनाडु के महेंद्रगिरी में इसरो प्रपल्शन कॉम्प्लेक्स की हाई एल्टीट्यूड टेस्ट फैसिलिटी में किया गया। इसरो ने एक बयान में बताया कि परीक्षण के दौरान सभी मानक संतोषजनक पाए गए। क्रायोजेनिक इंजन को बाद में प्रापेलेंट टैंक, स्टेज स्ट्रक्चर्स और संबंधित फ्लूइड लाइनों से जोड़ा जाएगा।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर नए सिरे से विचार की जरूरत - लिज ट्रस

ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर नये सिरे से विचार करने की आवश्यकता पर जोर दिया

- **ट्रस ने कहा, हमें लड़ाकू विमान (यूक्रेन के लिए) भेजने की जरूरत है। हमें वहां जल्द ही टैंक भेजने चाहिए। यह युद्ध केवल तभी समाप्त होगा, जब यूक्रेन मजबूत होगा।**
- **विश्व निकाय में भारत की व्यापक भूमिका का समर्थन किया।**

और विश्व निकाय में भारत की व्यापक भूमिका का समर्थन किया।

एबीपी नेटवर्क के 'आइडियाज ऑफ इंडिया समिट' में जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता दी जानी चाहिए तो ट्रस ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें सुरक्षा परिषद पर नये सिरे से विचार करने की आवश्यकता है। अब हम एक ऐसी स्थिति में हैं जहां सुरक्षा परिषद के पांच सदस्यों में से एक नाजायज



युद्ध (यूक्रेन में) में शामिल है।' उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की व्यापक भूमिका का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का यूक्रेन में युद्ध पर कोई निर्णायक प्रभाव नहीं था।

ट्रस ने कहा कि भारत अगले कुछ वर्षों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं देख रही हूं कि भारत में नया बुनियादी ढांचा बनाया जा रहा है, उद्योग विकसित किए जा रहे हैं और नए निवेश किये जा रहे हैं।

## तुर्किये में एक बार फिर आया तेज भूकंप

तुर्किये के दक्षिणी हिस्से में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे कुछ इमारतें जमींदोज हो गईं। एक अधिकारी ने यह

- **येसिलर्ट के महापौर मेहमत सिनार ने 'हैबरटर्क टेलीविजन' को बताया कि कस्बे में कुछ इमारतें ढह गई हैं।**
- **मालत्या तुर्किये के उन 11 प्रांतों में शामिल था, जो 7.8 तीव्रता के भूकंप से बुरी तरह प्रभावित हुए थे।**

जानकारी दी। किसी के हताहत होने के बारे में अभी तक कोई सूचना नहीं मिली है। तीन सप्ताह पहले शक्तिशाली भूकंप से तुर्किये-सीरिया क्षेत्र में भीषण तबाही हुई थी। देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने कहा है कि भूकंप मालत्या प्रांत के येसिलर्ट शहर में केंद्रित था।

छह फरवरी को आए भूकंप से दक्षिणी तुर्किये और उत्तरी सीरिया के कुछ हिस्सों में भारी तबाही हुई। भूकंप से अब तक दोनों देशों में 48,000 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और तुर्किये में 1,73,000 इमारतों को गंभीर नुकसान पहुंचा।

जी-20 के

## वित्त मंत्रियों से ऋण संकट का समाधान खोजने का आह्वान – गुटेरेस

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बेंगलुरु में जी-20 के वित्त मंत्रियों की बैठक में अंतर्राष्ट्रीय विकास

- **संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, हमें लगता है कि जी20 में भारत की अध्यक्षता बहुत महत्वपूर्ण है और हम इसके लिए तत्पर हैं।**
- **जी-20 प्रमुख औद्योगीकृत और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का समूह है, जिसका नेतृत्व इस वर्ष भारत कर रहा है।**

बैंकों में सुधार के लिए साहसिक कदम उठाने और कई विकासशील देशों के सामने कर्ज संकट को हल करने के तरीके खोजने का आह्वान किया। यह जानकारी गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दी। दुजारिक ने कहा, महासचिव जी-20 के वित्त मंत्रियों से बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार के अपने प्रयासों में और ऋण राउंडटेबल के माध्यम से ऋण चुनौतियों



का समाधान खोजने के प्रयास में बोल्ड होने का आह्वान करते हैं।

वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्थाएं कोविड महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित हुई। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से ऊर्जा और खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ गईं।

ज्ञात रहे कि महासभा के समक्ष वर्ष के लिए अपनी प्राथमिकताओं को रखते हुए, गुटेरेस ने ऋण संकट को तत्काल ध्यान देने वाली समस्याओं में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया और एक नई ऋण संरचना का आह्वान किया, जिसमें मध्य-आय सहित कमजोर देशों के लिए ऋण राहत और पुनर्गठन शामिल है।

# जापान के सम्राट ने युद्ध झेल रहे लोगों की पीड़ा पर दुःख जताया

जापान के सम्राट नारूहितो ने अपने 63वें जन्मदिन पर जारी किए गए बयान में दुनियाभर में चल रहे संघर्षों में लोगों की पीड़ा पर गहन दुख व्यक्त किया और संवाद एवं सहयोग की महत्ता पर जोर दिया।

नारूहितो ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का एक साल पूरा होने से कुछ दिन पहले



सधे हुए शब्दों में की टिप्पणियों में किसी देश का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि युद्ध और संघर्षों से प्रभावित कई लोग मारे गए, घायल हुए और उन्हें बेघर होना पड़ा जबकि अन्य लोग दमन, गरीबी और पूर्वाग्रह के शिकार बने।

उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि सभी लोगों के शांतिपूर्वक और पीड़ामुक्त जीवन जीने के लिए प्रत्येक देश को न केवल अपने बारे में सोचना चाहिए बल्कि समस्याओं को हल करने में सहयोग और मतभेदों को दूर करने के लिए बातचीत करनी चाहिए।''

नारूहितो ने 2019 में राजगद्दी संभालने के बाद से पहली बार उनका जन्मदिन मनाने के लिए महल में एकत्रित हुए शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। महामारी के कारण तीन साल तक यह कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सका था।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार*

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- पुष्पेन्द्र पाल सिंह।